राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 47, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली रविवार 03 सितम्बर 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

**मुख्य अपडेट**

दहेज उत्पीड़न या दुष्कर्म के झूठे आरोप अत्यधिक क्रूरता की श्रेणी में : हाईकोर्ट .... पेज 03

घोसी का विकास नहीं, खुद का विकास रहा है विपक्ष का एजेंडा : सीएम योगी .... पेज 05

यूक्रेन को कम रेडियोएक्टिव यूरेनियम वाले गोला-बारूद देगा अमेरिका .... पेज 07

## मणिपुर हिंसा में बीते 4 दिन में हुई 12 और मौतें

### मैरी कॉम ने अमित शाह को पत्र लिखा; कहा- कोम जनजाति को बचाएं

इंफाल। मणिपुर के चुराचांदपुर और बिष्णुपुर जिलों के बॉर्डर पर बफर जोन में अब भी हिंसा जारी है। यह 29 अगस्त को दोबारा भड़की थी। बीते चार दिनों में 12 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 18 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। दोनों जिलों में आर्मी को तैनात किया गया है। अभी यहां के बफर जोन में CRPF और असम राइफल्स तैनात थी।



वहीं, पूर्व वर्ल्ड चैम्पियन मुक्केबाज और पद्मविभूषण से सम्मानित मैरी कॉम ने एक बार फिर केंद्र से मदद मांगी है। उन्होंने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है। उन्होंने अपील की है कि केंद्रीय सुरक्षा बल दोनों समुदायों को कोम गांवों में घुसने से रोके। आर्मी कोम जनजाति को बचाएं। उधर, सुप्रीम कोर्ट ने 1 सितंबर को केंद्र और मणिपुर सरकार को हिंसा प्रभावितों तक भोजन, दवाएं और बुनियादी सामान पहुंचाने का निर्देश दिया। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेबी पारदीवाला की बेंच ने सरकार से अलग-अलग संगठनों की नाकेबंदी से खुद निपटने को कहा। साथ ही ऑप्शन के तौर पर प्रभावित इलाकों में राशन की एयर ड्रॉपिंग की सलाह दी। मामले की अगली सुनवाई 6 सितंबर को होगी।

### 29 अगस्त को गोलीबारी में 2 लोगों की मौत हुई थी

मणिपुर के बिष्णुपुर-चुराचांदपुर सीमा पर 29 अगस्त को दो गुटों में गोलीबारी हुई थी। इसमें ग्राम रक्षा दल के दो वॉलंटियर्स की मौत हो गई थी। वहीं 7 लोग घायल हुए थे। नारानसीना में हमलावरों ने खेतों में काम कर रहे किसानों पर गोलाबारी की थी। इसके जवाब में वॉलंटियर्स ने भी फायरिंग शुरू कर दी थी। मृतकों की पहचान लाइबुजम इनाओ और जांगमिनलेन गंगेट के रूप में हुई। लाइबुजम को बिष्णुपुर के नारानसीना में गोली लग गई थी। इंफाल के एक अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं जांगमिनलेन चुराचांदपुर के सोंगदो गांव में झड़प के दौरान घायल हो गया था। बाद में उसने भी दम तोड़ दिया।

## संसद के विशेष सत्र में नहीं होगा प्रश्नकाल और शून्यकाल

नई दिल्ली। सरकार इस महीने संसद के विशेष सत्र का आयोजन करने जा रही है। ये विशेष सत्र पांच दिनों का होगा, जो 18 सितंबर से 22 सितंबर तक चलेगा।

समाचार एजेंसी पीटीआई ने सूत्रों के हवाले से बताया कि इस विशेष सत्र में कोई पश्नकाल और शून्यकाल नहीं होगा। साथ ही इस दौरान, कोई भी सदस्य प्राइवेट बिल नहीं पेश कर सकेगा।

इससे पहले केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने गुरुवार को संसद के विशेष सत्र की जानकारी दी थी। उन्होंने कहा कि 18 से 22 सितंबर के बीच संसद का विशेष सत्र बुलाया गया है। ये पांच दिवसीय सत्र होगा। हालांकि, इस सत्र का क्या एजेंडा है, इसके बारे में अभी जानकारी सामने नहीं आई है।

### विशेष सत्र के पीछे क्या है एजेंडा?

इस विशेष सत्र का आयोजन पुराने संसद में होगा या नए में इसका अभी खुलासा नहीं हुआ है। हालांकि, जब केंद्रीय मंत्री विशेष सत्र की जानकारी देते हुए फोटो पोस्ट किया, तो उसमें दोनों संसद भवन दिख रही है।

## बालासोर रेल हादसा, सीबीआई चार्जशीट में 3 अफसरों के नाम

### 7 जुलाई को गिरफ्तारी हुई थी; गैर-इरादतन हत्या और सबूत मिटाने के आरोप

भुवनेश्वर। ओडिशा के बालासोर में 2 जून को हुए रेल हादसे में सीबीआई की चार्जशीट में तीन रेलवे अफसरों के नाम हैं। तीनों पर गैर-इरादतन हत्या और सबूत मिटाने के आरोप हैं।

इनमें सीनियर सेक्शन इंजीनियर अरुण कुमार मोहंता, सेक्शन इंजीनियर मोहम्मद आमिर खान और टेक्नीशियन पप्पू कुमार शामिल हैं। 7 जुलाई को सीबीआई ने तीनों आरोपियों को अरेस्ट किया था। 11 जुलाई को कोर्ट ने इन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। रेल हादसे में 293 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी




और 1200 से ज्यादा लोग घायल हुए थे।

### तीनों आरोपी जानते थे कि उनकी लापरवाही से हादसा हो सकता है- सीबीआई

सीबीआई ने जुलाई में कहा था कि इन तीनों की लापरवाही के कारण ही हादसा हुआ था। जांच एजेंसी ने यह भी दावा किया था कि तीनों आरोपी जानते थे कि उनकी लापरवाही से बड़ा हादसा हो सकता है।

दुर्घटना की जांच कर रहे रेलवे सुरक्षा आयुक्त ने जुलाई के शुरुआती हफ्ते में हादसे के लिए सिग्नलिंग विभाग के कर्मचारियों की मानवीय भूल को जिम्मेदार ठहराया था।

### बालासोर हादसे की वजह बिना अप्रूवल पटरी रिपेयरिंग

सीबीआई ने भुवनेश्वर की स्पेशल कोर्ट में 24 अगस्त को अपनी रिपोर्ट पेश की। इसमें जांच एजेंसी ने बताया कि पटरी पर बिना अप्रूवल हो रहे मरम्मत कार्य की वजह से ट्रेन हादसा हुआ था। इससे पहले बहनागा बाजार स्टेशन के लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 94 पर बिना मंजूरी के मरम्मत का काम किया गया था। सीबीआई ने कहा कि सीनियर डिविजनल सिग्नल और टेलिकॉम इंजीनियर की मंजूरी के बिना ही वहां रिपेयरिंग वर्क हुआ था। इसके लिए सर्किट डायग्राम भी पास नहीं कराया गया था।

## आदित्य एल -1 की सफलता से अंतरिक्ष यात्रा के नए अध्याय खुले : धनखड़

नयी दिल्ली । उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि देश के पहले सूर्य अभियान आदित्य एल -1 की सफलता से अंतरिक्ष यात्रा के नए अध्याय खुले हैं। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने शनिवार को यहां बताया कि आदित्य एल- 1 के सफल प्रक्षेपण पर श्री धनखड़ ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के वैज्ञानिकों को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि भारत के पहले सूर्य अभियान आदित्य एल -1 के सफल प्रक्षेपण से अंतरिक्ष यात्रा का गौरवशाली अध्याय खुला है।

## एक देश, एक चुनाव को लेकर बनी कमेटी

### समिति जांचेगी कि क्या लोकसभा, विधानसभा, निकाय और पंचायत चुनाव एकसाथ हो पाएंगे

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक देश, एक चुनाव पर 2 सितंबर को एक कमेटी बनाई है। इसमें गृह मंत्री अमित शाह, कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी और पूर्व सांसद गुलाम नबी आजाद समेत 8 मेंबर होंगे। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल कमेटी की बैठकों में स्पेशल मेंबर के तौर पर शामिल होंगे।

कमेटी कानून के मौजूदा ढांचे को ध्यान में रखते हुए देश में एकसाथ चुनाव कराने को लेकर जांच करेगी। इसमें जांच की जाएगी कि लोकसभा, विधानसभा, नगर पालिका और पंचायतों के चुनाव एक साथ हो सकते हैं या नहीं।

सरकार ने 18 सितंबर से 22 सितंबर तक संसद का विशेष सत्र बुलाया है। कयास लगाए जा रहे हैं कि सरकार एक देश, एक चुनाव पर बिल ला सकती है।

हालांकि शुक्रवार 1 सितंबर को कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने



कहा था कि अचानक सरकार को इसकी जरूरत क्यों पड़ गई। वहीं, कांग्रेस नेता और छत्तीसगढ़ के डिप्टी ष्टरूटीएस सिंहदेव ने कहा- निजी तौर पर मैं एक देश एक चुनाव का स्वागत करता हूं। यह नया नहीं, पुराना आइडिया है।

### केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी बोले- अभी तो समिति बनी है, इतना घबराने की क्या बात है?

कांग्रेस के विरोध के बाद संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा, अभी तो समिति बनी है, इतना घबराने की बात क्या है? समिति की रिपोर्ट आएगी, फिर पब्लिक डोमेन में चर्चा होगी। संसद में चर्चा होगी। बस समिति बनाई गई है, इसका अर्थ यह नहीं है कि यह कल से ही हो जाएगा। इधर, लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) प्रमुख चिराग पासवान ने कहा, हमारी पार्टी वन नेशन, वन इलेक्शन का समर्थन करती है। इसे लागू करना चाहिए।

### आजादी के बाद लागू था वन नेशन, वन इलेक्शन

वन नेशन, वन इलेक्शन या एक देश-एक चुनाव का मतलब हुआ कि पूरे देश में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ ही हों। आजादी के बाद 1952, 1957, 1962 और 1967 में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ ही हुए थे, लेकिन 1968 और 1969 में कई विधानसभाएं समय से पहले भंग कर दी गईं। उसके बाद 1970 में लोकसभा भी भंग कर दी गई। इस वजह से एक देश-एक चुनाव की परंपरा टूट गई।

## गुरदासपुर में 105 करोड़ की हेरोइन जब्त

अमृतसर। पंजाब की अमृतसर काउंटर इंटेलिजेंस की टीम ने गुरदासपुर में 7 तस्करों को पकड़ा है। इनके कब्जे से 15 किलोग्राम हेरोइन, 7 लाख ड्रग मनी और 2 कार बरामद की गई है। आरोपियों ने पूछताछ में कबूला है कि उन्होंने नशे की खेप को पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए मंगाया था। टीम को यह सफलता डेरा बाबा नानक के समीप गांव हरूवाल से मिली है। सूचना मिलने के बाद सीआईए की टीम ने इंस्पेक्टर इंद्रदीप सिंह की अगुवाई में टीम को तैयार किया। इस दौरान सीआईए की टीम ने गांव से ही 7 तस्कर काबू किए गए। जिनमें से तीन की पहचान भूपिंदर सिंह भिंदा, नरिंदर सिंह और रणजोध सिंह निवासी हरूवाल के तौर पर हुई है। गांव हरूवाल तरनतारन के डेरा बाबा नानक के समीप भारत-पाकिस्तान सरहद पर बसा गांव है। पकड़े गए तस्करों ने ही जानकारी दी कि यह खेप उन्होंने पाकिस्तान से ड्रोन के माध्यम से मंगवाई है। वहीं इस खेप को मंगवाने वाले के तार जेल से जुड़ रहे हैं। जिसे पंजाब पुलिस जल्द प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आएगी।

## दो नाबालिग समेत 5 लोग नदी में डूबे

### नर्मदापुरम की दूधी नदी में हादसा; बचकर आए बच्चे ने बताया- भंवर में समा गए साथी

पिपरिया। नर्मदापुरम में दो नाबालिग समेत 5 लोग नदी में डूब गए। जानकारी मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया है। गोताखोर उनकी सर्चिंग में जुटे हैं। हादसा बनखेड़ी से सटे डूमर गांव में हुआ। यहां शनिवार दोपहर को 6 लोग दूधी नदी में नहाने गए थे।

अपने साथियों को डूबता देख छठवां शख्स दौड़कर गांव में पहुंचा और ग्रामीणों को जानकारी दी। उसने बताया कि नदी में तेज भंवर चल रही थी, उसी में पांचों समा गए। वहां से प्रशासनिक अधिकारियों को खबर पहुंचाई गई।

पिपरिया एसडीएम संतोष तिवारी ने बताया कि बच्चों के डूबने की खबर मिली है। हादसा नदी के जैतवाड़ा घाट पर हुआ। सर्चिंग शुरू कर दी गई है। बनखेड़ी थाने के हवलदार वरुण राजपूत ने बताया कि डूमर गांव के अनिकेत पिता ओमप्रकाश अहिरवार (18), करण पिता कमोद अहिरवार (18), किशन पिता पप्पू अहिरवार (18), समीर पिता अवधेश वंशकार (14) और दीपेश पिता दुर्गेश अहिरवार (16) नदी में नहाने उतरे थे। राजा बाहर ही बैठा रहा।

## दुर्घटना में तीन पुलिस कर्मियों की मृत्यु, जांच के निर्देश

एजेंसी

खरगोन। मध्यप्रदेश के खरगोन जिले के सनावद थाना क्षेत्र में आज एक दुर्घटना में तीन पुलिस कर्मियों की मृत्यु तथा दो के घायल होने के मामले में पुलिस उपमहानिरीक्षक ने जांच के आदेश दिए हैं।

निमाड़ रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक चंद्रशेखर सोलंकी ने बताया कि उन्होंने घटना की विस्तृत जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि फिलहाल घटना का स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है। उन्होंने कहा कि घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है और उसमें पुलिसकर्मियों की कार पेट्रोल पंप के पास खड़े एक ट्रक से टकराती हुई नजर आ रही है।

उन्होंने बताया कि मृतक पुलिस कर्मियों के परिवार को उनके स्वत्व तथा नियमानुसार सहायता राशि प्रदान की जा रही है।

सनावद के थाना प्रभारी निर्मल कुमार श्रीवास ने बताया कि आज सुबह करीब 5: 00 बजे पुलिस कर्मियों की कार यहां से 7 किलोमीटर दूर बड़ूद के समीप एक पेट्रोल पंप के पास खड़े ट्रक में पीछे से टकरा गई थी। घटना के तुरंत बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। घटना में पुलिस उप निरीक्षक विमल कुमार तिवारी (55) व रमेश चंद्र भास्करे (56) तथा आरक्षक मनोज कुमरावत (42) की मौके पर ही मृत्यु हो गई थी।

आरक्षक रघुवीर रावत और नगर सैनिक कोमल दंगोड़े को प्राथमिक चिकित्सा के उपरांत इंदौर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत स्थिर है।

उन्होंने बताया कि समस्त पुलिसकर्मी खरगोन में आयोजित शिव डोला समारोह में अपनी ड्यूटी देकर वहां से 67 किलोमीटर दूर सनावद लौट रहे थे।

## मेघालय में चार लोग छह करोड़ के हेरोइन के साथ गिरफ्तार

**शिलांग।** मेघालय में पुलिस ने एक महिला सहित चार मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से छह करोड़ रुपये की हेरोइन जब्त की है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। एंटी-नारकोटिक टास्क फोर्स के अधिकारियों ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए डेमथ्रिंग क्षेत्र से अंतरराज्यीय मादक पदार्थ के तस्करों को गिरफ्तार किया और जब्ती भी की। पुलिस ने कहा, हेरोइन को 55 साबुन के बक्सों के अंदर रखा गया था, और उसे एक कार के अंदर एक गुप्त स्थान में छुपा कर रखा था। उन्होंने कहा कि दो मोबाइल फोन, एक ईपीआईसी कार्ड और आधार कार्ड के अलावा हेरोइन ले जाने के लिए इस्तेमाल किए गए वाहन को जब्त कर लिया गया।

## महाराष्ट्र के जालना में मराठा आरक्षण को लेकर प्रदर्शन

### सरपंच ने कार जलाई, जान देने की धमकी दी; पुलिस का लाठीचार्ज, 20 प्रदर्शनकारी घायल

मुंबई। महाराष्ट्र के जालना जिले में मराठा आरक्षण को लेकर प्रदर्शन हो रहा हैं। शनिवार 2 सितंबर को अंबाड चौफुली इलाके में प्रदर्शनकारियों की पत्थरबाजी में जालना एसपी तुषार दोषी और 4-5 पुलिसकर्मी चोटिल हो गए। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए हवा में रबर बुलेट्स चलाईं।

वहीं, विरोध में छत्रपति संभाजीनगर के फुलंब्री क्षेत्र में एक सरपंच मंगेश साबले ने अपनी कार पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। इस दौरान कई आंदोलनकर्ता भी मौजूद थे। सांबले ने कहा- हम लोग चुप नहीं बैठेंगे। अभी अपनी कार को आग लगाई है। यदि ऐसा ही चलता रहा तो मैं खुद को आग लूंगा।



### प्रदर्शनकारियों और पुलिस में झड़प हुई थी

इससे पहले शुक्रवार (1 सितंबर) को प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हिंसक झड़प हुई। पुलिस ने लाठीचार्ज किया, जिसमें 20 प्रदर्शनकारी घायल हो गए। लाठीचार्ज के विरोध में प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पथराव किया, जिसमें 18 पुलिसकर्मियों को चोटें आई। प्रदर्शनकारियों ने धुले-सोलापुर हाईवे भी बंद कर दिया और कई सरकारी बसों में आग लगा दी। शनिवार को पुलिस ने हिंसा में शामिल होने के आरोप में गोंदी थाने में 360 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### 29 अगस्त से धरना जारी था

मराठा आरक्षण की मांग को लेकर 29 अगस्त से मराठा मार्चा के संयोजक मनोज जारांगे समेत 10 लोग भूख हड़ताल पर बैठे थे। 1 अगस्त को पुलिस ने उनके स्वास्थ्य को देखते हुए धरना खत्म करने के लिए उन्हें हिरासत में लेने की कोशिश की। उन्होंने इसका विरोध किया।

दोनों ओर से तनाव बढ़ने के बाद पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े और लाठीचार्ज किया। इस पर प्रदर्शनकारियों ने पथराव शुरू किया। ग्रामीणों का दावा है कि पुलिस ने हवा में कुछ राउंड फायरिंग भी की, लेकिन अधिकारियों ने इसकी पुष्टि नहीं की है।

### 31 अगस्त की रात भी हिरासत में लेने की कोशिश की गई थी

पुलिस ने 31 अगस्त की रात भी प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार करने की कोशिश की थी। लेकिन वे सफल नहीं हो सके थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस लाठीचार्ज के बाद प्रदर्शनकारियों ने बीड जिले में बंद बुलाया है। हालांकि अभी तक बंद की आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

### मानसून से पहले हैवी रेनफॉल; 5 महीने सामान्य से ज्यादा पानी गिरा, दरके पहाड़

## हिमाचल में अप्रैल से जारी बारिश के कारण तबाही

शिमला। हिमाचल प्रदेश में सदी की सबसे भीषण तबाही मानसून की बारिश से नहीं बल्कि अप्रैल महीने से निरंतर हो रही भारी बरसात से हुई है। पहाड़ों पर अप्रैल महीने से ही निरंतर नॉर्मल से ज्यादा बारिश हो रही है। इससे पहाड़ों की पकड़ ढीली हुई है और पहाड़ भरभराकर गिर रहे हैं।



मैदानी राज्यों के साथ-साथ पहाड़ों पर भी अप्रैल से जून तक भयंकर गर्मी पड़ती है। मगर, इस बार प्रदेश में अप्रैल से जून के बीच भी बारिश ने कई दशकों के रिकॉर्ड तोड़े हैं। अप्रैल में नॉर्मल से 63त्न ज्यादा, मई में 83त्न अधिक, जून में 20त्न और जुलाई में भी नॉर्मल से 71 प्रतिशत अधिक बादल बरसे। इसी तरह अगस्त में भी प्रदेश के छह जिलों शिमला, मंडी, सोलन, हमीरपुर, बिलासपुर और कांगड़ा में नॉर्मल से ज्यादा बारिश हुई। इससे खासकर शिमला, सोलन और मंडी में कुदरत ने ज्यादा कहर बरपाया है। हालांकि अगस्त में प्रदेश में नॉर्मल से 4 प्रतिशत कम बारिश हुई है।

प्रदेश में अप्रैल में 64 एमएम नॉर्मल बारिश होती है। मगर इस बार 104.1एमएम बरसात हुई है। यह 2021 के बाद आज तक का रिकॉर्ड रेनफॉल है। साल 2021 में सबसे ज्यादा 111.8 एमएम बारिश हुई थी। मई 2023 में भी नॉर्मल से 83 प्रतिशत ज्यादा बारिश हुई। अमूमन मई में 63.3 एमएम नॉर्मल बरसात होती है, लेकिन इस बार 116.8 एमएम मेघ बरसे है। इससे पहले प्रदेश में कभी भी मई में इतनी बारिश नहीं हुई।

### जून में सोलन में 215 मिलीमीटर बरसात

जून में भी नॉर्मल से 20 प्रतिशत ज्यादा मेघ बरसे। आमतौर पर जून में 101.1स्रूनॉर्मल बारिश होती है। इस बार 121.7 मिलीमीटर बादल बरसे। 24 जून को मानसून की दस्तक के बाद से 30 जून तक प्रदेश में नॉर्मल से 87 प्रतिशत ज्यादा बारिश हुई। इस अवधि में सोलन जिले में 215 प्रतिशत ज्यादा बरसात ने कहर बरपाया है।

### जुलाई में सिरमौर में 1097.5 मिलीमीटर बारिश

बारिश और तबाही का दौर जुलाई में भी जारी रहा। पहाड़ों पर जुलाई में भी नॉर्मल से 71 फीसदी ज्यादा बारिश हुई।

अमूमन जुलाई में 255.9 मिलीमीटर बारिश होती है, लेकिन इस बार 437.5 मिलीमीटर बारिश हुई। आज तक कभी भी जुलाई में इतनी बारिश नहीं हुई। सिरमौर जिले में सबसे हैवी रेनफॉल 1097.5 मिलीमीटर बारिश जुलाई में दर्ज की गई। इससे पहले 2021 में सर्वाधिक 285.4 मिलीमीटर बारिश हुई थी।

## आदित्य-एल1 उपग्रह पृथ्वी की निचली कक्ष में सफलतापूर्वक स्थापित

एजेंसी

श्रीहरिकोटा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने देश के पहले सूर्य मिशन के तहत आदित्य-एल1 अंतरिक्ष यान को शनिवार को पृथ्वी की कक्ष में सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया गया।

इसरो सूत्रों के मुताबिक 23 घंटे 40 मिनट की उल्टी गिनती समाप्त होने के साथ ही पूर्वाह्न 11.50 बजे पीएसएलवी-सी57 के जरिए शार रेंज से प्रक्षेपित आदित्य एल-1 को अब पृथ्वी की निचली कक्ष में स्थापित कर दिया गया है।

इसी के साथ ही 125 दिनों की लंबे सफर में सूर्य के बाहरी वातावरण का



अध्ययन करने का सिलसिला शुरू हो गया।

उन्होंने बताया कि मिशन नियंत्रण केंद्र के वैज्ञानिक पूरे अभियान पर नजर रखे हुए हैं।

इसरो अध्यक्ष एस सोमनाथ ने कहा कि आदित्य-एल1 सूर्य का अध्ययन करने वाला पहला अंतरिक्ष आधारित भारतीय मिशन है। सफल प्रक्षेपण के साथ ही सभी चार चरणों के प्रज्वलन और पृथक्करण के बाद रॉकेट को करीब 600 किलोमीटर की ऊंचाई पर निर्धारित कक्ष में सफलतापूर्वक स्थापित किया गया।

उन्होंने कहा कि 15 लाख किलोमीटर की यात्रा करने के बाद अंतरिक्ष यान आदित्य-एल1 जनवरी 2024 के पहले सप्ताह में सूर्य के क्षेत्र में प्रवेश करेगा।

करीब 1,475 किलोग्राम वजनी अंतरिक्ष यान को सूर्य-पृथ्वी प्रणाली के लैग्रेंज प्वाइंट-1 (एल1) के चारों ओर एक प्रभामंडल कक्षा में रखा जाएगा जो पृथ्वी से लगभग 15 लाख किमी दूर है।

गौरवशाली भारत
नई दिल्ली
रविवार 03 सितम्बर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शिवराज ने सड़क दुर्घटना में पुलिसकर्मियों के निधन पर शोक जताया



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खरगोन जिले में हुई सड़क दुर्घटना में मध्यप्रदेश पुलिस के जाबांज पुलिसकर्मियों के निधन पर गहन शोक व्यक्त किया है। चौहान ने कहा कि दुख की इस विकट घड़ी में सरकार तथा सभी प्रदेशवासियों की संवदनाएँ शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति देने एवं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की है।

## शार्ट न्यूज

### हैदराबाद के आरजीआई हवाई अड्डे पर यात्री से करीब 50 करोड़ रुपये की कोकीन जब्त की गयी

**हैदराबाद।** तेलंगाना में राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों ने शमशाबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आरजीआईए) पर एक यात्री से पांच किलोग्राम कोकीन जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारियों ने शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति में बताया यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर डीआरआई अधिकारियों ने एक यात्री को पांच किलो मादक पदार्थ कोकीन के साथ शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। कोकीन को भूरे रंग के टेप में सावधानी से लपेट कर सूटकेस में छुपाया गया था। जिसकी अनुमानित कीमत 50 करोड़ रुपये आंकी गयी है। यात्री लाओस से सिंगापुर होते हुए हैदराबाद पहुंचा था और वह दिल्ली जाने वाला था। अधिकारियों को उसकी संदिग्ध गतिविधि पर शक हुआ और उसकी तलाशी ली गयी। जांच के दौरान उसके पास से कोकीन और नशीली दवाएं जब्त की हैं। उसके खिलाफ स्वपक औषधि और मनप्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 (एनडीपीएस) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया और इसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### ओडिशा में दो ड्रग तस्कर गिरफ्तार

भुवनेश्वर। ओडिशा पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने शनिवार को दो ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से प्रतिबंधित ब्राउन शुगर (हेरोइन) और अन्य आपत्तिजनक सामग्री जब्त की। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक खुफिया सूचना के आधार पर शुक्रवार की शाम को एसटीएफ की टीम ने मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान के तहत भुवनेश्वर में उत्तरा-पिपली के पास छापेमारी की। इस दौरान, दो ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 1.080 किग्रा वजन की प्रतिबंधित ब्राउन शुगर (हेरोइन) और अन्य आपत्तिजनक सामग्री जब्त की है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान लिपुन पांडे और एसके अब्बास के रूप में की गयी है। दोनों के खिलाफ स्वापक औषधि और मनप्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 (एनडीपीएस) की धारा के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। गौरतलब है कि वर्ष 2020 के बाद से, एसटीएफ ने 72 किग्रा से अधिक ब्राउन शुगर, 202 ग्राम कोकीन, 116 क्विंटल से अधिक एनजेए या मारिजुआना, 75.750 ग्राम अफीम जब्त की है और 178 से अधिक ड्रग डीलरों या तस्करों को गिरफ्तार किया है। पिछले वर्ष 62 किग्रा से अधिक ब्राउन शुगर जब्त की गई।

### बागेश्वर उपचुनाव: तीन से पांच सितंबर तक अंतरजनपदीय सीमा रहेगी सील

बागेश्वर/नैनीताल। उत्तराखंड के बागेश्वर में उप चुनाव के मद्देनजर असामाजिक और विघटनकारी ताकतों की घुसपैठ को रोकने के लिए अंतरजनपदीय सीमा तीन दिन बंद रहेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराधा पाल के अनुसार निर्वाचन आयोग की मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुसार चुनाव को निष्पक्ष और निर्विघ्न संपन्न करने के लिए अंर्तजनपदीय सीमा आगामी तीन सितंबर से पांच सितंबर मतदान समाप्ति तक बंद रहेंगी। उन्होंने कहा कि अंतरजनपदीय सीमा पर सघन नाकेबंदी रहेगी। इसके अलावा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत मतदान समाप्त होने से 48 घंटे पूर्व होटलों, भोजनालयों, मधुशाला, दुकान अथवा अन्य सार्वजनिक या निजी स्थान में मादक पदार्थों की बिक्री पर भी प्रतिबंध रहेगा। मतगणना के दिन आठ सिंतबर को भी शराब आदि मादक द्रव्यों के बिक्री पर पूर्णत: रोक रहेगी। तीन सिंतबर को पांच बजे से मतदान समाप्ति तक तथा आठ सितंबर मतगणना के दिन भी पूरे जिले में देशी, विदेशी मदिरा की बिक्री पर प्रतिबंध रहेगा। शराब की दुकान, बार और सेना की कैंटीन भी बंद रहेंगे। उन्होंने आगे कहा कि आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आबकारी एवं लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत कार्रवाई अमल में लायी जायेगी।

### पीड़िता को मिलेगी दस लाख रुपए की आर्थिक सहायता एवं सरकारी नौकरी: गहलोत

प्रतापगढ़। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शनिवार को प्रतापगढ़ जिले के धरियावद पहुंचकर दुर्व्यवहार के मामले में पीड़ित महिला एवं उसके परिवार से मुलाकात की और पीड़िता को दस लाख रुपए की आर्थिक सहायता तथा सरकारी नौकरी देने की घोषणा की। इस दौरान श्री गहलोत ने कहा कि सभ्य समाज में इस तरह की घटनाओं तथा इनमें लिप्त अपराधियों का कोई स्थान नहीं है। ऐसी दुखद तथा अमानवीय घटनाओं की एक स्वर में निंदा होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन अपराधियों को फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर कड़ी से कड़ी सजा दिलवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं के विरूद्ध अपराधों की रोकथाम हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रतापगढ़ घटना में पीहर और ससुराल के आपसी पारिवारिक विवाद में ससुराल पक्ष के लोगों का कृत्य घोर निंदनीय है। उन्होंने कहा कि घटना के संज्ञान में आते ही अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (अपराध) को मौके पर जाकर इस मामले में कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। उन्होंने कहा कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस के उच्चाधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए तथा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कुछ ही घंटों में सभी आरोपियों को हिरासत में ले लिया।

### राजस्थान, जम्मू- कश्मीर दिल्ली एवं लखनऊ के 135 शिक्षकों का हुआ सम्मान

जयपुर। थार सर्वोदय संस्थान सिम्पली जयपुर और रघु सिन्हा माला माथुर चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में शिक्षकों के सम्मान में प्रिंसीपल्स एंड टीचर्स अवार्ड 2023 के बारहवें संस्करण के तहत शनिवार को जयपुर में राजस्थान, जम्मू- कश्मीर दिल्ली एवं लखनऊ के 135 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आयोजक सोमेंद्र हर्ष और अंशु हर्ष ने बताया कि जवाहर कला केंद्र में आयोजित समारोह में इन शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस वर्ष कुछ ऐसे शिक्षकों का सम्मान भी किया गया जिन्होंने अपना जीवन नयी पीढ़ी को ज्ञान देने मे समर्पित किया। माला माथुर मेमोरियल लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड इन एजुकेशन शिक्षा के क्षेत्र में कड़ी मेहनत और उपलब्धि का सम्मान है। इस वर्ग में पी एन कावुरी, डॉ मालाश्री लाल, संदीप सेठी, प्रोफ़ेसर बनवारी लाल गौड़, रानी हूजा और रीमा हूजा का लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मान किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री बी डी कल्ला ने शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि शिक्षकों का काम न केवल ज्ञान को बढ़ाने में मदद करता है बल्कि समाज को एक सकारात्मक दिशा में ले जाने में भी मदद करता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा क्षेत्र में वृद्धि और सुधार के लिए सरकार के उद्देश्य हैं और इसके लिए हमें शिक्षा क्रियाओं को मजबूती से निर्वाचन करना होगा।

### झारखंड का तालिबानीकरण कर रही हेमंत सरकार

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आज डुमरी विधानसभा क्षेत्र के नवाडीह प्रखंड के नवाडीह, बिरनी काली मंडप,चिरुडीह मोड़, भेड़रा सहित अनेक गांव एवम बस्तियों में मतदाताओं से संपर्क कर एन डी ए प्रत्याशी यशोदा देवी को जिताने की अपील की। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार झारखंड का तालिबानीकरण कर रही है। प्रचार अभियान में आज मतदाताओं को संबोधित करते हुए श्री मरांडी ने राज्य सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राज्य की विधि व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। अपराधी बेखौफ हैं। उन्हे कानून का भय नहीं,पुलिस प्रशासन का भय नहीं ।क्योंकि हेमंत सरकार में अपराधियों को संरक्षण प्राप्त है ।उन्होंने कल जमशेदपुर कोर्ट परिसर में कोर्ट के पदाधिकारी पर हुए आपराधिक हमला राज्य सरकार की विफलता है। अपराधी अब कानून को हाथ में ले रहे। ऐसा लग रहा कि हेमंत सरकार ने अपराधियों को हिम्मत देकर झारखंड का तालिबानीकरण कर दिया है। मरांडी ने कहा कि पुलिस का इकबाल समाप्त हो चुका है क्योंकि राज्य की पुलिस विधि व्यवस्था को ठीक करने में नही,अपराधियों को पकड़ने में नही बल्कि वसूली करने में अपनी ताकत का उपयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि हत्या,लूट,बलात्कार,अपहरण जैसी घटनाएं राज्य में आम हो गई है। राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार पर बोलते हुए मरांडी ने कहा कि प्रदेश में बिना पैसे का कोई काम नही होता है।

# सिरसा के नोहर फीडर में कटाव

## करीब 200 एकड़ धान की फसल में जलभराव

**सिरसा।** हरियाणा में सिरसा जिले के नहराना हेड से निकलने वाली नोहर फीडर में शनिवार सुबह गांव रूपाणा खुर्द के पास कटाव आ गया। नोहर फीडर से पड़ोसी प्रांत राजस्थान के हनुमानगढ़ जिला के नोहर तहसील क्षेत्र के खेत सिंचित होते हैं। इस समय राजस्थान क्षेत्र में नरमा,ग्वार व बाजरा की फ सल पकाव पर है जिससे सिंचित जल की नितात आवश्यकता है ऐसे में फीडर का टूटना किसानों के लिए दुखदायी है। बुर्जी संख्या 42700 के करीब 75 फीट में आए कटाव से रूपाणा खुर्द किसान हरी सिंह,जगदीश,दुनीराम आदि किसानों की लगभग दो सौ एकड़ में खड़ी धान की फ सल जलमग्न हो गई। फ सल को कोई नुकसान नहीं माना जा रहा है। गांव रूपाणा के किसानों द्वारा सूचना



देने पर सिंचाई विभाग के कनिष्ठ अभियंता विकास कुमार मौके पर पहुंचे ओर नहराना हेड से जल प्रवाह को बंद करवाया। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया फीडर में कटाव का कारण गीदड़ द्वारा पटरी को खोदना माना जा रहा है। इस क्षेत्र में गीदड़,लोमड़ी व शेह जानवर बहुत हैं जो गर्मी से बचाव के लिए नहर पटरी में अपने ठिकाने बनाते रहते हैं। उन्होंने बताया कि नोहर फीडर के किनारे कमजोर पड़ चुके हैं जिससे जलरिसाव होने से कटाव आ जाता है। उन्होंने बताया कि जल प्रवाह बंद होने के बाद शनिवार बाद दोपहर जेसीबी व ट्रेक्टरों की मदद से कटाव को पाटने का काम शुरू किया गया है। संभवतच्चार दिन बाद इसमें जल प्रवाह किया जाएगा। फीडर के किनारों पर पेचवर्क करने के लिए विभाग के उच्चाधिकारियों को एस्टीमेट बनाकर भेजा हुआ है।

गौरतलब है कि नोहर फीडर के सामातंर बह रही शेरांवाली नहर भी गांव रूपाना खुर्द की तरफ गत 28 अगस्त को टूट गई थी। नहर में काफी कटाव हो गया था। इसके बाद कटाव को ठीक कर नहर में शनिवार को ही पानी छोड़ गया है। शेरांवाली नहर एक अगस्त को गांव दड़बा कलां के समीप शेरांवाली नहर टूट गई थी। सत्ताइस दिन के अंतराल के बाद 28 अगस्त को फि र से गांव रूपाना खुर्द के समीप बर्जी नंबर 43200 के पास टूटी गई। नहर में करीब 200 फुट का कटाव हो गया था। किसानों ने नहर टूटने का कारण सिंचाई विभाग के अधिकारियों की लापरवाही बताया है।

## बिजली विभाग द्वारा छापेमारी दौरान 10 लाख रुपये वसूले

जालंधर। बिजली चोरी के खिलाफ एक विशेष अभियान के दौरान जालंधर की , इंफोर्समेंट विंग, टीमों ने जिले के विभिन्न गांवों में छापेमारी दौरान पकड़े 14 बिजली चोरों से लगभग दस लाख रूपये जुर्माना वसूल किया है। विभाग द्वारा शनिवार को दी गई जानकारी अनुसार टीमों ने जिला जालंधर के पंज-पीर कॉलोनी, छोटी बारांदरी, न्यू गुरु नानक नगर और कपूरथला गांवों, गांव विजोला, छन्ना शेर सिंह, गांव इब्बन और शाहकोट (नकोदर) और बाजवान-खुर्द में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान कुल 14 बिजली चोर पकड़े गये ।इन गांवों में घरेलू उपभोक्ता बिजली कनेक्शन होने के बावजूद इनकमिंग केबल में हुक लगाकर सीधे बिजली चोरी करते पकड़े गये । इन बिजली चोरों में गांव छन्ना के एक उपभोक्ता शेर सिंह को उसकी आटा चक्की के बिजली सर्किट से छेड़छाड़ कर बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया और उस पर बिजली चोरी के आरोप में 1.08 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया । इब्बन गांव में एक अवैध ट्यूबवेल कनेक्शन पर सीधे पावरकॉम सप्लाई से तार लगाकर बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया और उस पर 1.68 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया । इसके अलावा, जालंधर के छोटी बारांदरी में एक उपभोक्ता पर अपने व्यावसायिक प्रतिष्ठान के मीटर तक आने वाली केबल से सीधा तार जोड़कर बिजली चोरी करने पर 1.12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया । न्यू गुरु नानक नगर जालंधर में एक उपभोक्ता को उसके घर के पास से गुजर रही तार में हुक लगाकर बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया और उस पर 1.26 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया ।

## कश्मीर में ठगी के आरोप में महिला गिरफ्तार

श्रीनगर। केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में शनिवार को कथित तौर पर पुलिस अधिकारी के रूप में ठगी करने के आरोप में एक महिला को गिरफ्तार किया गया।

कुंज़ेर थाने में एक स्थानीय व्यक्ति वासिफ हसन ने शुक्रवार को शिकायत दर्ज करवाई, जिसके बाद महिला को गिरफ्तार किया गया। शिकायतकर्ता ने बताया कि बस यात्रा के दौरान एक महिला ने उससे संपर्क किया, जिसने खुद को आशिया बताया और खुद को वर्तमान में कुंजर थाने में तैनात एक उप-निरीक्षक के रूप में पेश किया। उसने उसे नौकरी देने का वादा किया। उसने शिकायतकर्ता को आश्वासन दिया कि उसके पास जम्मू-कश्मीर पुलिस में एक कांस्टेबल के रूप में उसके लिए एक पद सुरक्षित करने का अधिकार है। नौकरी के अवसर के वादे के लालच में, हसन ने नकली पुलिस अधिकारी को दस हजार रुपये दे दिए। महिला ने शुक्रवार को हसन से संपर्क किया और उसके नियुक्ति आदेश की डिलीवरी में तेजी लाने के लिए अतिरिक्त राशि की मांग की। उन्होंने वादा किया कि यह प्रक्रिया दो से तीन दिन के भीतर पूरी कर ली जायेगी। धोखे का संदेह होने पर, हसन ने तुरंत मामले की सूचना कुंजर थाना को दी, जहां मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई।

## कश्मीर पुलिस ने अपराध शाखा को सौंपी अभियंता की मौत की जांच

**श्रीनगर।** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बारामूला जिले में एक वरिष्ठ सड़क एवं भवन अभियंता की रहस्यमय मौत की जांच अपराध शाखा को सौंप दी है। लापता होने के चार दिन बाद, सहायक कार्यकारी अभियंता (एईई) गुरुमीत सिंह का शव 29 अगस्त को बारामूला जिले के गंटामुल्ला में लोअर झेलम हाइडल प्रोजेक्ट (एलजेएचपी) में एक बैराज में पाया गया, जिसके बाद बारामूला में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। गुरुमीत सिंह के परिवार, सिख समुदाय और नागरिक समाज समूहों ने इस मामले की केंद्रीय जांच ब्यूरो या अपराध शाखा से जांच की मांग की।

## हिमाचल में कांग्रेस सरकार आपदा को संभालने में विफल साबित : ठाकुर

शिमला। हिमाचल प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि वर्तमान कांग्रेस सरकार आपदा को संभालने में विफल साबित हो रही है।

ठाकुर ने शनिवार को यहां पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि जब से कांग्रेस सरकार बनी है तब से 1000 से अधिक सरकारी संस्थान बंद हो चुके हैं और अब तो हद ही होगी सरदार पटेल यूनिवर्सिटी मंडी जिसके पास 140 से अधिक महाविद्यालय थे उनमें से बड़ी संख्या में महाविद्यालय काट दिए गए हैं, अब इस संस्थान के पास केवल तीन जिलों के



महाविद्यालय हीं होंगे। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री केवल खबरें बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं, जब खबरें बनती नहीं तो कोई ना कोई संस्थान बंद कर देते हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में मुख्यमंत्री कार्यालय में एक और पद बनाया गया है, इसकी नोटिफिकेशन भी हुई है। आपदा की घड़ी चल रही है पर सरकार के खर्च कम नहीं हो रहे हैं। वह ओएसडी, राजनीतिक सलाहकार, सीपीएस की बड़ी फौज पहले ही खड़ी है।

अब तो सरकार और लोन लेने जा रही है पता चला है कि बड़ी जल्द 500 करोड़ का एक और लोन यह सरकार लेने वाली है। कांग्रेस सरकार कुप्रबंधन की सरकार है। उन्होंने कहा कि बड़ी मात्रा में प्रदेश भर में सड़क ठप पड़ी है और उनको खोलने का काम अभी तक धरातल पर शुरू नहीं हुआ है।

## मुख्यमंत्री द्वारा पटवारियों के 2037 पद भरने का एलान

**चंडीगढ़।** राजस्व अफसरों की ज़िद्द के कारण आम आदमी को किसी भी तरह की परेशानी न हो यह सुनिश्चित करने के लिए अपनी योजना का खुलासा करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पटवारियों के सभी खाली पद भरने का ऐलान किया। इसके अलावा पटवारियों की हाज़िरी बायोमैट्रिक द्वारा लगानी यकीनी बनाई जाएगी।



यहाँ शनिवार को जारी एक बयान में मुख्यमंत्री ने कहा, यह लोगों की सरकार है और सरकारी अधिकारियों की किसी हड़ताल के कारण आम आदमी को किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करने दिया जायेगा ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब में पटवारियों के कुल 3660 पद हैं, जिनमें से 1623 पद भरे हुये हैं। उन्होंने कहा कि बड़े लोक हित को ध्यान में रखते हुये राज्य सरकार ने अब 2037 पद भरने का फ़ैसला किया है और पटवारियों के और पद भी समयबद्ध तरीके से भरे जाएंगे । मान ने कहा कि इन 2037 पदों में से 741 पटवारियों ने पहले ही लाज़िमी 18 महीनों की ट्रेनिंग में से 15 महीनों की ट्रेनिंग पूरी कर ली है। इनको फील्ड में रेगुलर पटवारी के तौर पर ड्यूटी पर लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के द्वारा 710 पटवारियों का पहले ही चयन कर लिया गया है लेकिन कई औपचारिक कार्यवाहियों के कारण उनको अभी तक नियुक्ति पत्र नहीं दिए गए। उन्होंने कहा कि इन लाज़िमी शर्तों को जल्दी मुकम्मल किया जायेगा और आने वाले दिनों में नव-नियुक्त पटवारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे। मान ने आगे कहा कि पटवारियों के 586 पदों की भर्ती के लिए जल्द इश्तिहार देकर पंजाब के नौजवानों को राज्य की सेवा का मौका दिया जायेगा।

अपना काम करवाने के लिए पटवारियों की तरफ से आगे कुछ व्यक्ति रखने के रुझान का सख़्त नोटिस लेते हुये मुख्यमंत्री ने एलान किया कि पटवारियों की बायोमैट्रिक हाज़िरी लाज़िमी की जायेगी। उन्होंने कहा कि इससे कार्यालय समय के दौरान पटवारी, लोगों के कामों में कोई रुकावट डालने की जगह पूरी लगन के साथ अपना फ़र्ज़ निभाएंगे।

## हिमाचल में देर रात बड़ा फेरबदल, पुलिस-एक्साइज विभाग में तबादले

एजेंसी

शिमला। हिमाचल सरकार ने पुलिस और आबकारी विभागों में देर रात बड़ा फेरबदल किया। सरकार ने एक पुलिस अधीक्षक (एसपी) सहित छह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकों के तबादले कर दिए हैं। जिसमे एएसपी मनमोहन सिंह को साइबर क्राइम थाना मंडी, सुरेश कुमार को कमांडेंट होमगार्ड किन्नौर, प्रवीण धीमान को साइबर क्राइम थाना कांगड़ा, आशीष शर्मा और दिनेश शर्मा को आईआरबीएन सकोह जिला कांगड़ा, संजीव कुमार को कुल्लू में नियुक्ति दी है। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) कुलदीप कुमार को पीटीसी डरोह, डॉ. प्रतिभा चौहान को पुलिस जिला बद्दी, मदन लाल धीमान को बिलासपुर मुख्यालय, रमाकांत ठाकुर को नाहन, अजय कुमार भारद्वाज को रिकांगपिओ और वीरी सिंह को जवाली में तैनाती दी गई है। वही, सरकार ने सीमा क्षेत्रों पर लंबे समय से डटे कर एवं आबकारी विभाग के 33 सहायक आयुक्तों के भी तबादले कर दिए हैं।

## झीलों में नाव संचालन का नीति निर्धारण ड्राफ्ट तैयार करने पर चर्चा

उदयपुर। राजस्थान में उदयपुर की झीलों का पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के लिए नाव संचालन का नीति निर्धारण ड्राफ्ट तैयार करने को लेकर जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल ने आज शहर के प्रमुख होटल संचालकों एवं प्रबंधन की बैठक ली और चर्चा करते हुए महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

राष्ट्रीय झील संरक्षण प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों की अनुपालना पर आयोजित बैठक में नगर निगम आयुक्त मयंक मनीष ने सभी को अवगत कराया कि राष्ट्रीय झील संरक्षण प्राधिकरण के निर्देश पर गठित कमेटी की गत 31 जुलाई 2023 को हुई बैठक में झीलों में नाव संचालन की निगरानी को लेकर नीति निर्धारण ड्राफ्ट तैयार करने का निर्णय लिया गया था। जिला कलक्टर पोसवाल ने शहर की सभी प्रमुख होटल्स के संबंध में जानकारी ली। इसमें होटल में कमरों की संख्या, गेस्ट की संख्या, अनुमत नावों की संख्या, होटल तक पहुंचने के वैकल्पिक सड़क मार्गों की स्थिति आदि का फीडबैक लिया। उन्होंने होटल्स की ओर संचालित नावों के इंजन निर्धारित मानकों के अनुरूप होने के बारे में भी जानकारी ली। सभी होटल संचालकों ने दिशा-निर्देशों की पूर्ण पालना किए जाने की बात कही।

## नरसिंहपुर में बस पलटने से दो की मौत, 26 घायल

**नरसिंहपुर।** मध्यप्रदेश के नरसिंहपुर जिले में आज यात्री बस के पलट जाने से इस घटना में दो लोगों की मौत हो गयी और दो दर्जन से अधिक लोग घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिला मुख्यालय से गाडरवारा जा रही यात्री बस एक बाइक को बचाने के प्रयास में खेदा पुल के पास पलट जाने से यात्रियों में कोहराम छा गया। इस घटना में एक छह साल का बच्चा देवांश जाटव और एक 24 वर्षीय युवक पुस्पेद विश्वकर्मा की मौत हो गयी। इस घटना में 26 लोग घायल हो गये, इनमें से पांच लोगों की हालत गंभीर बतायी जा रही है।

## कुलतार सिंह संधवां द्वारा 'नशा भगाओ, जवानी बचाओं' मुहिम का आग़ाज़

चंडीगढ़। पंजाब विधानसभा अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवां ने शनिवार को विधान सभा हलका कोटकपूरा से एक विशेष मुहिम 'नशा भगाओ, जवानी बचाओ' का आग़ाज़ किया। एक दर्जन के करीब गाँवों का दौरा करके उन्होंने लोगों पर नौजवानों को नशों से बचाव करने और जीवन को सही दिशा की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा दी।

संधवां ने कहा कि आज के दौर में पंजाब के नौजवानों को नशों से दूर रहने और नशों की गिरफ़्त में आ चुके नौजवानों



को इस ग़ुलामी में से बाहर निकालने के लिए प्रेरित करना बेहद ज़रूरी है।

उन्होंने कहा कि पंजाब के नौजवानों में अथाह सामर्थ्य है और दुनिया भर में पंजाबी नौजवान अपनी क्षमता का लोहा मनवा भी चुके हैं। उन्होंने कहा कि पंजाबी नौजवानों को नशों से दूर रखने और इस सम्बन्धी प्रेरित करना हर पंजाब हितैषी का फर्ज बनता है।

विधानसभा अध्यक्ष ने ज़िला प्रशासन फरीदकोट के सहयोग के साथ इस मुहिम की शुरुआत अपने गाँव संधवां से की। इसके उपरांत उन्होंने कोठे चहल, चहल, टहिना, पक्का, मोरांवाली, कलेर, मिशरीवाला, घुमियारा और चन्दबाजा आदि गाँवों में विशेष आयोजित प्रोग्रामों में शिरकत की और विचार-विमर्श में हिस्सा लिया।

## मौसम पूर्वानुमान को सटीक बनाने के लिए उन्नत होगी मेघदूत ऐप : सुक्खू

शिमला। हिमाचल के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार ने मौसम पूर्वानुमान एवं किसानों को खेतीबाड़ी के दृष्टिगत दिए जाने वाले परामर्श को और अधिक सटीक बनाने के उद्देश्य से मेघदूत ऐप्लीकेशन को उन्नत करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि यह महत्त्वपूर्ण निर्णय तेज़ी से हो रहे जलवायु परिवर्तन के कारण लिया गया है क्योंकि यह कृषि और बागवानी क्षेत्रों के लिए खतरा बन कर उभर रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा इस वर्ष भारी बारिश के कारण हिमाचल में भारी क्षति और जान-माल को काफी नुकसान हुआ है, साथ ही कृषि और बागवानी क्षेत्रों पर भी विपरीत प्रभाव पड़ा है। बारिश, बाढ़



एवं भूस्खलन के कारण प्रदेश भर में जगह-जगह पर खेत व बागीचे बह गए और करोड़ों रुपये की फसलें बर्बाद हो गईं।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में मेघदूत ऐप्लिकेशन मौसम की जानकारी और पांच दिनों का मौसम पूर्वानुमान प्रदान करता है, जिसमें ब्लाक स्तर तक बारिश, तापमान, आर्द्रता, हवा की गति और दिशा संबंधी डेटा शामिल है। ये कारक कृषि कार्यों, जैसे कि बुआई एवं कटाई से जुड़ी आवश्यक जानकारी प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मुख्यमंत्री ने पर्यावरण, विज्ञान प्रौद्योगिकी और जलवायु परिवर्तन विभाग को प्रदेश में अधिक से अधिक किसानों और बागवानों को ऐप से जोड़ने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि ऐप द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं में सुधार लाने के लिए रूपरेखा भी तैयार की गई है। सुक्खू ने कहा कि मेघदूत ऐप में किए जाने वाले प्रमुख सुधारों में किसानों को प्रतिकूल मौसम के प्रति सचेत करने और ऐसी स्थिति से निपटने के लिए प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली को मजबूत करना शामिल है।

## विपक्षी गठबंधन इंडिया के राष्टीय स्तर पर कार्यक्रम की 02 अक्टूबर से होगी शुरुआत

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के वरिष्ठ नेता नीतीश कुमार ने आज कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव एलायंस (आई. एन. डी. आई. ए.) के राष्ट्रीय स्तर पर कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी के जन्म दिवस 02 अक्टूबर से होगी । कुमार ने शनिवार को यहां बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. दरोगा प्रसाद राय की जयंती पर आयोजित राजकीय समारोह के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा की मुंबई में कल इंडिया गठबंधन की बहुत अच्छी बैठक हुई । यह तय हुआ है कि 02 अक्टूबर को बापू के जन्मदिवस के मौके पर पूरे देश में हमलोग कार्यक्रम करेंगे और एकजुट होकर आगे बढ़ेंगे।

## हेमंत सरकार से राज्य को बड़ा नुकसान हो रहा : अर्जुन मुंडा

रांची। झारखंड सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री एवम भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने आज डुमरी विधानसभा उपचुनाव में एन डी ए प्रत्याशी यशोदा देवी के पक्ष में निमियाघाट, ठाकुर चक और रोशना टुंडा ठाकुरबाड़ी में पंचायत के लोगों के साथ जन सम्पर्क किया।



मुंडा ने आज प्रचार अभियान में अनेक स्थानों पर जनता को संबोधित किया। इसके अलावा शाम को उन्होंने ईसरी में एक प्रेसवार्ता को भी संबोधित किया। मुंडा में कहा कि वर्तमान राज्य सरकार को हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चल रही है उससे राज्य को बड़ा नुकसान हो रहा है। इस सरकार से जनता को सतर्क और सावधान रहते हुए उपचुनाव में निर्णय लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यह उपचुनाव एक विधानसभा को प्रभावित नही करेगा बल्कि देश और प्रदेश का की दिशा और दशा तय करेगा। इसलिए डुमरी से एक नया संदेश देने की जरूरत है। जिसके लिए जनता तैयार दिख रही है ।उन्होंने कहा कि राज्य में अपराध पर नियंत्रण नहीं,रोज भ्रष्टाचार के नए नए मामले उजागर हो रहे। ऐसे में राज्य का भविष्य अंधकारमय में दिख रहा ।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने ऐसा कोई काम नही किया को राज्यहित में हो।

## शार्ट न्यूज

### प्रत्यूष शुक्ला का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया गया



नई दिल्ली। लक्ष्मी नगर स्थित निवास स्थान पर प्रत्यूष शुक्ला का जन्म दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया जिसमें प्रत्यूष शुक्ला के कई दोस्तों ने भी शिरकत की जन्मदिवस के अवसर पर दोस्तों ने ढेर सारी शुभकामनाएं देने के लिए उनके निवास पर पहुंचे और उनको उज्जवल भविष्य की कामनाओं के साथ लोगों ने केक काटकर प्रत्यूष शुक्ला का जन्म दिवस मनाया और दोस्तों ने जन्म दिवस की बधाइयां दी इस अवसर पर मौलिक आरुष ऋषि रितिक आदि को भी भरपूर आनंद मिला और केक काटकर खुशियां मने प्रत्यूष शुक्ला की बहन रांची शुक्ला ने भी अपने भाई को के खिलाकर उसके भाभी आयु की कामना की।

### भाटी कलां गांव से चलेगी 434 मार्ग की बस

**नई दिल्ली।** छतरपुर विधानसभा के भाटी कलां गांव से 434 मार्ग की बस चलेगी। यह बस भाटी कलां, डेरा ग्राम चौराहा, डेरा गांव, फतेहपुर बेरी, सतबरी, छतरपुर एक्सटेंशन, नंदा अस्पताल, अंधेरिया बाग, लाडो सराय चौराहा, सैदुलाजाब, साकेत मेट्रो स्टेशन, डीआईपीएसएआर कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी, हमदर्द नगर, संगम विहार, तुगलकाबाद गांव, ईएसआई अस्पताल, सीआरपीएफ कैंप, क्राउन प्लाजा से जसोला विहार तक जाएगी। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने शनिवार को भाटी कलां गांव का दौरा किया और स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनने के बाद ये फैसला किया। क्षेत्रीय विधायक करतार सिंह तंवर और स्थानीय पार्षद के साथ परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने उन्हें भाटी कलां और आसपास के ग्रामीणों से मिलवाया। लोगों से बातचीत के दौरान परिवहन मंत्री ने कहा कि सार्वजनिक परिवहन दिल्ली की जीवनरेखा है। इस बस रूट के फिर से शुरू होने से भाटी कलां व आसपास के गांव के निवासी घर के नजदीक ही बस पकड़ सकेंगे।

### वाहन चोर गैंग का सेंट्रल नोएडा पुलिस ने किया खुलासा, 2 चोर गिरफ्तार

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा की बिसरख थाना पुलिस ने वाहन चोर गैंग का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस इस दौरान दो चोरों को गिरफ्तार किया है। इन लोगों के कब्जे से चोरी की आठ मोटरसाइकिल बरामद की गई है। इस गिरोह के दो सदस्य अभी भी फरार चल रहे हैं, जिनकी पुलिस तलाश कर रही है। दरसअल बिसरख पुलिस द्वारा कैप्सूल कट पर चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान पुलिस ने दो बाइक सवार दो लोगों को चेकिंग के लिए रोका। जब उनकी मोटरसाइकिल की गहनता से जांच की गई तो पता चला कि वह मोटरसाइकिल चोरी की है। दोनों लोगों को पड़कर पुलिस थाने ले गई और उन लोगों से कड़ाई से पूछताछ की गई। इस दौरान उन लोगों ने बताया कि वह चोर हैं। जिसके बाद उनकी निशानदेही पर पुलिस ने गौर सिटी वन के पास पुस्ते की झाड़ियां से 6 चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की। पुलिस ने अंकित व अंकुश को गिरफ्तार किया। इन लोगों ने पूछताछ में बताया कि यह लोग अपने साथियों के साथ मिलकर मोटरसाइकिल चोरी की वारदातों को अंजाम दिया करते थे। मोटरसाइकिल सूरजपुर, बिसरख और गाजियाबाद के इंदिरापुरम थाना क्षेत्र से चोरी की गई है। इनके दो और साथी आशीष व यश गैंग बनाकर नोएडा, गाजियाबाद व एनसीआर क्षेत्र से मोटरसाइकिल चोरी करते थे। f

### गाजियाबाद में धारा-144 लागू

**गाजियाबाद।** दिल्ली में होने जा रही शक्तिशाली राष्ट्राध्यक्षों की त-20 समिट और आगामी त्यौहारों को देखते हुए जिला गाजियाबाद में धारा-144 लागू कर दी गई है। पुलिस कमिश्नर अजय कुमार मिश्र ने शनिवार शाम इस बाबत आदेश जारी कर दिया। धारा-144 15 अक्टूबर की मध्यरात्रि तक लागू रहेगी। 6 सितंबर को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, 7 सितंबर को चेहल्लुम, 8 से 10 सितंबर तक जी-20 शिखर सम्मेलन, 17 सितंबर को विश्वकर्मा पूजा, 28 सितंबर को ईद उल मिलाद और बारावफात, 2 अक्टूबर को गांधी जयंती और 15 अक्टूबर को महाराजा अग्रसेन जयंती है। पुलिस कमिश्नर अजय कुमार मिश्र ने कहा, जी-20 शिखर सम्मेलन में आने वाले अतिविशिष्ट महानुभावों की सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में धारा-144 का आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। धारा-144 लागू रहने के दौरान पांच या इससे अधिक व्यक्ति समूह में खड़े नहीं हो सकेंगे। सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना कोई कार्यक्रम आयोजित नहीं होगा। कोई भी व्ययक्ति किसी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र लेकर नहीं चलेगा। पेट्रोल पंप मालिक वाहन के अतिरिक्त बोतल-कंटेनर में बिक्री नहीं करेंगे। इस दौरान ड्रोन कैमरा, पैरा ग्लाइडिंग, हॉट बैलून उड़ाने पर भी पूरी तरह रोक सकेगी।

### गैराज में आग लगने से जली कार

गाजियाबाद। गाजियाबाद के वसुंधरा इलाके में शनिवार को कार गैराज में भीषण आग लग गई। आग में ब्रेजा कार पूरी तरह जल गई। आसपास की दुकानों-मकानों को समय रहते खाली करा लिया गया। इस अग्निकांड में कोई जनहानि नहीं हुई है। गाजियाबाद के मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया, फायर स्टेशन वैशाली को दोपहर 12ः12 बजे अग्निकांड की सूचना मिली। तुरंत अग्निशमन अधिकारी एक फायर टेंडर स्थित घटनास्थल के लिए रवाना हुए। वहां जाकर देखा तो वसुंधरा सेक्टर-2ए में एमिटी स्कूल के सामने प्लॉट नम्बर-5 स्थित ऑटो गैराज शॉप में भीषण आग लग रही थी। ये दुकान मकान के नीचे संचालित थी। दुकान से आग की भीषण लपटें निकल रही थीं। आग की लपटें और काला धुआं बहुत तेज था। फायर यूनिट ने शीघ्रता से होज लाइन फैलाकर और फायर फाइटिंग करके आग पर काबू पा लिया। हालांकि तब तक ताहिर नामक शख्स की ब्रेजा कार पूरी तरह जल चुकी थी। ये कार वहां रिपेयर होने के लिए आई थी। उधर, स्थानीय लोगों ने बताया कि दुकान में आग करीब एक घंटे तक धधकती रही। इसके बाद वहां पर फायर टीम बचाव-राहत कार्य करने के लिए पहुंची। अगर दमकल गाड़ी और पहले पहुंच जाती तो शायद आग को पहले ही बुझाया जा सकता था। फिलहाल ये पता नहीं चल सका कि दुकान में अचानक आग कैसे भड़की।

### दहेज उत्पीड़न या दुष्कर्म के झूठे आरोप अत्यधिक क्रूरता की श्रेणी में : हाईकोर्ट

नई दिल्ली। हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि पति व परिवार के सदस्यों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न या दुष्कर्म के झूठे आरोप लगाना अत्यधिक क्रूरता की श्रेणी में आता है। इसके लिए कोई माफी नहीं दी जा सकती। यह तलाक का भी ठोस आधार है। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत एवं न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की पीठ ने यह कहते हुए पारिवारिक अदालत के आदेश को बरकरार रखा जिसमें एक पति को हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 13 (1) (आईए) के तहत क्रूरता के आधार पर पत्नी से तलाक की अनुमति दी गई थी। पत्नी की अपील को खारिज करते हुए पीठ ने कहा कि वर्ष 2012 में शादी होने के बाद दोनों वर्ष 2014 से अलग-अलग रह रहे थे। इससे साबित होता है कि वे वैवाहिक संबंध बनाए रखने में असमर्थ थे। इससे एक-दूसरे को आपसी सहयोग और वैवाहिक रिश्ते से वंचित होना पड़ा। लगभग नौ साल का इस तरह का अलगाव अत्यधिक मानिसक क्रूरता का उदाहरण है। पति ने दावा किया था कि विवाह संपन्न नहीं हुआ है, लेकिन उसकी खुद की दलीलों से पता चलता है कि पत्नी संभोग के उसके प्रयास का विरोध करती थी और हमेशा अनिच्छुक रहती थी। इसके अलावा पति ने खुद गवाही दी थी कि उसने पत्नी को अपने साथ डॉक्टर के पास जाने के लिए कहा था, क्योंकि कोई बच्चा नहीं हो रहा था। एक जोड़े को एक-दूसरे के साथ और वैवाहिक रिश्ते से वंचित किया जाना क्रूरता की चरम सीमा है। इस दृष्टिकोण को सुप्रीम कोर्ट ने भी समर्थन दिया है। इस बात को दोहराने की जरूरत नहीं है कि किसी भी वैवाहिक रिश्ते की आधारशिला सहवास और वैवाहिक संबंध है।

# स्कूल बस में बच्ची का यौन शोषण, सीनियर पर आरोप

## पेरेंट्स पर केस वापस लेने का दबाव, दिल्ली महिला आयोग का पुलिस को नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बेगमपुर इलाके में एक 6 साल की बच्ची के यौन शोषण का मामला सामने आया है। बच्ची एक प्राइवेट स्कूल में पढ़ती है। आरोप है कि बच्ची से स्कूल बस में एक सीनियर स्टूडेंट ने छेड़छाड़ की थी। बच्ची के पेरेंट्स ने शिकायत की थी। अब स्कूल चेयरमैन ने बच्ची के पेरेंट्स पर केस वापस लेने का दबाव बनाया है।

घटना 23 अगस्त की है। मामले में दिल्ली महिला आयोग ने शुक्रवार 1 सितंबर को पुलिस को नोटिस जारी किया। DCW ने पुलिस से एफआईआर की कॉपी भी मांगी है। ये भी पूछा है कि केस दर्ज करने में देरी की वजह बताएं।

बच्ची की मां के मुताबिक, 23 अगस्त को जब स्कूल बस ने बेटी को



सोसाइटी गेट पर छोड़ा तो उसका बैग पेशाब से भीगा था। मां के पूछने पर बच्ची ने बताया कि उसके स्कूल के ही एक सीनियर स्टूडेंट ने बस में उससे छेड़छाड़ की है।

### स्कूल चेयरमैन ने बच्ची की पहचान उजागर की

घटना के अगले दिन (24 अगस्त) बच्ची के माता-पिता प्रिंसिपल और वाइस प्रिंसिपल से मिले और घटना की शिकायत की। बच्ची की मां ने आरोप लगाया कि 25 अगस्त को चेयरमैन ने उन पर शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया। चेयरमैन पर बच्ची की पहचान उजागर करने का आरोप भी है।

### दिल्ली महिला आयोग ने 5 सितंबर तक रिपोर्ट मांगी

दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने पूछा कि क्या स्कूल चेयरमैन, प्रिंसिपल, वाइस प्रिंसिपल और स्कूल के खिलाफ द प्रोटेक्शन ऑफ चाइल्ड फ्रॉम सेक्शुअल ऑफेंस एक्ट में मामला दर्ज किया या नहीं? आयोग ने 5 सितंबर तक पुलिस से रिपोर्ट मांगी है।

### ईएसआईसी अस्पताल में लगी आग

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-24 स्थित कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) अस्पताल में शनिवार शाम करीब साढ़े पांच बजे पुराने ओपीडी परिसर में फार्मेसी कक्ष के पास शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। गनीमत रही कि जिस वक्त वहां आग लगी, तब कोई मरीज नहीं था। अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। आग के कारण फार्मेसी में दवा के लिए आने वाले मरीजों का कंप्यूटर में दर्ज रिकार्ड को नुकसान पहुंचा है। अस्पताल प्रबंधन भी इस मामले की जांच करेगा। आग की लपटों ने नए परिसर के भवन को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटे देख इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। गनीमत रही कि जिस वक्त वहां आग लगी कोई मरीज नहीं था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने तीन फायर टेंडर की मदद से आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

## हिंदी शिक्षिका ऋतु शर्मा वत्स शिक्षक उत्कृष्टता सम्मान से सम्मानित

### शिक्षकों का सम्मान हम सबका राष्ट्रीय कर्तव्य है : अमिताभ राजन



**नई दिल्ली।** अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग दिल्ली सरकार के तत्वावधान में आज दिल्ली सचिवालय में शिक्षक दिवस समारोह आयोग के चेयरमैन श्री जगदीश यादव के सान्निध्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय सेवाओं और उल्लेखनीय योगदान के लिए बाल भारती पब्लिक स्कूल, गंगाराम मार्ग, नई दिल्ली की टीजीटी हिंदी शिक्षिका ऋतु शर्मा वत्स सहित बड़ी संख्या में शिक्षकों को मुख्य अतिथि भारतीय रिजर्व बैंक सेवा चयन बोर्ड के अध्यक्ष एवं महाराष्ट्र के पूर्व मुख्य सचिव श्री अमिताभ राजन ने शिक्षक उत्कृष्टता सम्मान से सम्मानित किया। अपने संबोधन में श्री राजन ने कहा कि भारत ने चंद्रयान-3 भेज कर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इसके पीछे भी उन अध्यापकों की भूमिका है जिन्होंने इसरो के वैज्ञानिकों को पढ़ाया। शिक्षक संघ में राष्ट्र निर्माता हैं और समाज को नयी दिशा देता है। इसलिए शिक्षक का सम्मान करना हम सबका राष्ट्रीय कर्तव्य है। आयोग के अध्यक्ष श्री जगदीश यादव ने सम्मानित किए गये शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि दिल्ली सरकार शिक्षकों के मान सम्मान में सदा आगे रहती है। इस अवसर पर राजकीय विद्यालय शिक्षक संघ के महासचिव श्री अजयवीर यादव सहित शिक्षा जगत की अनेकों हस्तियां मौजूद थीं।

## अवैध रूप से रह रहे विदेशियों के खिलाफ कार्रवाई

नई दिल्ली। अवैध रूप से रह रहे विदेशियों पर पुलिस ने शिकंजा कस दिया है। द्वारका जिला पुलिस ने अगस्त माह में ऐसे 14 विदेशी नागरिकों की पहचान की है। सभी नागरिकों को विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) के हवाले कर दिया गया है। एफआरआरओ इन विदेशियों को उनके देश भेजने की तैयारी कर रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि द्वारका जिला नारकोटिक्स सेल और मोहन गार्डन थाना पुलिस जिले में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी के तहत पुलिस ने मोहन गार्डन व उसके आसपास रहने वाले विदेशी नागरिकों के दस्तावेजों की जांच की है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि अगस्त माह में चलाए गए अभियान के तहत ऐसे 14 विदेशी नागरिकों की पहचान की, जो वीजा अवधि खत्म होने के बाद भी भारत में रह रहे थे।

# आईआईटी दिल्ली में बीटेक स्टूडेंट ने आत्महत्या की

## पुलिस बोली- एकेडमिक स्ट्रेस में उठाया कदम; दो महीने में दूसरी घटना

नई दिल्ली। दिल्ली के ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) में 21 साल के बीटेक स्टूडेंट ने आत्महत्या कर ली। शुक्रवार, 1 सितंबर की शाम को स्टूडेंट का शव हॉस्टल के कमरे में फंदे से लटका मिला। स्टूडेंट की पहचान अनिल कुमार (21) के रूप में की गई है। वह आईआईटी दिल्ली में मैथमेटिक्स और कंप्यूटिंग साइंस के 2019-2023 बैच का स्टूडेंट था। अनिल आईआईटी दिल्ली के विंध्यांचल हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रहा था। जून में अनिल का कोर्स खत्म हो गया था। हालांकि, कुछ सब्जेक्ट्स में पास न होने के कारण उसे छह महीने के एक्सटेंशन पर रखा गया था।

### एग्जाम क्लियर नहीं होने से स्टूडेंट तनाव में था

पुलिस ने बताया कि घटना शुक्रवार की शाम करीब 6 बजे की है। उन्हें फोन पर घटना की सूचना मिली। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो स्टूडेंट का कमरा अंदर से बंद था। दरवाजा तोड़कर पुलिस अंदर दाखिल हुई और स्टूडेंट को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक, स्टूडेंट के कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। माना जा रहा है कि एग्जाम क्लियर न होने की वजह से स्टूडेंट तनाव में था। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

### दो महीने के दौरान सुसाइड का दूसरा मामला

पिछले दो महीने के दौरान आईआईटी दिल्ली में बीटेक के स्टूडेंट के आत्महत्या की यह दूसरी घटना है। इससे पहले 8 जुलाई को आईआईटी दिल्ली के उदयगिरि हॉस्टल में B Tech फोर्थ ईयर के स्टूडेंट आयुष (20) ने अपने कमरे में फंदे से लटककर सुसाइड कर लिया था।

# अमेजन मैनेजर हत्याकांड में शामिल पांचों आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के भजनपुरा इलाके में अमेजन कंपनी के मैनेजर हरप्रीत गिल की हत्या के मामले में पुलिस ने शनिवार को पांचवें आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान भजनपुरा के सुभाष मोहल्ला निवासी अदनान (23) के तौर पर हुई है। इस पर पहले से तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं।

विशेष पुलिस आयुक्त (अपराध) रवीन्द्र सिंह यादव ने बताया कि अदनान को सदर बाजार इलाके से गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले इस हत्या के मामले में चार आरोपियों सोहेल, जुबैर, मोहम्मद समीर उर्फ माया और बिलाल गनी गिरफ्तार हो चुके हैं।



### ये था पूरा मामला

बीती मंगलवार रात उत्तर-पूर्वी दिल्ली के भजनपुरा इलाके में बाइक व स्कूटी सवार बदमाशों ने अमेजन के सीनियर मैनेजर और उसके मामा को गोली मार दी थी।

गंभीर हालत में मैनेजर हरप्रीत गिल (36) और इनके मामा गोविंद (32) को नजदीकी जग प्रवेश चंद अस्पताल ले जाया गया, जहां हरप्रीत को मृत घोषित कर दिया गया। मामा का इलाज जारी है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद हरप्रीत का शव परिवार को सौंप दिया था।

हरप्रीत गिल परिवार के साथ गली नंबर-1, सुभाष विहार, भजनपुरा में रहते थे। इनके परिवार में पिता करनैल सिंह, मां स्वर्णदीप कौर और एक छोटा भाई सन्नी गिल है। हरप्रीत पिछले करीब 14 सालों से अमेजन में सीनियर मैनेजर के पद पर तैनात थे।

फिलहाल उनकी तैनाती जखीरा स्थित दफ्तर में थी। रिश्ते में हरप्रीत के मामा लगने वाले गोविंद सिंह गली में ही परिवार के साथ रहते हैं। वह भजनपुरा मार्केट में हंग्रीबर्ड के नाम से मोमोज की दुकान चलाते हैं। मंगलवार रात को हरप्रीत अपने दफ्तर से घर आ गए। देर रात करीब 11 बजे दोनों बाइक से किसी काम से निकले।

रात करीब 11.45 बजे वापस लौटते समय गली नंबर-8/4 में उनका वहां से स्कूटी व बाइक पर गुजर रहे पांच लड़कों से कुछ विवाद हो गया। बदमाशों ने पिस्टल निकालकर दोनों की कनपटी पर सटाकर गोली मार दी और फरार हो गए। जिला पुलिस उपायुक्त डॉ. जॉय टिर्की का कहना है कि इनसे लूटपाट का प्रयास नहीं किया गया। परिजनों ने लेनदेन और रंजिश की बात से साफ इनकार किया।

### नाबालिग ने की थी युवक की हत्या, दबोचा

**नई दिल्ली।** जामिया नगर स्थित बटला हाउस इलाके में युवक की गला रेतकर हत्या करने की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस ने इस संबंध में एक नाबालिग को दबोचा है। दरअसल मृतक मोहम्मद वसीम उर्फ अल्ताफ पिछले करीब दो माह से अधिक समय से नाबालिग का यौन शोषण कर रहा था। एक बार वारदात को अंजाम देने के दौरान वसीम ने नाबालिग का वीडियो बना लिया था। इसके बाद वीडियो को सोशल मीडिया पर डालने की धमकी देकर वह जब चाहे उसे बुला लेता था। घटना वाले दिन भी आरोपी ने उसे गंदे काम के लिए बुलाया था। पुलिस नाबालिग से बातचीत कर वारदात में इस्तेमाल चाकू बरामद करने का प्रयास कर रही है। दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस उपायुक्त ने बताया कि बुधवार दोपहर करीब 2.15 बजे उनकी टीम को सूचना मिली कि एम-45, खलीलउल्लाह मस्जिद के पास दूसरी मंजिल पर एक युवक की गला रेतकर हत्या कर दी गई है। सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तो वहां फर्श पर मोहम्मद वसीम का शव मिला। जिस फ्लैट में वसीम का शव मिला वह उसी का था। कुछ दिनों पहले तक वहां किरायेदार रहता था, लेकिन बाद में वह खाली हो गया था। वसीम का परिवार जोगाबाई स्थित मक्का पैलेस के सामने रहता है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की। सीसीटीवी से पड़ताल हुई तो एक नाबालिग पर शक हुआ। पुलिस ने उसके परिजनों की मौजूदगी में उससे बातचीत की तो हत्याकांड का खुलासा हुआ।

### दिल्ली के उपराज्यपाल ने की लोगों से अपील, शहर की सुंदरता न करें खराब

नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी का बुनियादी ढांचा ऐसा होना चाहिए कि जी20 शिखर सम्मेलन जैसे भव्य आयोजन एक सप्ताह के नोटिस में आयोजित किए जा सकें। हमने दो महीनों में इस संबंध में बहुत काम किया गया है। उपराज्यपाल ने तैयारियों में शामिल सभी एजेंसियों और अधिकारियों के प्रयासों और कड़ी मेहनत की सराहना की। उन्होंने बताया कि तैयारियों को शनिवार शाम तक अंतिम रूप दे दिया जाएगा। सक्सेना ने अपील की है कि जी20 शिखर सम्मेलन के लिए दिल्ली में कई स्थायी संपत्तियां बनाई गई हैं, जिसके रखरखाव की जिम्मेदारी शहर के लोगों की है। इसे खराब न करें। हमारा पूरा फोकस शहर की खूबसूरती पर को बढ़ाने पर है। शिखर सम्मेलन से पहले खर्च किए गए बजट और शिवलिंग आकार के फव्वारे के संबंध में उभरे विवादों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मैं विवादों में नहीं जाना चाहता। उन्होंने यह भी कहा कि कई कलाकृतियां सीएसआर पहल के तहत दी गई हैं और शहर के सौंदर्यीकरण पर ज्यादा खर्च नहीं किया गया है। शिवलिंग मुद्दे पर उन्होंने कहा कि जो इसे शिवलिंग कह रहे हैं, वह मूर्तिकार की कल्पना है। देश के कण-कण में भगवान हैं।

### पुलिस ने 5 चोरों को किया गिरफ्तार

जेवर। रबूपुरा कोतवाली पुलिस ने पांच शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। जो क्षेत्र में स्थित कंपनी और वर्कशॉप समेत घरों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। पुलिस के मुताबिक, आरोपी पिछले कई महीनो से कई आपराधिक घटनाओं का अंजाम दे चुके हैं। जिनको पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार किया है गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से लाखों रुपये का चोरी का सामान भी बरामद किया गया है। पुलिस ने सभी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि शनिवार को टीम यमुना एक्सप्रेसवे के नजदीक चेकिंग कर रही थी।

## मंडी अध्यक्ष की हत्या करने वाला गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने केशोपुर मंडी के अध्यक्ष अजय चौधरी की हत्या करने वाले बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर मकोका के तहत भी मामला दर्ज है और वह चार साल से फरार चल रहा था। वह सलमान त्यागी और सद्दाम गौरी गैंग का सदस्य है। इनकी गैंगस्टर नीरज बवानिया से नजदीकियां हैं। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी ने पुलिस टीम पर गोली चलाने की कोशिश की, लेकिन पुलिसकर्मियों ने उसे दबोच लिया।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान तिहाड़ गांव निवासी मुस्तफा त्यागी के रूप में हुई है। स्पेशल सेल की टीम लगातार मुस्तफा त्यागी पर निगरानी रख रही थी। आरोपी लगातार दिल्ली और यूपी में ठिकाने बदल रहा था। 30 अगस्त को निरीक्षक शिव कुमार की टीम को जानकारी मिली कि मुस्तफा त्यागी नांगलोई के राजधानी पार्क में मौजूद है। सूचना को पुख्ता करने के बाद पुलिस की एक टीम ने डी ब्लॉक राजधानी पार्क के एक मकान पर दबिश दी। पुलिस ने उसे आत्मसमर्पण करने के लिए कहा, लेकिन उसने पिस्टल निकाल ली। उसके गोली चलाने से पहले ही पुलिस टीम ने उसे पकड़ लिया। उसके कब्जे से एक सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल और तीन कारतूस बरामद हुए।

स्पेशल सेल के विशेष आयुक्त एचजीएस धालीवाल ने बताया कि मुस्तफा त्यागी सलमान त्यागी-सद्दाम गौरी गैंग का सदस्य है। इनका नीरज बवाना गैंग से गहरा नाता है। मुस्तफा पर दिल्ली में हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण, जबरन वसूली, डकैती, शस्त्र अधिनियम के पांच मामले दर्ज हैं। गैंग के सदस्यों की आपराधिक गतिविधियों को देखते हुए साल 2019 में हरिनगर थाने में इनके खिलाफ मकोका के तहत मामला दर्ज किया गया था। उसके बाद से वह फरार था। 7 मई 2022 को व्यक्तिगत रंजिश में मुस्तफा ने केशोपुर मंडी के अध्यक्ष की सरेराह गोली मारकर हत्या कर दी थी।

# अब नक्शों में बिल्डर नहीं कर सकेंगे गड़बड़ी

## राजस्व विभाग के नक्शे से कराए जाएंगे सुपर इम्पोज़, जीआईएस बेस्ड 13 शहर में होगी लागू

नोएडा। अक्सर देखा गया है कि बिल्डर प्राधिकरण से जो नक्शा पास कराते है उसके अनुसार वो निर्माण नहीं करते।

बल्कि ज्यादा कमाने के चक्कर में कॉमन एरिया, ग्रीनरी के साथ खिलवाड़ करते हुए वहां भी निर्माण करते है। अब ऐसा नहीं होगा। मसलन, प्राधिकरण द्वारा परियोजना के स्वीकृत मास्टर प्लान के नक्शे को राजस्व विभाग के नक्शे पर सुपर इम्पोज़ कराया जायेगा।

इससे प्रमोटर अपनी परियोजना से संबंधित जो स्वीकृत अभिलेख व मानचित्र यूपी रेरा में उपलब्ध कराते हैं। उन्हें उसी के अनुसार परियोजना का निर्माण करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। प्रमोटर द्वारा परियोजना के



वास्तविक व स्वीकृत मानचित्र या नक्शे में किसी भी प्रकार का बदलाव करना असंभव हो जाएगा और इस प्रक्रिया की मदद से जांच में आसानी होगी।

### पहले फेज में 13 शहरों में लागू होगी

पहले फेज में यह प्रक्रिया जी.आई.एस (ग्लोबल इन्फॉर्मेशन सिस्टम) बेस्ड मास्टर प्लान वाले 13 शहरों में लागू होगी। जिसमें रिमोट सेंसिंग की सटीक तकनीकी का उपयोग कर परियोजना के नक्शों को राजस्व विभाग के नक्शो के ऊपर सुपर इम्पोजिशन किया जायेगा।

इससे भविष्य में परियोजना के मूल नक्शे में किसी भी बदलाव सम्बन्धित विवाद में सुपर इंपोस्ड मैप की मदद ली जाएगी जिससे कोई भी बदलाव स्पष्ट रूप से पता चल सकेगा।

उ.प्र. रेरा चेयरमैन संजय भूसरेड्डी ने कहा कि यूपी रेरा का प्रमुख उद्देश्य रियल एस्टेट सेक्टर को विनियमित कर विकास के पथ पर ले जाना है। यह तभी सम्भव है जब रेरा अधिनियम का अनुपालन प्रदेश भर में सुचारु रूप से हो सके।

परियोजना के नक्शों के सुपर इम्पोजीशन से होम बायर्स को भी प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हो सकेगा। प्रमोटर द्वारा जो नक्शा प्राधिकरण में उपलब्ध कराया गया होगा उसी के अनुसार निर्माण प्राप्त होने से होम बायर्स और प्रमोटर के बीच विवाद की संभावनाएं भी नहीं रह जाएंगी।

# यमुना एक्सप्रेस वे पर लगेंगे 10 वाच टॉवर

**नोएडा।** एक से दो महीने में मौसम बदलेगा और ठंड बढ़ेगी। इसके साथ यमुना एक्सप्रेस वे पर कोहरा बढ़ेगा। दुर्घटना भी बढ़ सकती है। इसे रोकने के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से पायलट प्रोजेक्ट पर दो वाच टावर लगाए गए थे।

जॉइंट सीपी आनंद कुलकर्णी ने बताया कि अब टावरों की संख्या बढ़ाकर 10 की जा रही है। ग्रेटर नोएडा के जीरो प्वाइंट से जेवर टोल करीब 50 किमी में ये वॉच टावर लगाए जाएंगे। इसमें दोनों साइड प्रत्येक 10-10 किमी पर वॉच टावर होगा।

इन टावर की ऊंचाई करीब 15 फीट रखी गई है। जिस पर सीसीटीवी कैमरे और दूरबीन लगाई जाएगी। यहां यलो लाइट का प्रयोग होगा। सभी वॉच टावर एक दूसरे से इंटरनल लिंक होंगे। ताकि कोई भी सूचना का आदान प्रदान तुरंत किया जा सके। उदाहरण के तौर पर यदि कोई एक्सीडेंट जीरो पाइंट से 5-6 किमी पर होता है। सभी टावरों को अलर्ट पहुंच जाएगा और यहां ट्रैफिक को रोक दिया जाएगा।

कोहरे में होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सकेगा। इसके जरिए यातायात को भी सुचारु रूप से चलाया जा सकेगा। यानी ऐसा समझे के सीसीटीवी कैमरों के अलावा अब एक्सप्रेस वे के 50 किमी की मैन्यू वली सर्विलांस होगा। इन वॉच टावर पर 8-8 घंटे पुलिस कर्मियों की डियूटी लगाई जाएगी।

# संपादकीय

## मणिपुर में सरकार और प्रशासन पूरी तरह नाकाम

मैतेई और कुकी समुदायों के बीच संघर्ष में अब तक लगभग दो सौ लोगों की जान जा चुकी है और सैकड़ों घायल हुए हैं।

मणिपुर में हिंसा की ताजा घटनाओं में छह लोगों के मारे जाने और कई अन्य के घायल हो जाने से साफ है कि तमाम कवायदों के बावजूद सरकार वहां शांति स्थापित कर पाने में नाकाम है। वहां हिंसा शुरू हुए करीब चार महीने हो गए हैं और इस बीच पुलिस से लेकर सेना तक का सहारा लेकर टकराव में शामिल गुटों को काबू में करने की कोशिशें जारी हैं।

मगर आज भी वहां जैसे हालात हैं, उसके मद्देनजर सरकार को कुछ ठोस कदम उठाने की जरूरत है। गौरतलब है कि मणिपुर में गुरुवार को चुराचांदपुर-बिष्णुपुर सीमा पर दो गुटों की गोलीबारी में छह लोगों की मौत हो गई। चुराचांदपुर कुकी-जोमी बहुल इलाका है और बिष्णुपुर में ज्यादातर आबादी मैतेई समुदाय की है।

ताजा संघर्ष में मारे गए लोगों में वहां के एक लोकप्रिय गीतकार की भी जान चली गई। मंगलवार से अब तक गोलीबारी में कुल नौ लोग मारे जा चुके हैं। इन घटनाओं के बाद एक रिवायत की तरह पुलिस की ओर से फिर यही कहा गया है कि हिंसाग्रस्त इलाकों में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। सवाल है कि इतने लंबे संघर्ष और इसमें शामिल समूहों के चिह्नित होने के बावजूद सरकार और प्रशासन हिंसा और अराजकता को रोकने के मामले में क्यों लाचार दिख रही है!

विडंबना है कि इस मसले पर उच्चतम न्यायालय सरकार को हिदायत दे चुका है कि वह हिंसा पर लगाम लगाने और शांति कायम करने के लिए ठोस कदम उठाए, जरूरी कार्रवाई करे। उसकी तरफ से गठित निगरानी समिति मणिपुर में काम शुरू कर चुकी है। मगर इससे अफसोसनाक और क्या होगा कि इसके बावजूद वहां के कई इलाके अब भी अशांत हैं।

हालांकि राज्य सरकार स्थिति को नियंत्रण में कर लेने का भरोसा जता रही है, लेकिन पिछले कई महीने से जैसी घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, उससे साफ है कि हिंसा को रोक पाने में वहां की पुलिस व्यापक पैमाने पर नाकाम साबित हुई है।

यह बेवजह नहीं है कि जिन इलाकों में मैतेई और कुकी समुदायों के बीच टकराव अधिक था और उससे निपटना एक जटिल चुनौती थी, वहां हालात पर काबू पाने के लिए सेना को भी उतारा गया। पर ऐसा लगता है कि इस समस्या से उपजी चिंता गहराती जा रही है।

गौरतलब है कि बीती मई की शुरुआत में मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति वर्ग में शामिल करने के मसले पर शुरू हुए विरोध के बाद हिंसा भड़क गई और उसका दायरा फैलता चला गया। मैतेई और कुकी समुदायों के बीच संघर्ष में लगभग दो सौ लोगों की जान जा चुकी है और सैकड़ों घायल हुए हैं। इससे निपटने के लिए केंद्र सरकार की ओर से शांति समिति का भी गठन किया गया था।

मगर अब भी दोनों समुदायों के बीच हिंसा को रोक पाना संभव क्यों नहीं हो सका है। दूसरी ओर, यह स्थिति भी पैदा हुई कि कुकी समुदाय की ओर से अपनी उपेक्षा को कारण बताते हुए स्वायत्त प्रशासन की मांग उठाई गई। सवाल है कि हिंसा शुरू होने के मूल कारणों पर गौर करना और उसे सुलझाने के लिए कोई रास्ता निकालना सरकार को क्यों जरूरी नहीं लग रहा है!

फिलहाल सबसे प्राथमिक कदम यह होना चाहिए कि सरकार हिंसा और टकराव को रोकने के साथ ही इसमें शामिल सभी पक्षों से बातचीत का हर संभव कदम उठाए, क्योंकि समस्या चाहे जितनी भी जटिल हो, उसका समाधान आखिरी तौर पर संवाद से ही निकलेगा।

## पार्षदों के भत्ते में बढ़ोतरी का प्रस्ताव सवालों के घेरे में

दिल्ली नगर निगम ने पार्षदों का मासिक भत्ता तीन हजार रुपए से बढ़ा कर एक लाख रुपए और बैठक भत्ता तीन सौ रुपए से बढ़ा कर पच्चीस हजार रुपए करने का प्रस्ताव पारित कर दिया है।

जन प्रतिनिधियों को मिलने वाले वेतन-भत्ते और दूसरे खर्चों के मद में बढ़ोतरी मुख्य रूप से महंगाई को ध्यान में रख कर की जाती है। यह अलग बात है कि इसका आकलन और निर्धारण खुद जनप्रतिनिधि ही करते हैं। मगर कई बार यह बढ़ोतरी इतनी अतार्किक हो जाती है कि उसकी तरफ स्वाभाविक ही अंगुलियां उठने लगती हैं।

दिल्ली नगर निगम में पार्षदों के मासिक और बैठक भत्ते में बढ़ोतरी का प्रस्ताव कुछ वैसा ही है। नगर निगम ने पार्षदों का मासिक भत्ता तीन हजार रुपए से बढ़ा कर एक लाख रुपए और बैठक भत्ता तीन सौ रुपए से बढ़ा कर पच्चीस हजार रुपए करने का प्रस्ताव पारित कर दिया है। हालांकि उन्हें भत्ते के रूप में मिलने वाली मौजूदा राशि आज के समय में बहुत कम कही जा सकती है।

तीन हजार रुपए महीने में तो आजकल किसी विद्यार्थी का भी खर्चा नहीं चल पाता। तीन सौ रुपए में कई लोगों का जेबखर्च नहीं चलता। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि इनमें बढ़ोतरी की मांग वाजिब थी। मगर तीन सौ रुपए से बढ़ा कर एकदम से पच्चीस हजार रुपए कर देने को लेकर सवाल उठने स्वाभाविक हैं।

इस बढ़ोतरी पर दिल्ली की महापौर का कहना है कि चूंकि निगम पार्षदों को कोई वेतन नहीं मिलता, उन्हें भत्ता दिया जाता है, इसलिए इतने भत्ते में उनका खर्च नहीं चल पाता। यह पहला मौका नहीं है, जब आम आदमी पार्टी को अपने जनप्रतिनिधियों के वेतन और भत्ते बढ़ाने को लेकर आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। जब पहली बार दिल्ली में विधायकों के वेतन और भत्तों में बढ़ोतरी की गई थी, तब भी सवाल उठे थे।

तब मुख्यमंत्री का कहना था कि विधायकों को चूंकि अपने दफ्तर का खर्च भी उठाना पड़ता है, सैकड़ों लोग उनके दफ्तरों में रोज आते हैं, उन्हें चाय-पानी पिलाने आदि पर खर्च करना पड़ता है, उन्हें अपने निर्वाचन क्षेत्र में लगातार लोगों से संपर्क करना पड़ता है और इन सबमें काफी खर्च आता है। महंगाई बढ़ने से उनके वेतन और भत्तों से वह खर्च पूरा नहीं हो पाता।

फिर उन्होंने यह भी तर्क दिया था कि दूसरे दलों के विधायक चूंकि दूसरे तरीकों से अपने खर्चे जुटा लेते हैं, आम आदमी पार्टी के विधायक उन्हीं पैसों से खर्च चलाते हैं, जो उन्हें सरकार देती है। यही तर्क पार्षदों के मामले में भी दिया जा सकता है। मगर यह सवाल फिर भी बना रहेगा कि क्या जनप्रतिनिधियों के वेतन और भत्तों में बढ़ोतरी से भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने में मदद मिल सकती है।

इस बढ़ोतरी से यह भी सवाल उठता है कि आखिर अब तक इसमें बढ़ोतरी की मांग क्यों नहीं उठी और कैसे पार्षद तीन हजार रुपए मासिक और तीन सौ रुपए प्रति बैठक भत्ते से अपने खर्च चलाया करते थे। दिल्ली नगर निगम में अक्सर अनियमितताओं की शिकायतें आती रहती हैं। बहुत सारे काम चूंकि ठेके पर होते हैं, इसलिए उनमें कमीशनखोरी भी जगजाहिर है।

ऐसे में शायद पार्षदों को सरकार से मिलने वाले भत्ते की कम राशि से कोई फर्क न पड़ता रहा हो।

मगर आम आदमी पार्टी इनमें बढ़ोतरी करके अनियमितताओं पर रोक लगाने का दावा कैसे कर सकती है। इससे बेशक करदाता का पैसा अधिक खर्च होना शुरू हो जाएगा। हालांकि अभी इस प्रस्ताव को शहरी विकास विभाग और उपराज्यपाल के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा, इसलिए देखने की बात है कि इसमें वास्तविक बढ़ोतरी कितनी हो पाती है।

# 'एक देश एक चुनाव' विचार का विरोध करने की बजाय इससे देश को होने वाले लाभ को देखें

**प्रो. संजय द्विवेदी**

सिर्फ खर्च ही नहीं, बल्कि अन्य कई दृष्टि से भी 'एक देश एक चुनाव' का विचार काफी फायदेमंद है। इसमें प्रशासनिक तंत्र और सुरक्षा बलों पर बार-बार पड़ने वाला बोझ कम होगा, जिससे वे चुनावी गतिविधियों से बचा समय दूसरे उपयोगी कामों को दे सकते हैं।

अब जबकि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व में एक देश एक चुनाव पर विचार हेतु केंद्र सरकार ने एक समिति बना दी गई है, तब यह मुद्दा बहुत विचारणीय हो गया है। स्वस्थ, टिकाऊ और विकसित लोकतंत्र वही होता है, जिसमें विविधता के लिए भरपूर जगह होती है, लेकिन विरोधाभास नहीं होते। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भविष्योन्मुखी दृष्टि वाले नेतृत्व में विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत धीरे-धीरे इसी दिशा में आगे बढ़ रहा है। 'एक देश-एक टैक्स' की सफलता ने इस बात को सही साबित किया है। अब तक देश के लगभग एक तिहाई राज्यों में लागू हो चुके 'एक नेशन-एक राशन' कार्यक्रम के ऐसे ही सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं। इसी प्रकार, एक देश-एक कानून (यूनिफॉर्म सिविल कोड) लागू किए जाने के विचार को भी जनता के एक विशाल वर्ग का अपार समर्थन मिल रहा है।

'एक देश-एक चुनाव' लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं का चुनाव एक साथ करवाने का एक नीतिगत उपक्रम है। इसे समझने के लिए हमें चुनाव की प्रक्रिया को समझना होगा। हमारे देश में केंद्र और सभी राज्यों में, केंद्र शासित प्रदेशों को छोड़कर, जनता द्वारा चुनी हुई सरकारें कार्य करती हैं। इनका कार्यकाल पांच वर्ष का होता है। ये कार्यकाल, किसी भी महीने पूरा हो सकता है। जब किसी निर्वाचित सरकार का पांच साल का कार्यकाल पूरा हो जाता है, तो उस राज्य में अथवा केंद्र में एक निर्धारित अवधि के अंदर नए चुनाव कराना आवश्यक होता है, ताकि वहां नई सरकार गठित की जा सके और देश और उस प्रदेश का काम फिर से सुचारू ढंग से चलना सुनिश्चित किया जा सके।

चुनावों की प्रक्रिया को निर्बाध व निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराने के लिए, काफी बड़े तंत्र व खर्च की आवश्यकता होती है। जितने ज्यादा चुनाव, उतनी ही ज्यादा व्यवस्था। 2023 को ही लें। इस साल राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना, जम्मूक्कश्मीर, त्रिपुरा, मेघालय, नागालैंड और मिजोरम समेत देश के दस राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं (इनमें से कुछ राज्यों में इस साल चुनाव हो चुके हैं)। इनमें कितने समय, धन और व्यवस्था की जरूरत पड़ेगी, इसका अंदाजा लगाना कोई मुश्किल काम नहीं है। ऊपर से, इन चुनावों के खत्म होते-होते लोकसभा चुनावों की गहमागहमी शुरू हो जाएगी। अब सोचिए कि अगर इन राज्यों के और लोकसभा के चुनाव एक साथ कराने की व्यवस्था की जा सके तो कितना देश का कितना समय और धन बचेगा। आज अगर हम देश के राजनीतिक परिदृश्य पर नजर डालें, तो पायेंगे कि हर वर्ष देश को कोई न कोई हिस्सा चुनावमय बना रहता है। लेकिन, शुरुआत में ऐसा नहीं था। देश के पहले आम चुनावों से लेकर अगले पंद्रह सालों तक, 1952, 1957, 1962, 1967 में चार बार लोकसभा चुनाव हुए और हर बार राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव भी इनके साथ-साथ ही करवाए गए। लेकिन, जब 1968-69 में अलग-अलग कारणों से कुछ राज्यों की विधानसभाएं उनका कार्यकाल खत्म होने से पहले ही भंग कर दी गईं, तो यह सिलसिला बाधित हो गया। यहां तक कि पहली बार लोकसभा चुनाव भी समय से पहले ही करवा लिए गए। चौथी लोकसभा का कार्यकाल 1972 तक था, लेकिन आम चुनाव इसके पूरा होने से पहले ही 1971 में करा लिए गए।

इससे समझा जा सकता है कि अगर राज्यों के विधानसभा चुनाव और आम चुनाव एक साथ आयोजित कराने की बात की जा रही है तो इसमें कुछ भी ऐसा नहीं है, जिस पर आपत्ति की जानी चाहिए। लेकिन, जब भी केंद्र में सत्तासीन एनडीए सरकार, एक बार फिर इस व्यवस्था की बहाली की बात करती है तो विपक्ष इस तरह मुखर हो उठता है कि जैसे उसे किसी भी हाल में यह नहीं होने देना है। भाजपा विरोधी कुछ दल इसे भाजपा का 'सत्ता का केंद्रीकरण करने की योजना' कहकर इसका विरोध जारी रखे हैं, जबकि सच तो यह है कि 'एक देश, एक चुनाव' की अवधारणा काफी पुरानी है। इस विषय पर संविधान समीक्षा आयोग, विधि आयोग, चुनाव आयोग और नीति आयोग जैसे प्रभावशाली संस्थानों की राय भी काफी सकारात्मक है। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत नेतृत्व में राजग सरकार, राष्ट्रहित में इस विचार को और अधिक लटकाए न रखकर एक ठोस व साकार रूप देना चाहती है।

### 25 साल से जारी है विचार

विशेषज्ञ लंबे समय से 'एक राष्ट्र एक चुनाव' पर अपनी राय व्यक्त करते रहे हैं। वर्ष 1999 में विधि आयोग ने अपनी 170वीं रिपोर्ट में लोकसभा और विधानसभाओं के चुनावों को एक साथ कराने का समर्थन किया था। रिपोर्ट का एक पूरा अध्याय इसी मुद्दे पर केंद्रित है। चुनाव सुधारों पर विधि आयोग की इस रिपोर्ट को देश में राजनीतिक प्रणाली के कामकाज पर अब तक के सबसे सटीक दस्तावेज़ों में से एक माना जाता है। मजबूत केंद्र एवं शक्तिशाली नेतृत्व के प्रबल पक्षधर, तत्कालीन गृहमंत्री और उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी ने इसे राजनीतिक स्तर पर प्रमुखता से उठाया था। वर्ष 2003 में, अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल के दौरान अटल बिहारी वाजपेयी ने भी इस प्रस्ताव का समर्थन किया था।

'एक राष्ट्र एक चुनाव' को लेकर भाजपा की इच्छाशक्ति और प्रतिबद्धता, पार्टी के 2014 और 2019 के घोषणापत्रों में भी देखी जा सकती है। दूसरी बार सत्ता संभालने के महज एक ही महीने बाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 जून 2019 को इस पर चर्चा के लिए एक सर्वदलीय बैठक बुलाई थी। इसके लिए आमंत्रित 40 दलों में से 21 दलों के नेता इस विमर्श में भाग लेने के लिए प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में रखी गई इस बैठक में शामिल हुए। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में एक कमेटी गठित करने का निर्णय लिया गया, जिससे इस मुद्दे पर आम सहमति बनाई जा सके और इसके काम करने के तरीकों की व्यवहारिकता और संभावनाओं को लेकर एक रिपोर्ट तैयार की जा सके।

### समय की मांग है 'एक देश, एक चुनाव'

इसके पीछे सबसे बड़ा उद्देश्य तो यही है कि राजकोष पर पड़ने वाले चुनावी खर्च के बोझ को कम से कम किया जाए, जो पिछले कुछ दशकों में लगातार बढ़ता ही गया है। इसके अलावा थोड़े-थोड़े अंतराल के बाद होने वाले चुनावों के दौरान आचार संहिता लागू हो जाने से बहुत सारे विकास कार्य और जनहित कार्यक्रम बाधित होते हैं, इससे भी बचा जा सकेगा।

अगर हम खर्च की ही बात करें तो पिछले पैटर्न को देखते हुए हम पाएंगे कि पहले आम चुनावों से लेकर पिछले आम चुनावों तक उम्मीदवारों की संख्या करीब पांच गुना बढ़ी है, लेकिन चुनावों पर आने वाला खर्च पांच हजार गुना से भी ज्यादा हो गया है। 1951-52 में जब पहले लोकसभा चुनाव हुए थे, तो इनमें 53 राजनीतिक दल चुनावी समर में उतरे थे। इन चुनावों में 1874 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा और खर्च आया कुल 11 करोड़ रुपए। अब 2019 के लोकसभा चुनावों को देखते हैं। इनमें कुल 9000 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा और खर्च था लगभग 60 हजार करोड़ रुपए। यानि हर लोकसभा क्षेत्र पर औसतन 110 करोड़ का खर्च। जबकि 2014 के आम चुनावों पर इसका आधा ही यानी लगभग 30 हजार करोड़ रुपए खर्च आया था।

अब देश में विधानसभा सीटों की बात करते हैं। सभी राज्यों में कुल मिलाकर विधानसभा की चार हजार से अधिक सीटें हैं। मोटे-मोटे तौर पर एक लोकसभा क्षेत्र में करीब आठ विधानसभा सीटें आती हैं। अगर हम 2019 के आम चुनावों के खर्च को विधानसभा चुनावों के परिप्रेक्ष्य में देखें, तो यह लगभग 15 करोड़ रुपए प्रति विधानसभा सीट बैठता है। मान लीजिए कि एक लोकसभा सीट और उसके अंतर्गत आने वाली आठ विधानसभा सीटों के लिए दो अलग-अलग समय पर चुनाव होते हैं। ऐसे में यह खर्च दोगुना हो जाएगा। लेकिन, अगर हम इन्हीं चुनावों को एक साथ करायें तो इस खर्च को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इससे जो धन राशि बचेगी, उसका उपयोग शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने जैसे कार्यों में किया जा सकता है, जिससे लोगों के जीवन स्तर में सुधार आएगा।

### चुनौतियां भी कम नहीं

सिर्फ खर्च ही नहीं, बल्कि अन्य कई दृष्टि से भी 'एक देश एक चुनाव' का विचार काफी फायदेमंद है। इसमें प्रशासनिक तंत्र और सुरक्षा बलों पर बार-बार पड़ने वाला बोझ कम होगा, जिससे वे चुनावी गतिविधियों से बचा समय दूसरे उपयोगी कामों को दे सकते हैं। मतदाता सरकार की नीतियों को केंद्र व राज्य दोनों स्तर पर परख सकेंगे।

# राष्ट्र निर्माण की सूत्रधार नारी, योग्य माता, योग्य राष्ट्र की निमात्री

भारतीय ऋषियों ने अथर्व वेद में माताओं को माता भूमिह पुत्र अहं पृथ्व्या अर्थात भूमि मेरी माता है और हम इस धरा के पुत्र हैं, कहकर प्रतिष्ठित किया है, तभी से विश्व में नारी महिमा का उद्घोष हो गया था। महान शासक नेपोलियन बोनापार्ट ने नारी की महत्ता को बताते हुए कहा था कि मुझे एक योग्य माता दे दो, मैं तुम्हें एक योग्य राष्ट्र दूंगा।

मानव कल्याण की भावना, कर्तव्य, सृजनशीलता और ममता को सर्वोपरि मानते हुए महिलाओं ने इस जगत में मां के रूप में अपनी सर्वोपरि भूमिका को निभाते हुए राष्ट्र निर्माण और विकास में अपने विशेष दायित्वों का निर्वहन किया है। किसी भी राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं का महत्व इसलिए भी सर्वोपरि है कि महिलाएं बच्चों को जन्म देकर उनका पालन पोषण करते हुए उनमें संस्कार एवं सद्गुणों का उच्चतम विकास करती हैं, और राष्ट्र के प्रति उनकी जिम्मेदारी को सुनिश्चित करती है। जिससे राष्ट्र निर्माण और विकास निर्बाध गति से होता रहे। वीर भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, विवेकानंद जैसी विभूतियों का देश हित में अवतार माँ के लालन-पालन की ही देन है।

जीजाबाई, जयंताबाई, पन्ना धाय जैसी अनेक माताओं को त्याग समर्पण और त्याग को भी इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अक्षरों से अंकित किया गया है। माताएं ही हैं जो बहुआयामी व्यक्तित्व का निर्माण और विकास करती है। मूलतः माताएं, स्त्रियां की राष्ट्र निर्माण की सशक्त सूत्रधार होती है।

राष्ट्र निर्माण के संदर्भ में नारी विधाता की सर्वोत्तम और उत्कृष्ट कृति है। जो जीवन की बगिया को महकाती है और न केवल व्यक्तिगत बल्कि राष्ट्र निर्माण एवं विकास में अपनी महती भूमिका निभाती है। नारी के लिए यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि उनमें विविधता में एकता होती है। महिलाओं के बाह्य रूप और सौंदर्य तथा पहनावे में विस्तृत विविधता तो होती ही है, लेकिन उनके मानस में एक आकार और केंद्रीय शक्ति ईश्वर की तरह एक ही होती है।

नारी का स्वरूप न केवल बाहर अपितु अंतर्मन के ममत्व भाव का वृहद स्वरूप का भी रहस्योद्घाटन करती हैं, नारी प्रकृति एवं ईश्वरिय जगत का अद्भुत पवित्र साध्य है, जिसे अनुभव करने के लिए पवित्र साधन एवं दृष्टि का होना आवश्यक है, नारी का स्वरूप विराट होता है जिसके समक्ष स्वयं विधाता भी नतमस्तक हो जाते हैं, नारी अमृत वरदान होने के साथ-साथ दिव्य औषधि भी है।

समाज के सांस्कृतिक धार्मिक भौगोलिक ऐतिहासिक और साहित्यिक जगत में नारी यानी स्त्री का दिव्य स्वरूप प्रस्फुटित हुआ है और जिसके फलस्वरूप राष्ट्र ने नई नई ऊंचाइयों को भी शिरोधार्य किया है। सभ्यता, संस्कृति ,संस्कार और परंपराएं महिलाओं के कारण ही एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में हस्तांतरित होती हैं । अतः महिलाओं की सामाजिक, शैक्षिक, धार्मिक कार्य शक्ति ही परिवार तथा समाज और राष्ट्र को सशक्त बनाते हैं। नारियों के संदर्भ में यह भी कहा गया है कि सशक्त महिला सशक्त समाज की आधारशिला होती है। माताएं शिशु की प्रथम शिक्षिका होती है। माता के बाद बहन, पत्नी का अवतार राष्ट्र निर्माण और विकास के साथ-साथ पथ प्रदर्शक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, पत्नी चाहे तो पति को गुणवान और सद्गुणी बना सकती है।

# आत्म अवलोकन

एकांत की परछाई,
अब साथ साथ नही चलती,
थमी है दुबकी, कोने में, शांत,
कोई छाया, प्रति छाया नही,
मंदिर की घंटियों,
शमशान में शव में अग्निदग्ध,
सूखी लकड़ियों से ध्वनित
चटखने की आवाज में,
एकात्मक समानता,
वैराज्ञ,
आत्म मंथन,
व्योम में विचरता मानव,
लोट आया है नीड़ में,
विचारों की चादर ओढे,
दुबका है,
दोनों हाथों से ढाल बन कर,
नन्हो की चिंता लिए,
मिथ्या है,
जीवन के रेशो के छोरों की खोज,
धन, बाहुबल, सामंती रौब,
दम्भ, ज्ञान, विज्ञान,
तंतुजाल
सब शरणागत,
उस अदृश्य महाशक्ति के सामने,
घुटने टेके,
जो विपन्न दरीद्र के
हृदय में शाश्वत सत्य की
मानिद स्थापित है,



संजीव ठाकुर
रायपुर

# ऑनलाइन गेमिंग विज्ञापन बनाम बुद्धिजीवी सेलिब्रिटी व्यक्तित्व



ऑनलाइन गेमिंग से समाज पर बढ़ते दुष्टपरिणाम को रेखांकित करना समय की मांग

ऑनलाइन गेमिंग का विज्ञापन, सेलिब्रिटी व सर्वोच्च भारतीय सम्मान से नवाजे बुद्धिजीवियों द्वारा करना, उनके व्यक्तित्व को शोभा नहीं देता - एडवोकेट किशन भावनानी गोंदिया

गोंदिया - भारत ने एक ओर जहां चांद फतेह कर लिया है और शनिवार 2 सितंबर 2023 को सूर्य के सीक्रेट पता करने आदित्य एल1 मिशन को सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया गया है, जिसका काउंटडाउन शुक्रवार 11.50 बजे से ही शुरू कर दिया गया था और विज़न 2047 का जोरदारआगाज़ चल रहा है, जिससे भारत की प्रतिष्ठा को चार चांद लग रहे हैं वहीं घरेलू स्तरपर कुछ ऐसी स्थितियांआ जाती है जिसके बारे में हर भारतीय नागरिक को देश हित सर्वोपरकी तर्ज पर सोचानां होगा विशेष रूप से हर क्षेत्र में भारत की सेलिब्रिटीज हर क्षेत्र में भारत का सर्वोच्च सम्मान पद्म भूषण पद्म विभूषण पानें वाले व्यक्तियों को विशेष रूप से सोचने के लिए रेखांकित होना होगा कि हमारी छोटी से छोटी असावधानी भी देश पर उंगली उठाने वालों की नजर में आ सकती है। यह बात हम इसलिए कह रहे हैं कि अभी दो दिन पूर्व महाराष्ट्र के एक भारत रत्न से नवज़ितत व्यक्तित्व के घर के सम्मुख पूर्व मंत्री औरविधायक सहित कुछ कार्यकर्ताओं ने धरना दिया, क्योंकि उन्होंने ऑनलाइन गेमिंग पर विज्ञापन किया है, जिससे प्रेरित होकर हजारों लाखों नागरिकों इस गेमिंग में जाकर अपना जीवन बर्बाद करने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है और कई सैकड़ो लाखों लोगों ने अपना जीवन बर्बाद पहले ही कर दिया हो इससे इनकार नहीं किया जा सकता। इस बल पर शायद हत्याएं भी हुई हो हालांकि इस के लिए शासन द्वारा भी ऑनलाइन गेमिंग को हतोत्साहित करने के लिए 30 प्रतिशत इनकम टैक्स 28प्रतिशत जीएसटी सहित कुछ कर लगाए हैं। परंतु जरूरत इसे पूर्ण रूप से बैन करने की है इसलिए भारत रत्न से अलंकृत व्यक्तित्व को यह शोभा नहीं देता कि इस तरह की विज्ञापन करें, जिसे रेखांकित करना जरूरी है। इसलिए देश की नज़र उस विधायक और पूर्व मंत्री के धरने पर गई। हालांकि हम टीवी चैनलों और सोशल मीडिया पर देखते भी हैं कि कई बॉलीवुड के नामी सितारों द्वारा भी इस ऑनलाइन गेमिंग का विज्ञापन अभी भी जारी है। हालांकि इसमें कोई कानूनी रूकावट या बाध्यता नहीं है परंतु राष्ट्रीय हित सर्वोपरि की की तर्ज पर ऐसे प्रतिष्ठित व्यक्तियों द्वारा ऐसा विज्ञापन करना शोभा नहीं देताहालांकि इसके पूर्व इस विधायक पूर्वमंत्री द्वारा महाराष्ट्र के माननीय सीएम को इसपर प्रतिबंध लगाने का अनुरोध भी किया है। अब अनेकों स्थानों शहरों से देखने व सुनने को मिल रहा है कि इन प्रतिष्ठित सेलिब्रिटी और व्यक्तियों द्वारा किए गए विज्ञापन के खिलाफ़, कटोरा लेकर भीख मांगोआंदोलन शुरू किया गया है, कहीं तैयारी शुरू है, कहीं आंदोलन शुरू है। हमारे गोंदिया नगरी में भी भीख मांगो आंदोलन की तैयारी कुछ सामाजिक कार्यकर्ता कर रहे हैं। चूंकि ऑनलाइन गेमिंग का विज्ञापन सेलिब्रिटी व सर्वोच्च सम्मान से नवाजे बुद्धिजीवियों द्वारा करना उनके व्यक्तित्व को शोभा नहीं देता, कहीं ना कहीं राष्ट्रहित सर्वोपरि की भावना को ठेस पहुंचती है। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, ऑनलाइन गेमिंग विज्ञापन बनाम बुद्धिजीवी सेलिब्रिटी व्यक्तित्व।

साथियों बात अगर हमऑनलाइन गेमिंग विज्ञापनकर्ता एक भारत रत्न के घर पर प्रदर्शन की करें तो, प्रदर्शन करने वाले विधायक नेता ने कहा, ऑनलाइन गेमिंग के विज्ञापन भावी पीढ़ी पर गंभीर प्रभाव डाल रहे हैं। ऐसे कई उदाहरण हैं। ऑनलाइन गेमिंग के कारण आत्महत्याएं और हत्याएं हुई हैं। इसलिए भारत रत्न होने के बावजूद इस तरह के विज्ञापन करना उनके शोभा नहीं देता। राज्य मंत्री रहे नेता ने कहा, एक क्रिकेटर के रूप में हमें उनपर पर गर्वहै, लेकिन अगर वह भारत रत्न के रूप में ऐसे विज्ञापन करेंगे तो यह स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने अपील करते हुए कहा, किसी को भी ऑनलाइन गेमिंग का विज्ञापन नहीं करना चाहिएइसकी वजह से गरीब, मध्यमवर्गीय समाज तबाह हो रहा है। कई राज्यों ने इस तरह के गेमिंग पर प्रतिबंध लगाया है। हम मुख्यमंत्री से भी अनुरोध करेंगे कि महाराष्ट्र में भी ऑनलाइन गेम पर बैन लगाया जाये। कुछ दिन पहले, उन्होंने इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री को एक पत्र लिखा भी लिखा था और यहां तक ????कि मांग की थी कि अगर वह ऑनलाइन गेमिंग जैसी अनैतिक गतिविधियों को बढ़ावा देना जारी रखते हैं तो देश का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न वापस ले लिया जाना चाहिए। उन्होंने उनको चेतावनी दी थी कि अगर उन्होंने तुरंत ऑनलाइन गेमिंग विज्ञापनों में दिखना बंद नहीं किया तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बॉलीवुड की एक टॉप फिल्मी सेलिब्रिटी ने कुछ दिनों पहले ऐसे एक ऐप का विज्ञापन किया था प्रदर्शनकारियों का कहना है कि ऐसे विज्ञापन से समाज और युवाओं पर बुरा प्रभाव पड़ता है। खासकर जब मशहूर हस्?ति?यां इन्?हें सपोर्ट करती हैं, तो युवा ज्?यादा प्रभावित होते हैं। नासि?क में भी एक सेलिब्रिटी के खि?लाफ प्रदर्शन का बीते दि?नों ऐसा ही एक वीडियो आया था। जहां एक शख्?स ने विरोध प्रदर्शन का अनूठा तरीका निकाला। एक अन्य फिल्मी सेलिब्रिटी ने भी ऑनलाइन गेमिंग का विज्ञापन किया है। इसके विरोध में इस शख्?स ने स्?कूटर पर बैठकर एक्?टर के लिए भीख मांगो आंदोलन शुरू किया, जिसकी अब अनेक नगरों शहरों में करने की तैयारी चल रही है।

साथियों बात अगर हम सरकार द्वारा ऑनलाइन गेमिंग को हतोत्साहित करने के लिए भारी टैक्स लगाने की करें तो, सरकार ने हाल ही में लोगों द्वारा ऑनलाइन गेम खेलने से जीते गए पैसे पर 30 प्रतिशत टीडीएस (स्रोत पर कर कटौती) लगाया था। अब, उन्होंने उन गेम के कुल मूल्य पर 28 प्रतिशत काजीएसटी नाम का एक और टैक्स जोड़ दिया है।

उच्च टैक्स रेट का मतलब है कि खिलाड़ियों को अपने गेमिंग खर्चों के लिए 28 प्रतिशत ज्यादा भुगतान करना होगा। इसमें खेल में चीज़ें खरीदना टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए पेमेंट करना और सब्सक्रिप्शन के लिए पेमेंट करना जैसी चीज़ें शामिल हैं। अभी, ऑनलाइन गेमर्स और पोकर खिलाड़ियों को गेमिंग कंपनी द्वारा ली जाने वाली फीस के अलावा, दांव लगाने या जीतने वाले पैसे पर कोई अतिरिक्त टैक्स नहीं देना पड़ता था। लेकिन नई सिफ़ारिश के साथ, उन्हें प्रत्येक दांव के कुल मूल्य पर सीधे 28 प्रतिशत कर का भुगतान करना होगा। इसलिए ऑनलाइन गेम और पोकर खेलने के लिए उन्हें ज्यादा पैसे खर्च करने पड़ेंगे।अब, खिलाड़ियों को तीन चीज़ें चुकानी होंगी- पहला, खेल में कुल धनराशि पर 28 प्रतिशत कर। दूसरा, वे जो पैसा जीतते हैं उस पर 30 प्रतिशत टीडीएस टैक्स लगता है। और तीसरा, गेमिंग प्लेटफ़ॉर्म भाग लेने के लिए अपनी फीस लेगा। इसलिए, गेम खेलने पर खिलाड़ियों को अलग-अलग तरीकों से अधिक पैसे चुकाने होंगे। अंकित मूल्य पर 28 प्रतिशत कर लागू करने के बाद, दांव के विजेता को 100 रुपये- 28 रुपये (100 रुपये का 28 प्रतिशत)- 8.47 रुपये (प्लेटफ़ॉर्म शुल्क) = 63.53 रुपये प्राप्त होंगे। विजेता को 63.53 रुपये-50 रुपये = 13.53 रुपये का लाभ होगा। इसका मतलब है कि मुनाफा 66.17 प्रतिशत कम हो जाएगा। जीएसटी 28 रुपये है, जिसका मतलब है कि विजेता को टैक्स के कारण 28 रुपये कम मिलेंगे।

# शार्ट न्यूज

## मेरठ में नाबालिग लड़की से दुष्कर्म

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश में मेरठ जिले के ग्रामीण क्षेत्र में एक स्कूली छात्रा के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार को मेरठ के ग्रामीण इलाके जानी के एक गांव में छठी कक्षा में पढ़ने वाली 10 वर्षीय बालिका शौच के लिए जा रही थी कि मोंटी (32) नामक व्यक्ति ने उसको बंधक बनाकर गन्ने के खेत में बलात्कार किया। बालिका के घर वापस नहीं लौटने पर चिंतित ग्रामीणों ने लाउडस्पीकर से ऐलान करवाया और तलाशी अभियान शुरू किया। करीब चार घंटे की तलाश के बाद बच्ची खेत में गंभीर हालत में पड़ी मिली। उसे तुरंत स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया, लेकिन उसकी गंभीर स्थिति के कारण उसे कांकेर खेड़ा के एक निजी अस्पताल में रेफर कर दिया गया। बच्ची की हालत गंभीर बनी हुई है। आरोपी गांव से फरार गया और उसका मोबाइल भी फोन बंद है। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) कमलेश बहादुर ने बताया कि एक पुलिस टीम को संदिग्ध का पता लगाने और उसे पकड़ने का काम सौंपा गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ पोक्सो अधिनियम (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम) के तहत आरोप दर्ज किए गए हैं।

## बरेली में चारा काटने गए 3 छात्र लापता

**बरेली।** बरेली के इज्जतनगर थाना क्षेत्र में चारा काटने गए हाफिजगंज थाना क्षेत्र के तीन किशोर लापता हो गए। परिजनों के साथ थाना पुलिस भी छात्रों की तलाश कर रही है, । लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस भी अलग-अलग स्थान पर तीनों किशोर की तलाश कर रही है। इस मामले में सीसीटीवी फुटेज की मदद ली गई है। बरेली के हाफिजगंज थाना क्षेत्र के चेना मुरारपुर निवासी हिमांशु यादव (14 साल) पुत्र अर्जुन सिंह, कक्षा 6 में पढ़ रहा है।अनुज (13 साल ) पुत्र आनंद प्रकाश, सुरेंद्र (13 साल) पुत्र बदन सिंह शुक्रवार शाम साइकिल से इज्जतनगर थाना क्षेत्र में मल्लपुरम जंगलों में घास यानी चारा काटने गए थे। तीनों किशोर देर शाम तक तक भी घर नहीं लौटे। परिजनों ने तीनों को काफी तलाश किया। लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद परिजनों ने घटना की पुलिस को जानकारी दी। जिसके बाद से पुलिस तीनों किशोरों की तलाश में जुटी हुई है। पुलिस ने गांव में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी खंगाली। जिसमें तीनों किशोर साइकिल से जाते दिखाई दे रहे हैं। खेतों में भी तलाश किया। लेकिन चारा काटने गए तीनों का अब तक कोई सुराग नहीं लग सका है।

## ललितपुर में सांप के डसने से किशोर की मौत

ललितपुर। ललितपुर जिले के थाना मड़ावरा के ग्राम कारीटोरन में माता पिता के साथ सो रहे किशोर को सांप ने डस लिया। जिसके चलते उसकी मौत हो गई । घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्राम कारीटोरन निवासी 14 वर्षीय बृजेन्द्र सिंह पुत्र कोमल सिंह अपने माता पिता के साथ जमींन पर सोया हुआ था। तभी सुबह पांच बजे सांप ने उसकी पीठ में काट लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई । मध्यप्रदेश के टीकमगढ़ स्थित कई धार्मिक स्थानों पर झाड फूंक कराने के लिए ले गए, जहां उसको कोई आराम नहीं मिला। दोपहर तक उसकी हालत गंभीर हो गई, तब परिजन उसे उपचार के लिए ललितपुर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिजनों ने बताया कि बृजेन्द्र एक बहन भाई में बड़ा था। इधर इकलौते पुत्र की मौत की खबर जब परिजनों को मिली, तो कोहराम मच गया।

## बंद मकान में जुआ खेलते 6 गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर पुलिस ने एक मकान में छापामारी कर 6 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। रात में सभी मकान में जुआं खेल रहे थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मकान दबिश दी थी। पुलिस ने मौके से पांच हजार रुपये और ताश के पत्ते बरामद किए हैं। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। बता दे कि, कुछ दिन पहले निगोही क्षेत्र में प्लाटिंग के लिए बनवाए गए कार्यालय में जुआं होते पकड़ा था। साथ ही सीओ ने कई गांव छापामारी कर अवैध शराब पकड़ी थी। बीट सिपाहियों की लापरवाही मानते हुए एसपी ने तीन सिपाहियों को निलंबित कर दिया था। चौक कोतवाली पुलिस ने बीती रात मुखबिर की सूचना पर मोहल्ला बीबीजई निवासी रामकुमार के मकान पर छापामारी की। मकान के अंदर युवक जुआं खेल रहे थे। पुलिस की दबिश के बाद जुआरियों ने मकान के बाहर भागना शुरू कर दिया। पुलिस ने 6 जुआरियों को दौड़ाकर पकड़ लिया। उसके बाद सभी आरोपियों को मकान के अंदर ले जाकर पुलिस ने मौके से पांच हजार रुपये और ताश के पत्ते बरामद किए हैं।

## सात इंस्पेक्टर और तीन सब इंस्पेक्टर के तबादले

**आजमगढ़।** आजमगढ़ जिले के एसपी अनुराग आर्य ने जिले की बेहतर कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए 10 पुलिस कर्मियों के कार्यों में फेरबदल किया है। इस फेरबदल में सात इंस्पेक्टरों और तीन सब इंस्पेक्टरों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। जिले के अतरौलिया और जहानागंज थाने पर तैनात क्रमशः प्रवेन्द्र कुमार सिंह और संजय सिंह को क्राइम ब्रांच भेजा गया है। जिले के एसपी अनुराग आर्य ने मीडिया सेल में तैनात रहे दिलीप कुमार सिंह को जहानागंज थाने का प्रभारी बनाया है। जबकि जहानागंज थाने पर तैनात रहे संजय सिंह को क्राइम ब्रांच भेजा गया है। एसपी के पीआरओ रहे विजय प्रताप सिंह को अतरौलिया थाने का प्रभारी बनाया है। जबकि अतरौलिया थाने पर तैनात रहे प्रमेन्द्र कुमार सिंह को क्राइम ब्रांच भेजा गया है। तरवां थाने पर तैनात संजय कुमार पाल को रौनापार थाने का प्रभारी बनाया गया है जबकि रौनापार थाने पर तैनात सब इंस्पेक्टर राम प्रसाद बिंद को तरवां थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## दहेज हत्या में मां-बाप और बेटे को 10 साल कैद

**चित्रकूट।** चित्रकूट दहेज हत्या के मामले में दोष सिद्ध होने पर त्वरित न्यायालय ने मां-बाप और बेटे को 10 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक को 8000 के अर्थदंड से भी दंडित किया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गोपाल दास ने बताया वादी मुकदमा रामसनेही पटेल ने बीती 24 मार्च 2018 को कर्वी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वादी के अनुसार उसने अपनी बहन सुमन देवी की शादी सेमरिया गांव के निवासी लवलेश पटेल के बेटे नीरज के साथ की थी। शादी के बाद से ही उसकी बहन सुमन को दहेज को लेकर ससुर लवलेश पटेल, सास फूला देवी व पति नीरज परेशान करते थे। दहेज में चार पहिया गाड़ी, पांच लाख रूपए की मांग की जाती थी । सुमन को प्रताड़ित करने के लिए खाना पीना भी नहीं दिया जाता था। जिससे वह कई दिनों तक भूखी रहती थी। इस बात की जानकारी उसकी बहन मायके आने पर देती थी। ससुराली जनों द्वारा किए जा रहे उत्पीड़न को लेकर कई बार पंचायत भी हुई थी। जिसके बाद ससुरालीजन सुमन को लिवाने आए तो उन लोगों ने भेज दिया।

## चार हत्यारोपी को आजीवन कारावास

बुलंदशहर। बुलंदशहर में हत्या के चार आरोपियों को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। इसके अलावा चारों आरोपियों को 20-20 हजार रुपए का अर्थदंड भी सुनाया गया है। कोर्ट ने चारों आरोपियों को सजा सुनाते हुए इसे जघन्य अपराध माना है। अभियोजक विजय कुमार शर्मा ने बताया कि प्रमोद पुत्र घनश्याम, बिनोद पुत्र घनश्याम, गजेन्द्र पुत्र लख्मी और प्रवीन पुत्र नेपाल निवासीगण ग्राम डडुवा थाना शिकारपुर ने वर्ष-2010 में अपने गांव निवासी श्रीपाल की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस सम्बन्ध में दिनांक 25 नवम्बर 2010 को थाना शिकारपुर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। 26 दिसम्बर 2010 को पुलिस द्वारा न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। इस अभियोग को जनपद स्तर पर घटित जघन्य अपराधों की श्रेणी में चिन्हित करते हुए अभियोग में मॉनीटरिंग सैल बुलन्दशहर द्वारा न्यायालय में सशक्त, प्रभावी पैरवी कर अभियोजन की कार्यवाही सम्पन्न करायी गई। न्यायालय एडीजे-01, बुलन्दशहर ने दोष सिद्ध पाये जाने पर अभियुक्त प्रमोद, विनोद, गजेन्द्र, प्रवीन को सश्रम आजीवन कारावास व 20-20 हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया गया।

# घोसी का विकास नहीं, खुद का विकास रहा है विपक्ष का एजेंडा : सीएम योगी

### सीएम योगी ने भाजपा उम्मीदवार दारा सिंह चौहान के समर्थन में की जनसभा, विपक्ष पर साधा निशाना

**घोसी।** घोसी का महत्व वही समझ पाएगा जिसने 2005 में मऊ दंगों को देखा है। तब सपा की सरकार थी और वह कुछ न कर पाई थी। तब भी इन दंगाबाजों के खिलाफ हमने ही मोर्चा खोला। हम कोई जाति समाज नहीं देखते थे। जो यहां दंगों की आग लगाते थे वो अब व्हीलचेयर पर जान की भीख मांगते दिखते हैं। ये बातें सीएम योगी आदित्यनाथ ने 5 सितंबर को घोसी विधानसभा उपचुनाव के तहत शनिवार को आयोजित विशाल जनसभा रैली को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने एनडीए उम्मीदवार दारा सिंह चौहान के समर्थन के साथ ही विपक्ष पर करारा प्रहार करते हुए कहा



कि घोसी का विकास नहीं, खुद का विकास विपक्ष का एजेंडा रहा है। उन्होंने कहा कि लोग पीडीए की बात करते हैं, हमने तो सबका साथ सबका विकास किया है। हम बिना भेदभाव की शासन प्रक्रिया को पीएम के मार्गदर्शन में स्थापित कर रहे हैं।

#### संकट की घड़ी में होती है असली पहचान, हम हर कसौटी पर खरा उतरे

घोसी की धरती को ऋषियों की पावन धरा बताते हुए सीएम योगी ने कहा, संकट की घड़ी में ही असली पहचान होती है। कोरोना संकट में कांग्रेस का चरित्र किसी से छुपा नहीं है, सपा सुप्रीमो भी अपने घर में दुबक गए थे। तब याद कीजिए यही मोदी और योगी आपकी सेवा के लिए तत्पर थे। हम हर जगह जाते थे और 2 करोड़ से ज्यादा वैक्सीन की खुराकें हमने मुफ्त में दीं। एक तरफ देश ने आपदा से लड़ाई की, वहीं हमने गरीबों के कल्याण के लिए भी काम किया। अब कोई गरीबों का हक नहीं मार सकता, बड़ी-बड़ी परियोजनाओं का लाभ सबको पूरी निष्पक्षता से मिल रहा है।

#### भाजपा ने ही किया घोसी का विकास

सीएम योगी ने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा ने तो चीनी मिलों को लेकर कोई प्रयास नहीं किया, लेकिन हम यहां चीनी मिलों के एक्सपैंशन के लिए भी काम कर रहे हैं। इसी घोसी में सामुदायिक स्वाथ्य केंद्र हो, आईटीआई हो या पॉलेटेक्निक हो, यह सभी कार्यक्रम यहां के बीजेपी के प्रतिनिधियों के कार्यकाल में ही बने।

# मुख्तार का गुरु भीम सिंह इटावा सेंट्रल जेल में कैद

**इटावा।** माफिया डॉन मुख्तार अंसारी के गुरु और गुरु भाई को उत्तर प्रदेश की इटावा स्थित सेंट्रल जेल में कैद कर दिया गया है।

वरिष्ठ जेल अधीक्षक डॉ रामधनी ने शनिवार को बताया कि भीम सिंह और हरिहर सिंह को सेंट्रल जेल में शिफ्ट किया गया है। उनको स्पेशल निगरानी में रखा गया है। उनसे मिलने के लिए सिर्फ परिवार के ही व्यक्तियों को अनुमति है। लोकल इन्फोर्मेशन यूनिट और जेल के अधिकारियों के समक्ष ही उनके परिवार की मुलाकात कैमरे की निगरानी में करवाए जाने के निर्देश है। जेल में दोनों ही कैदियों पर कड़ी निगरानी की जा रही है।

शासन के निर्देश पर माफिया डॉन मुख्तार अंसारी के गुरु और गुरु भाई को 29 अगस्त की रात 10 बजे गाजीपुर से कड़ी सुरक्षा के बीच लाकर कैद कर दिया है। भीम सिंह और हरिहर सिंह नाम के दोनों सजायाफ्ता कैदी है। दोनों कैदियों की उम्र 60 और 65 साल के आसपास आकी और मानी जा रही है। जेल अधिकारियो के अनुसार दोनों कैदियों से अगर उनके परिवरीजन या नजदीकी मुलाकात करने आएंगे तो जेल अधिकारियों के साथ-साथ स्थानीय अब सूचना इकाई के अफसर की मौजूदगी में वीडियो कैमरे की रिकॉर्डिंग के बीच मुलाकात कराई जाएगी। जेल मैनुअल के मुताबिक दोनों कैदियों से जुड़े हुए मुलाकातियो की मुलाकात कराई जाएगी। गौरतलब है कि तीन अगस्त 1991 को कांग्रेस के मौजूदा अध्यक्ष अजय राय के भाई अवधेश राय की हत्या कर दी गई थी इस मामले में माफिया डॉन मुख्तार अंसारी और भीम सिंह समेत कई अपराधी नामजद किए गए थे। पिछले दिनों भीम सिंह को उम्र कैद की सजा अवधेश राय हत्याकांड में सुना दी गई।

## बाघ ने किशोरी को बनाया निवाला

**मां के साथ ननिहाल गई थी बालिका, 100 मीटर में बिखरे मिले शरीर के अंग**

लखीमपुर-खीरी। लखीमपुर के थाना शारदानगर इलाके में अपनी मां के साथ ननिहाल गई बालिका को घर के दरवाजे से बाघ उठा ले गया। दूसरे दिन बालिका का शव के टुकड़े 100 मीटर में बिखरे मिले हैं। परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने बालिका के शव का पंचायत नामा भर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। कोपा निवासी राजेश कुमार की पत्नी अपनी बेटी रिमझिम (7) रक्षाबंधन के त्योहार पर अपने माईके मझरागोधी निवासी अपने भाई रंजीत कुमार के घर गई थी। शनिवार की शाम रिमझिम घर से बाहर खेल रही थी, इसी दौरान बाग उसे घर के सामने से उठा लिया गया। इसकी सूचना जैसे ही परिजनों को लगी। पूरे घर में कोहराम मच गया। इधर ग्रामीण बाग जिधर भागा था, उसी तरफ दौड़ पड़े। मगर बालिका का कहीं पता नहीं चल सका। वहीं दूसरे दिन सुबह गांव के पास कहीं गन्ने के खेत में बालिका के शरीर के अंग करीब 100 मीटर की परिधि में इधर-उधर बिखरे पड़े थे। बालिका के नाना ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने बालिका के अंगों का पंचायत नाम भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# नो-एंट्री में घुसे डंपर ने दो सगी बहनों को कुचला

### स्कूल जाने से पहले मंदिर दर्शन करके लौट रहीं थीं, चालक मौके से फरार

**सहारनपुर।** सहारनपुर में शनिवार को नो-एंट्री में घुसे तेज रफ्तार डंपर ने दो सगी बहनों को कुचल दिया। हादसे में दोनों बहनों की मौत हो गई। स्कूल जाने से पहले दोनों सुबह वनखंडी महादेव के दर्शन करके लौट रही थीं। इस दौरान डंपर ने पीछे से टक्कर मार दी। एक बहन की मौके पर जबकि दूसरी ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। घटना थाना सरसावा क्षेत्र के नकुड-सरसावा मार्ग की है। मृतक बच्चियों के नाम अवनिका (12) और अवन्या (10) हैं। दोनों सरसावा के गुरुकुल



ज्ञान गंगा इंटरनेशनल स्कूल में पढ़ती थीं। अवनिका कक्षा 6 में और अवन्या 5वीं में पढ़ती थी। छोटा भाई 4 साल का वरदान घर पर ही था। घर से 200 मीटर की दूरी पर ही वनखंडी मंदिर है। ऐसे में स्कूल जाने से पहले ड्रेस पहनकर दोनों मंदिर गई थीं। दोनों बच्चियों के पिता संजय मुजफ्फरनगर में फैक्ट्री में नौकरी करते हैं। वह नवादा गांव के रहने वाले हैं।

#### खंभे में टकराकर ट्रांसफॉर्मर में घुसा डंपर

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि डंपर की रफ्तार इतनी तेज थी कि दोनों बच्चियों को कुचलने के बाद डंपर बिजली के खंभे में टकराया। इससे खंभा टूट गया। बाद में बिजली के ट्रांसफॉर्मर में जा घुसा। हादसे के बाद चालक डंपर छोड़कर फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों बहनों को अस्पताल ले गई। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

#### मां के साथ रहकर पढ़ाई करती थी बहनें

बेटियों की मौत के बाद मां का रो-रोकर बुरा हाल है। रोते हुए मां बार-बार सिर्फ यही कह रही कि मेरी तो दुनिया उजड़ गई। बच्चियों की पढ़ाई के लिए ही गांव से कस्बा आई थी।

# शामली में मकान में विस्फोट, एक महिला की मौत

### घर में रखे थे पटाखे, पहले लगी आग फिर हुआ धमाका, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

**शामली।** शामली जनपद की सदर कोतवाली क्षेत्र के सिटी के दयानंद नगर में एक मकान में रखे विस्फोटक सामान में अचानक आग लग गई। आग के साथ ही जोरदार धमाका हुआ। हादसे में एक महिला की मौत हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही दमकल और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। लोगों के साथ मिलकर बचाव कार्य में लग गई।

वहीं स्थानीय लोगों की माने तो धमाका होने का कारण पटाखों का विस्फोटक सामान होना बताया गया। मोहल्ला ध्यान नगर में प्रमोद लाल का मकान वाला है। जहां पर पर प्रमोद लाला चोरी छुपे अपने घर में विस्फोटक सामानों से दिवाली के पटाखा बनाने के काम किया जाता था, जहां शनिवार को अचानक आग लग गई।

आग लगने के बाद जोरदार धमाका हुआ। धमाका होने में वहां काम करने वाली महिला करतारी देवी की मौत हो गई है। मृतक महिला भी प्रमोद लाला के मूल गांव कसेरवा कला की रहने वाली थी। वह फैक्ट्री में मजदूरी करती थी। जबकि दूसरी ओर घटना में अन्य चार लोग घायल हुए हैं। वहीं घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंची और पुलिस और दमकल को तुरंत सूचना दी।

स्थानीय लोगों ने बचाव कार्य करते हुए दमकल की मदद की और घर में अन्य विस्फोटक सामान के समान को भी बाहर निकाल दिया एक और जाम बचाव कार्य जारी है।

वहीं इस मामले में पड़ोस में रहने वाले एक व्यक्ति का कहना है कि यह मकान प्रमोद लाल का बताया जा रहा है, जिनकी पटाखे की दुकान भी है। घर में भी पटाखे रखे थे, जिसमें धमाका हुआ है। हादसे में घायल हुई महिला की अस्पताल में मौत हो गई।

मामले में पुलिस अधिकारी का कहना है कि हम लोगों को सदर कोतवाली क्षेत्र दयानंद नगर में आग लगने की सूचना मिली थी। घटनास्थल पर मौके पर आकर देखा तो यहां एक घर में विस्फोटक सामान रखा था, जिसमें अचानक धमाका हुआ। मौके पर एक महिला का शव मिला है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

# चित्रकूट पुलिस ने ठगी करने वाले गिरोह का किया पर्दाफाश

**चित्रकूट।** चित्रकूट में फर्जी टेस्ट बनाकर करोड़ों की ठगी करने वाले लोगों को गिरफ्तार कर पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। चित्रकूट जिले में मऊ थाना क्षेत्र और सदर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कार्यालय बनाकर लोगों को ठगी का शिकार बनाते थे। ठगी करने वाले लोगों के पास से पुलिस ने दो कर दो मोटरसाइकिल 8 मोबाइल फर्जी का जैक बरामद किए हैं।बता दें कि 10 जुलाई को सुशीला देवी पत्नी गिरधारी लाल निवासी कपसेठी ने कोतवाली पर सूचना दी थी कि हार्वर्ड जागरूकता एजुकेशन टेस्ट के कंपनियां विनय कुमार वर्मा पुत्र जय राम वर्मा निवासी करमपुर जिला बलरामपुर झांसा देकर 2 करोड रुपए ले करके जिले से फरार हो गया है।

सूचना पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू करती थी। चित्रकूट एसपी वृंदा शुक्ला ने प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि मुखबिर की सूचना पर सिंहपुर होकर पहाड़ी राजापुर की ओर जाने वाली सूचना मिली, जिसमें पुलिस टीम ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

# प्रयागराज में 162 पेटी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**प्रयागराज।** अवैध रूप से अंग्रेजी शराब की तस्करी करने वाले गिरोह का एक सक्रिय सदस्य आज शनिवार को नवाबगंज थाना से गिरफ्तार किया गया है। यह गिरफ्तारी एसटीएफ की ओर से की गई है। उसके पास से 162 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब भी बरामद किया गया है जिसमें 3672 शीशी शराब पाई गई है। एसटीएफ ने बताया कि इस शराब की कीमत करीब 30 लाख रुपये है। गिरफ्तार अभियुक्त आनंद कुमार पुत्र सत्यवीर निवासी ग्राम जिंद, थाना सिविल लाइंस हरियाणा है। सीओ एसटीएफ नवेंदु कुमार ने बताया कि कानपुर-बनारस हाईवे पर स्थित रामायण ढाबा के पास से इसे पकड़ा गया है। उन्होंने बताया कि कई दिनों से सूचना मिल रही थी कि अंतर्राज्यीय गिरोहों द्वारा दिल्ली,पंजाब, हरियाणा व व चंडीगढ़ से अवैध अंग्रेजी शराब की तस्करी उत्तर प्रदेश के रास्ते बिहार प्रांत के विभिन्न शहरों में की जा रही है। इसे देखते हुए एसटीएफ लगातार इस पर फोकस कर रही थी।

पुलिस के पूछताछ में उसने बताया कि वह अंग्रेजी शराब की तस्करी का एक सक्रिय गिरोह है, जिसका सरगना नवदीप सिंह उर्फ नवी गिरेवाल निवासी मोहाली पंजाब है।

## बस्ती में लापरवाह लेखपाल निलंबित

बस्ती। उत्तर प्रदेश में बस्ती जिले के हर्रैया तहसील में तैनात एक लेखपाल को उपजिलाधिकारी द्वारा शनिवार को कार्य मे लापरवाही करने के मामले में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उपजिलाधिकारी गुलाब चंद्र ने यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि लेखपाल रवि राज चौधरी अपने कार्य में लापरवाही करते थे और कार्य क्षेत्र से गायब रहते थे उनका फोन भी कभी नहीं उठता था जिसको लेकर आम-जनमानस को काफी परेशानी होती थी। इनकी कार्यप्रणाली को लेकर हमेशा शिकायत मिलता रहता था , इसलिए उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित करके हर्रैया स्थित भूलेख कार्यालय से संबद्ध किया गया है।

# वकीलों ने 9 सितंबर तक बढ़ाई हड़ताल

### सोमवार से कलेक्ट्रेट में सांकेतिक धरना भी देंगे, जिलाधिकारी के ज्ञापन न देने से हैं नाराज

**झांसी।** झांसी में जिलाधिकारी के रवैया से नाराज वकीलों ने शनिवार को हड़ताल 9 सितंबर तक बढ़ा दी है। इसके साथ ही वकील सोमवार से जिला कलेक्ट्रेट में सांकेतिक धरना भी शुरू करेंगे। पिछले दो दिन से चल रही हड़ताल पर निर्णय लेने के लिए आज जिला अधिवक्ता संघ ने जनरल मीटिंग बुलाई थी।

इसमें अधिवक्ताओं ने प्रशासन के रवैये की आलोचना करते हुए हड़ताल को 9 सितंबर तक जारी रखने का एलान किया। संघ के सचिव केपी श्रीवास्तव ने कहा कि 4 सितंबर से कलेक्ट्रेट में धरना भी दिया जाएगा। वकीलों ने कहा कि प्रशासन को हठ छोड़कर वकीलों से वार्ता करनी चाहिए।

30 अगस्त को हापुड़ की घटना को लेकर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष चंद्रशेखर शुक्ल के नेतृत्व में वकील डीएम को ज्ञापन देने गए थे। लेकिन जिलाधिकारी ने चैम्बर से बाहर आकर ज्ञापन लेने से मना कर दिया। इससे वकीलों का पारा चढ़ गया था और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए बिना ज्ञापन दिए वापस आ गए थे। इसके बाद जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष चंद्रशेखर शुक्ला व सचिव केपी श्रीवास्तव ने इसे वकीलों का अपमान बताया। अधिवक्ता संघ की बैठक बुलाकर एक व दो सितंबर को हड़ताल पर रहने के निर्णय का एलान किया था । आज दोपहर मीटिंग कर इस हड़ताल को आगे बढ़ा दिया गया है।

#### केस में मिली अगली तारीख

वकीलों के हड़ताल पर रहने के कारण कोर्ट में भी काम नहीं हो पाए। वकील कोर्ट में पेश नहीं हुए तो अधिकांश मामलों में अगली तारीख दे दी गई। स्टांप वेंडर ने भी काम नहीं किया। नोटरी बनाने का काम भी पूरी तरह ठप रहा।

# पूर्वांचल को-ऑपरेटिव बैंक के लेनदेन पर आरबीआई की रोक

### मुकदमा दर्ज, जमा धनराशि के भुगतान के लिए खाताधारक परेशान

गाजीपुर। पूर्वांचल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के बैंक के भूतपूर्व प्रवर्तक राम बाबू शाण्डिल्य, भूतपूर्व सीईओ विवेक पांडेय, प्रबंध कमेटी, लेखा परीक्षक मेसर्स विजय के. शर्मा एंड कंपनी, बैंक प्रोपाइटर और संबंधित पार्टी और फर्म के खिलाफ शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। इस बैंक की जनपद में लगभग आधा दर्जन शाखाएं हैं। यहां 30 हजार ग्राहकों का 40 करोड़ से अधिक रुपया फंसा हुआ है। ऐसे में बैंक के ग्राहक अपने पैसे को लेकर परेशान हैं।

मालूम हो कि ग़ाज़ीपुर में संचालित पूर्वांचल कोऑपरेटिव बैंक पिछले काफी दिनों से अपने जमाकर्ताओं को भुगतान देने में आनाकानी कर रहा था, जिसको लेकर जमाकर्ता कई दिनों बैंक



के सामने प्रदर्शन भी किये। वहीं अब इस मामले में भारतीय रिजर्व बैंक की जांच रिपोर्ट भी सामने आ गई है और इस जांच रिपोर्ट के आधार पर कई गंभीर मामलों में मुकदमा दर्ज किया गया है।

#### बैंक कर्मी एक हजार रुपये देकर अपना पल्ला झाड़ रहे

पूर्वांचल कोऑपरेटिव बैंक की स्थापना 1989 में जनपद मुख्यालय पर हुई थी और इसकी 4 से 5 शाखाएं जनपद के अन्य क्षेत्रों में भी खोली गई थी।

पिछले 1-2 माह से जमा धनराशि को निकालने के लिए खाता धारक परेशान है।

कई बार धरना प्रदर्शन भी कर चुके हैं। बैंक कर्मी एक हजार रुपये देकर अपना पल्ला झाड़ रहे थे।

#### अपर जिला सहकारी राधेश्याम सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया

शहर कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे के मुताबिक बैंक की ओर से आरबीआई के निरीक्षकों को पूरी जानकारी नहीं दी गई। बैंक का संचालन अनाधिकृत रूप से बैंक के पूर्व प्रवर्तक रामबाबू शांडिल, पूर्व सीईओ एवं प्रबंध कमेटी द्वारा किया जा रहा था। इस आधार पर बैंक के लेखा परीक्षक मेसर्स विजय के शर्मा एंड कंपनी के खिलाफ सहकारिता के अपर जिला सहकारी राधेश्याम सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया है। बताते चले कि इस बैंक की सभी शाखाओं पर 29 अगस्त से ही जमा और निकासी पर रोक लगा दी गई है। यदि यह बैंक बंद होता है तो जमाकर्ता की बीमित राशि का भुगतान कराया जाएगा जो कि अधिकतम 5 लाख है। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता अंशुल कुमार के मुताबिक बैंक के पास इस समय बैलेंस नहीं है। बैंक की ओर से आरबीआई के अधिकारियों को सूचनाये भी गलत प्रेषित की गई है।

# आगरा में 45 किलो चांदी समेत 2 चोर अरेस्ट

**आगरा।** आगरा में थाना हरीपर्वत पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। कोरियर कंपनी के पार्सल गोदाम चोरी हुई लाखों रुपए की चांदी समेत नौकरी और उसके साथी को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है।

आगरा में नमक की मंडी से संचालित अलख आगडिया कोरियर कम्पनी द्वारा व्यापारियों के आभूषण को ले जाने और लाने का कार्य किया जाता है।

पूरा काम कंपनी में तैनात भरोसेमंद कर्मचारी करते हैं। विगत 20 अगस्त को रात में कम्पनी के कर्मचारियों द्वारा व्यापारियों से लिए गए चांदी के आभूषणों के पार्सलों को किराये के मकान(गोदाम) पर लाकर रख लिया गया था। सुबह तक कर्मचारी के द्वारा पूरा माल गायब कर दिया गया।



मामले में थाना हरीपर्वत पुलिस केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई।

आज चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर आईएसबीटी के पास आरोपियों को अरेस्ट कर लिया। उनके कब्जे से करीब 45 किलो चांदी की सिल्ली, पाजेव, कन्धोनी, खड़वा आदि बरामद किए गए हैं। साथ ही 2300 रुपए कैश भी बरामद हुआ है।

# शार्ट न्यूज

## एनएचपीसी ने सार्वजनिक खरीद पर नॉलेज शेयरिंग सत्र का आयोजन किया



एनएचपीसी ने 1 सितंबर 2023 को निगम मुख्यालय, फ़रीदाबाद में क्षमता निर्माण कार्यक्रम के तहत एक नॉलेज शेयरिंग सत्र का आयोजन किया। यह कार्यक्रम विभिन्न निवारक सतर्कता उपायों के साथ तीन माह के अभियान का हिस्सा है जो 30 अक्टूबर 2023 से 5 नवंबर 2023 तक आयोजित होने वाले सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 की प्रस्तावना है। यह सत्र श्री संतोष कुमार, आईएफओएस, मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ), एनएचपीसी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया था। श्री शैलेन्द्र सिंह, मुख्य तकनीकी परीक्षक (सीटीई), सीवीसी ने एनएचपीसी निगम मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों और एनएचपीसी की इकाइयों/संयुक्त उद्यमों के लिए ऑनलाइन मोड के माध्यम से आयोजित सत्र के दौरान तकनीकी मामलों (सार्वजनिक खरीद) पर व्याख्यान दिया। इस अवसर पर सीटीई और सीवीओ, एनएचपीसी द्वारा पीआईडीपीआई के तहत शिकायत कैसे दर्ज करें के संबंध में एक लघु वीडियो क्लिप भी जारी की गई।

## आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास को मिला दुनिया के शीर्ष बैंकर का सम्मान

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास को अमेरिका स्थित पत्रिका ग्लोबल फाइनेंस ने वैश्विक स्तर पर शीर्ष केंद्रीय बैंकर का सम्मान दिया गया है। उन्हें ग्लोबल फाइनेंस केंद्रीय बैंकर रिपोर्ट कार्ड-2023 में 'ए प्लस' रेटिंग दी गई है। इस सूची में तीन केंद्रीय बैंकों के गवर्नरों को 'ए प्लस' रेटिंग दी गई है, जिनमें दास शीर्ष पर रहे। स्विट्जरलैंड के गवर्नर थॉमस जे जॉर्डन दूसरे और वियतनाम के गवर्नर गुयेन थी होंग तीसरे स्थान पर रहे। ग्लोबल फाइनेंस पत्रिका ने कहा कि महंगाई पर नियंत्रण, आर्थिक वृद्धि लक्ष्यों, मुद्रा स्थिरता और ब्याज दर प्रबंधन में सफलता के लिए ग्रेड 'ए' से ग्रेड 'एफ' तक के पैमाने होते हैं। ग्रेड ए उत्कृष्ट प्रदर्शन को दर्शाता है, जबकि एफ ग्रेड का मतलब पूरी तरह विफलता है। इससे पहले लंदन सेंट्रल बैंक ने जून, 2023 में शक्तिकांत दास को गवर्नर ऑफ द ईयर सम्मान से नवाजा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दास को इस उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने कहा, आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास को बधाई। यह पूरे देश के लिए गर्व का क्षण है। यह वैश्विक मंच पर हमारे वित्तीय नेतृत्व को दर्शाता है। उनका समर्पण और दूरदर्शिता हमारे देश के विकास को मजबूत करती रहेगी।


## चीनी कांच के इंपोर्ट पर पांच साल के लिए डंपिंग-रोधी शुल्क लगाने की सिफारिश

**नई दिल्ली।** वाणिज्य मंत्रालय ने घरेलू कंपनियों को चीन से आने वाले सस्ते उत्पादनों से बचाने के लिए घरेलू उपकरणों में इस्तेमाल होने वाले चीनी कांच के आयात पर 243 डॉलर प्रति टन तक डंपिंग-रोधी शुल्क लगाने की सिफारिश की है। शुल्क लगाने पर अंतिम निर्णय वित्त मंत्रालय लेगा। एक घरेलू कंपनी द्वारा शिकायत किए जाने पर वाणिज्य मंत्रालय की जांच इकाई व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) ने चीन में बनने वाले या वहां से निर्यात किए गए '1.8 एमएम से 8 एमएम के बीच मोटाई और 0.4 वर्ग मीटर या उससे कम आकार वाले कठोर कांच' की कथित डंपिंग की जांच की है। कांच प्रसंस्करण की सुरक्षा/विशेषता के एक निकाय फेडरेशन ऑफ सेफ्टी ग्लास ने डंपिंग-रोधी जांच शुरू करने के लिए आवेदन दिया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि उत्पादों की डंपिंग से घरेलू उद्योग प्रभावित हो रहा है। डीजीटीआर ने जांच के बाद कहा कि उत्पाद को भारत में सामान्य से भी कम कीमत पर निर्यात किया जा रहा है, जिससे डंपिंग हो रही है और उससे घरेलू विनिर्माता प्रभावित हो रहे हैं।

## ब्रोकरों ने फिनफ्लुएंसरों के लेनदेन पर रोक लगाई

ब्रोकरों और म्युचुअल फंड (एमएफ) जैसे कुछ शेयर बाजार बिचौलियों ने प्रस्तावित नियामकीय सख्ती से पहले फिनफ्लुएंसरों यानी वित्तीय रूप से प्रभाव लोगों के साथ अपनी साझेदारियां रोक दी हैं। उद्योग के सूत्रों का कहना है कि प्रख्यात ब्रोकरेज फर्मों और फंड हाउसों ने नियामकीय स्पष्टता के अभाव में सोशल मीडिया पर वित्तीय परामर्शदाता के तौर पर लोकप्रिय लोगों के साथ अपनी कुछ भागीदारियां रद्द कर दी हैं। बिचौलियों (ब्रोकरेज फर्म और फंड हाउस) ने ऐसे फिनफ्लुएंसर के साथ अपने मौजूदा अनुबंधों की समीक्षा शुरू की है और उनके नाम का इस्तेमाल कर रही किसी इकाई पर निगरानी बढ़ाई है। पिछले सप्ताह, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने बिचौलियों (फिनफ्लुएंसर सहित) को किसी गैर-पंजीकृत इकाई के साथ साझेदारी से रोकने के लिए दो परामर्श पत्र जारी किए। इन फिनफ्लूएंसर का इस्तेमाल उत्पाद या सेवाओं को प्रोत्साहित करने में किया जाता है। नियामक ने गलत जानकारी फैलाने वालों पर लगाम लगाने के लिए एक नई भुगतान प्रणाली पर भी विचार किया है। सार्वजनिक प्रतिक्रिया के आधार पर, नियामक अगले कुछ महीनों के दौरान इस प्रणाली को अंतिम रूप दे सकता है।

## स्टीलबर्ड उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए 105 करोड़ रुपये निवेश करेगी




हेलमेट बनाने वाली कंपनी स्टीलबर्ड हाई-टेक इंडियाअपने मौजूदा विनिर्माण संयंत्रों की उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए 105 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बनायी है। कंपनी ने शुक्रवार को बताया कि चालू वित्त वर्ष में उसका लक्ष्य एक करोड़ हेलमेट उत्पादन का है। कंपनी इस पूंजी का उपयोग हिमाचल प्रदेश के बद्दी और उत्तर प्रदेश के नोएडा स्थित संयंत्रों की उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए करेगी। स्टीलबर्ड हाई-टेक इंडिया के प्रबंध निदेशक राजीव कपूर ने बयान में कहा, ''कंपनी ने अपने मौजूदा संयंत्रों में विनिर्माण क्षमता के विस्तार के लिए निवेश के उद्देश्य से 105 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं।'' कपूर ने कहा कि स्टीलबर्ड घरेलू बाजार में अपनी स्थिति को और मजबूत करने के साथ ही यूरोप और अमेरिका के हेलमेट बाजार में बड़ी हिस्सेदारी पर कब्जा करना चाहती है।

## जियो फाइनेंशियल के शेयर में 20 प्रतिशत पर लगेगा अपर-लोअर सर्किट

**मुंबई।** बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज ने जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के शेयर की सर्किट लिमिट फिल्टर को 5 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत कर दी है। BSE ने शनिवार (2 सितंबर) को नोटिफिकेशन जारी कर इस बात की जानकारी दी है। यह बदलाव अगले कारोबारी दिन सोमवार 4 सितंबर से लागू होगा। इसके बाद एक कारोबारी दिन में कंपनी के शेयर में 20 प्रतिशत तक की तेजी और 20 प्रतिशत तक की गिरावट देखी जा सकेगी। रिलायंस का फाइनेंशियल सर्विसेज बिजनेस 20 जुलाई को अपनी मूल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड से अलग हुआ था। डीमर्जर के बाद प्राइस डिस्कवरी मैकेनिज्म के तहत जियो फाइनेंशियल के शेयर का भाव 261.85 रुपए तय हुआ था। इसके बाद 21 अगस्त को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर JFSL का शेयर 265 रुपए पर लिस्ट हुआ था। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर शेयर 262 रुपए पर लिस्ट हुआ था। बीते कारोबारी दिन यानी 1 सितंबर को BSE पर कंपनी का शेयर 4.99 प्रतिशत की तेजी के साथ 245.30 रुपए और NSE पर 4.99 प्रतिशत की तेजी के साथ 245.15 रुपए पर बंद हुआ था। रिलायंस की 46वीं एनुअल जनरल मीटिंग में चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कहा कि जियो फाइनेंशियल सर्विसेज इंश्योरेंस सेक्टर में एंटर करेगी। कंपनी लाइफ, जनरल और हेल्थ इंश्योरेंस प्रोडक्ट्स लेकर आएगी।

# उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का लोगो व वेबसाईट लॉन्च

देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लोगो और वेबसाईट को शनिवार को लांच किया।

धामी ने यहां आयोजित एक कार्यक्रम में समिट के लोगो और वेबसाईट को लांच करते हुए कहा कि इस बार इन्वेस्टर्स समिट में दो लाख 50 हजार करोड़ रुपए के निवेश का लक्ष्य रखा गया है। राज्य सरकार ने निवेश को बढ़ावा देने के लिए नीतियों में सुधार भी किये हैं और नई नीतियों को भी लागू किया है। विभिन्न क्षेत्रों के लिये 27 नीतियां प्रख्यापित की गई हैं। राज्य में छह हजार एकड़ का लैंड बैंक भी तैयार किया गया है।

उल्लेखनीय है कि उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेर्स्ट्स समिट देहरादून में दिसंबर माह में होने जा रहा है। राज्य सरकार ने इसकी तैयारियां तेज कर दी हैं।

डेस्टीनेशन उत्तराखण्ड- ग्लोबल समिट 2023 का लोगो राज्य की भावनाओं का प्रतिबिम्ब है। लोगो में दो पर्वत श्रृंखलाएं निरंतरता के साथ प्रगति के परिचायक तीर का सृजन करता है, जो न केवल असीमित प्रगति का प्रतीक है, बल्कि विकास और सतत विकास की निरंतरता का द्योतक है। दोनों पर्वत श्रृंखलाएं दो महत्वपूर्ण पहलुओं को प्रदर्शित करती है- उत्तराखण्ड के प्रकृतिक संसाधनों की प्रचुरता और कुशल श्रम शक्ति की अनवरत श्रृंखला।

लोगो में हरा रंग राज्य की प्राकृतिक सुन्दरता और प्रकृति के साथ सामन्जस्य का प्रतीक है। नीला रंग अवसरों, आकांक्षाओं और नये विचारों के लिये असीमित आकाश का प्रतिनिधित्व करता है। समिट की टैग लाईन पीस टू प्रोस्पेरिटी है।

निवेशकों को उद्योगों की स्थापना के लिये अपेक्षित अनुमोदन/अनुज्ञा/स्वीकृति के लिये राज्य में ऑनलाईन सिंगल विंडो क्लीयरेंस पोर्टल www.investuttarakhand.uk.gov.in बनाई गई है।

उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेर्स्ट्स समिट के लोगो और वेबसाईट के अनावरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार, उद्योग जगत और प्रमुख




औद्योगिक संगठनों से लगातार सम्पर्क में है। इसी क्रम में 17 अगस्त को देहरादून में और 21 अगस्त को दिल्ली में प्रमुख उद्योगपतियों से संवाद किया गया। उद्योग जगत से मिल रहे सुझावों को बहुत ही प्रमुखता से लिया गया है। उसी आधार पर एमएसएमई नीति, सेवा क्षेत्र नीति, लॉजिस्टिक नीति, सोलर नीति, आदि में सुधार किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में उद्योगों और निवेश के अनुकूल बने माहौल से उद्योगपतियों में बहुत उत्साह है। देवभूमि उत्तराखंड में सदियों से लोग शांति के लिए आते रहे हैं। प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं, अब निवेशक भी यहां आने के लिये उत्साहित हैं। शांति और पर्यटन के डेस्टीनेशन के साथ ही उत्तराखंड प्रमुख इन्वेस्टमेंट डेस्टीनेशन भी बना है। देश विदेश के लोग यहां से जुड़ना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यहां के प्राकृतिक वातावरण, प्रभावी सिंगल विंडो सिस्टम, निवेश अनुकूल नीतियों, राष्ट्रीय राजधानी से निकटता, इन्फ्रास्ट्रक्चर के कारण उत्तराखंड निवेश के लिये प्रमुख केंद्र बन रहा है। ईज आफॅ डूंईंग बिजनेस में उत्तराखण्ड एचीवर्स श्रेणी में है। नीति आयोग द्वारा जारी निर्यात तैयारी सूचकांक में उत्तराखण्ड हिमालयी राज्यो प्रथम स्थान पर जबकि सम्पूर्ण देश में नौवें स्थान पर है।

श्री धामी ने कहा कि जो उद्योग पहले से उत्तराखंड में स्थापित हैं, उन्होंने भी अपना विस्तार करने की बात कही है। इन्वेस्टर्स समिट केवल उद्योग विभाग का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि सभी विभाग इससे जुड़े हैं। वस्तुत: यह समिट उत्तराखण्ड के सभी नागरिकों का है। राज्य में निवेश से रोजगार सृजन होगा, लोगों की आय में वृद्धि होगी और देश के विकास में उत्तराखण्ड प्रभावी भूमिका निभाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले वर्षों के अनुभवों से सीखते हुए बहुत से सुधार किये गये हैं। राज्य में अधिक से अधिक निवेश आए इसके लिये हम ठोस तरीके से काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री जी ने बाबा केदार की भूमि से कहा था कि 21 वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा। इन्वेस्टर्स समिट इसी दिशा में एक बड़ा प्रयास है।

मुख्य सचिव डा. एस.एस. संधु ने कहा कि उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेर्स्ट्स समिट के लोगो में उत्तराखण्ड की विशिष्टताओं को प्रदर्शित किया गया है। पहले लोग यहां शांति के लिए आते थे, अब पर्यटन और निवेश के लिये आ रहे हैं। पर्यटन, योग, वैलनेस, सर्विस सेक्टर, कृषि और हॉर्टीकल्चर पर राज्य सरकार फोकस कर रही है। प्रदेश में बेरोजगारी और गरीबी को दूर करने के लिये निवेश महत्वपूर्ण है। प्रदेश सरकार राज्य के नागरिकों की क्वालिटी ऑफ लाईफ में सुधार करने का प्रयास कर रही है। कृषि और हॉर्टीकल्चर को प्रमुखता दी जा रही है। प्रदेश की जीडीपी में 40 प्रतिशत योगदान देने वाले सेवा क्षेत्र के लिये भी नई नीति बनाई गई है।

इस अवसर पर, अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने स्वागत सम्बोधन और सचिव विनय शंकर पाण्डे ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। इस दौरान, विधायक दुर्गेश्वर लाल, सचिव शैलेश बगोली, महानिदेशक, उद्योग, रोहित मीणा, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# हिमाचल में सेब पर आपदा की मार

### मंडियों में सेब की 74,45,108 पेटियां पंहुची

**शिमला।** हिमाचल में मानसून के दौरान आई आपदा का असर सेब सीजन पर भी बखूबी पड़ा। शुरू में तो लगा इस बार सेब सीजन काफी बुरी तरह प्रभावित होने वाला है। पर, बागवानों ने संयम से काम लिया और खराब मौसम के दौरान बंद पड़ी सड़कों की वजह से सेब तुड़ान रोके रखा। इस बार हालांकि शुरू से सेब पर मौसम की मार देखने को मिली।

सर्दियों में बागवान काफी खुश थे कि इस बार सेब के चिलिंग आवर पूरे होने की वजह से सेब की फसल अच्छी होगी लेकिन जिस वक्त फ्लावरिंग का दौर था उस समय भी लगातार खराब मौसम के कारण फ्लावरिंग प्रभावित हुई है। इस साल लगातार खराब मौसम ने फूलों पर परागकण टिकने नहीं दिया तो वहीं बाद में लगातार बारिश व ओलावृष्टि ने सेब का साइज भी सही



से बढ़ने नहीं दिया।

अगर हम इस बार सेब सीजन की बात करें तो धीमी रफ्तार से शुरू सेब सीजन में 30 जून से 31 अगस्त यानि दो महीनों में प्रदेश की विभिन्न मंडियों में सेब की लगभग 74,45,108 पेटियां पंहुची हैं जो कि पिछले साल के मुकाबले काफी कम है। पिछले साल वर्ष 2022 में 31 अगस्त तक 1.81 करोड़ बॉक्स मार्केट में पहुंच चुके थे। ये आंकड़े एचपी स्टेट एग्रीकल्चर मार्केटिंग बोर्ड के हैं जो कि पूरे हिमाचल में सेब खरीद की निगरानी करता है। इस बार बड़े खरीरदार के तौर पर एपीएमसी ने भी तीन मुख्य मंडियों से सेब खरीद की शुरूआत की थी और लगभग 40 लाख सेब पेटियां एपीएमसी ने खरीदी है।

गौरतलब है कि इस बार सरकार ने प्रदेश में किलों के हिसाब से सेब खरीद के निर्देश दे रखे हैं और जो आढ़ती इन नियमों का उल्लंघन करते हुए पाया जाएगा उसका लाईसेंस रद्द कर कड़ी कार्रवाई अमल में लाने की बात भी बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी कई बार कर चुके हैं।

एचपी स्टेट एग्रीकल्चर मार्केटिंग बोर्ड के आंकड़ों पर गौर करें तो इस बार प्रदेश की प्रदेश की विभिन्न मंडियों में अभी तक 74,45,108 सेब पेटियों का कारोबार हुआ है। इनमें मुख्य तौर पर रोहड़ू, परमाणु, पराला, ढली, सोलन मंडी में बड़े पैमाने पर बागवान अपने सेब लेकर पंहुचे हैं।

एपीएमसी के वरिष्ठ मार्केटिंग अधिकारी अनिल चौहान ने बताया कि वैसे तो इस बार सेब सीजन लेट ही शुरू हुआ है। बावजूद उसके उम्मीद है कि अब मौसम खुलने के बाद सेब सीजन रफ्तार पकड़ेगा। इस बार सीजन देरी से शुरू होने के कारण इसकी क्लोजिंग भी देरी से ही होगी। माना जा रहा है कि इस बार सेब सीजन नवंबर माह के अंत तक जा सकता है क्योंकि अभी भी अधिकतर बागवानों ने अपने सेब बागीचों में तुड़ान पूरा नहीं किया है। इस बार उम्मीद की जा रही है कि पौने दो करोड़ के आसपास सेब पेटियां मार्केट में पंहुचेंगी।

# फरवरी 24 में दिल्ली में लगेगी विश्व स्तरीय कपड़ा प्रदर्शनी

मुंबई। केंद्रीय कपड़ा, वाणिज्य एवं उद्योग और उपभोक्ता मामले तथा खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि अगले वर्ष फरवरी में नयी दिल्ली में एक वैश्विक कपड़ा प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इसमें दुनिया भर से इस उद्योग के लोग भाग लेंगे।

गोयल बीकेसी, मुंबई में हिंदुस्तान चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कपड़ा व्यापार मेला-एशियाटेक्स-2023 के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। वह इस आयोजन में मुख्य अतिथि थे।

उन्होंने दिल्ली में वैश्विक कपड़ा प्रदर्शनी के आयोजन की जानकारी देने के साथ कहा कि भारतीय कपड़ा उद्योग में महिलाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।

उन्होंने कपड़ा उद्योग के हितधारकों से महिलाओं को अधिक



अवसर प्रदान करने और युवा पीढ़ी को उद्योग से जोड़ने की दिशा में काम करने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि देश की महिलाएं पीएम के '5एफ' की सोच को आगे बढ़ा सकती हैं और इसे बेहतर तरीके से लागू कर सकती हैं। '5एफ' फॉर्मूला में - फार्म से फाइबर, कारखाने के लिए फाइबर, फ़ैक्टरी से फ़ैशन तक, फैशन से लेकर विदेश तक, एकीकृत दृष्टिकोण अपना कर अर्थव्यवस्था में कपड़ा क्षेत्र के विकास को आगे बढ़ाने में मदद करने का विचार है।

## कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर में कटौती

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने देश में उत्पादन किए जाने वाले कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर में कटौती की है, जबकि डीजल और एटीएफ (विमान ईंधन) के निर्यात पर लेवी (उपकर) बढ़ा दी गई है। एक आधिकारिक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) के रूप में लगाया जाने वाला कर घटाकर 6,700 रुपये प्रति टन कर दिया गया है, जो पहले 7,100 रुपये प्रति टन था। अधिसूचना के अनुसार, डीजल के निर्यात पर एसएईडी बढ़ाकर छह रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है, जो पहले 5.50 रुपये प्रति लीटर था। वहीं, विमान ईंधन पर एसएईडी दो रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर चार रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। पेट्रोल के निर्यात पर एसएईडी शून्य बना हुआ है। एक सितंबर को जारी अधिसूचना के अनुसार, कर की नई दरें शनिवार से लागू हो गई हैं। भारत ने पहली बार पिछले साल एक जुलाई को अप्रत्याशित लाभ कर लगाया था। इसी के साथ भारत उन देशों की बढ़ती संख्या में शामिल हो गया है जो ऊर्जा कंपनियों के असाधारण मुनाफे पर कर लगाते हैं। उस समय पेट्रोल और एटीएफ पर छह रुपये प्रति लीटर (12 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल) और डीजल पर 13 रुपये प्रति लीटर (26 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल) का निर्यात शुल्क लगाया गया था। तेल और प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) जैसी कंपनियों द्वारा उत्पादित कच्चे तेल पर 23,250 रुपये प्रति टन अप्रत्याशित लाभ कर भी लगाया गया था।

## विनिर्माण गतिविधियां तीन महीने के शीर्ष पर

**नई दिल्ली।** देश की विनिर्माण गतिविधियों में नरमी के बाद फिर रफ्तार पकड़ी है। नए ऑर्डर और उत्पादन में वृद्धि के दम पर विनिर्माण गतिविधियां अगस्त, 2023 में तीन महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई। मौसमी रूप से समायोजित एसएंडपी ग्लोबल इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) पिछले महीने बढ़कर 58.6 पर पहुंच गया। यह इसका जून के बाद तीन माह का उच्च स्तर है। उस दौरान विनिर्माण पीएमआई 57.8 रहा था, जबकि जुलाई में यह 57.7 रहा। आंकड़े बताते हैं कि जुलाई में लगातार 26वें महीने परिचालन में सुधार हुआ है।

# जिंसों में टिकाव, गुड़ में उबाल

**नयी दिल्ली।** दिल्ली थोक जिंस बाजार में आज खाद्य तेल समेत अन्य जिंसों में टिकाव रहा जबकि आवक घटने के कारण गुड़ की कीमतों में तेजी का रूख बना रहा।

तेल-तिलहन : इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में मिश्रित रूख देखा गया जहां चीनी के भाव पिछले स्तर पर पड़े रहे जबकि आवक घटने के कारण गुड़ के भाव 100 रुपये प्रति क्विंटल उबल गये।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के दाम टिके रहे।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

### सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे

दाल-दलहन : चना 6000-6100, दाल चना 7000-7100, मसूर काली 8000-8100, मूंग दाल 9100-9200, उड़द दाल 11300-11400, अरहर दाल 10500-10600 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2500-2600 रुपये और चावल : 3000-3100 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

चीनी-गुड़ : चीनी एस 3640-3740, चीनी एम. 3800-3900, मिल डिलीवरी 3520-3620 और गुड़ 4300-4400 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

खाद्य तेल : सरसों तेल 12674 रुपये, मूंगफली तेल 20879 रुपये, सूरजमुखी तेल 13407 रुपये, सोया रिफाइंड 12088 रुपये, पाम ऑयल 9000 रुपये और वनस्पति तेल 11133 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

# शक्कर में मांग, खाद्य तेलों में तेजी, दलहन- दाल मजबूत, चावल सामान्य

**इंदौर।** सियागंज किराना बाजार में शक्कर में मांग बढ़ी रही। खाद्य तेलों में सोयाबीन रिफाइंड महंगा बिका। तिलहनों में खरीदी बनी बताई गई। दलहनों में उठाव रहा इससे भाव में तेजी हुई। दाल में भी भाव सुधार लिए रहे। चावल में कामकाज सामान्य रहा।



### किराना बाजार

शक्कर खरीदी से भाव मजबूत रहे। आज शक्कर में 04 गाड़ी की आवक हुई। हल्दी तथा खोपरा बूरा लिवाली से बढ़त लिए रहा। साबूदाना में पूछपरख बताई गई।

### तेल-तिलहन

बारिश की खेंच से खाद्य तेल तेजी लिए रहे। मूंगफली तेल तथा सोयाबीन रिफाइंड बढ़कर बिका। तिलहनों में उठाव से तेजी मंदी का अभाव रहा।

### दाल-दलहन

स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी में दलहन ऊंचे रहे। आज मसुर- तुअर, मूंग में तेजी दर्ज की गई। दालों में उठाव से मजबूती रही। चावल में पूछपरख बनी बताई गई।

शक्कर 3900 से 3940 रुपये प्रति क्विंटल। खोपरा गोला 113 से 128 रुपये प्रति किलोग्राम। खोपरा बूरा 2150 से 3450 रुपये प्रति 15 किलोग्राम। हल्दी खडी 150 से 275 रुपये प्रति किलोग्राम। साबूदाना 7200 से 8100, पैकिंग में 8400 से 8600 रुपये प्रति क्विंटल।

### तिलहन

सरसों निमाड़ी 6100 से 6300, सोयाबीन 5100 से 5150 रुपये प्रति क्विंटल।

### तेल

मूंगफली तेल इंदौर 1790 से 1800, सोयाबीन रिफाइंड इंदौर 920 से 925, साल्वेंट 875 से 880, पाम तेल 910 से 915 रुपये प्रति 10 किलो। चना (कांटा) 6500 से 6550, चना विशाल 6350 से 6400, मसूर 6500 से 6550, तुअर निमाड़ी 9500 से 11500, तुअर सफेद (महाराष्ट्र) 11300 से 11700, तुअर (कर्नाटक) 11600 से 11900, मूंग 9000 से 9500, मूंग हल्की 7500 से 8300, उड़द 9000 से 9500, उड़द हल्की 3000 से 5000 रुपये प्रति क्विंटल। चना दाल 8000 से 8500, तुअर दाल सवा नंबर 14800 से 14900, तुअर दाल फूल 15200 से 15300, तुअर दाल बोल्ड 16200 से 16700, आयातित तुअर दाल 13900 से 14000, मसूर दाल 7850 से 8150, मूंग दाल 10800 से 11100, मूंग मोगर 11400 से 11700, उड़द दाल 10500 से 10800, उड़द मोगर 11100 से 11400 रुपये प्रति क्विंटल।

## एमडी और सीईओ उदय कोटक ने दिया इस्तीफा; दीपक गुप्ता संभालेंगे कार्यभार

नई दिल्ली। कोटक महिंद्रा बैंक के एमडी और सीईओ उदय कोटक ने पद से इस्तीफा दे दिया है। स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में बैंक ने इस बारे में जानकारी दी है। फिलहाल, ज्वाइंट एमडी दीपक गुप्ता एमडी और सीईओ के रूप में कार्य करेंगे। हालांकि उदय कोटक को 31 दिसंबर 2023 को अपने पद से रिटायर होना था लेकिन उन्होंने अपने रिटायरमेंट से करीब चार महीने पहले बैंक के एमडी और सीईओ पद से त्यागपत्र दे दिया है। उदय कोटक ने बैंक के बोर्ड को एक पत्र लिखकर कहा है कि हालांकि, मेरे पास अभी कुछ महीने हैं लेकिन मैं तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे रहा हूं। मैंने पिछले कुछ समय में इस फैसले के बारे में विचार किया और मेरा मानना है कि यह किसी भी संस्था के लिए सही चीज है। शेयर बाजार को दी जानकारी के मुताबिक कि बैंक की आज हुई बोर्ड बैठक में उदय कोटक के इस्तीफे पर विचार किया गया और वह एक सितंबर 2023 से बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ नहीं रहे। वह अब बैंक के गैर-कार्यकारी निदेशक बन गए हैं।

# नरेश गोयल 11 सितंबर तक ईडी की हिरासत में

मुंबई। जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल को बैंक धोखाधड़ी मामले में कोर्ट ने 11 सितंबर तक ईडी की हिरासत में भेजा है। वे अब 14 दिन तक ईडी की हिरासत में रहेंगे। केनरा बैंक से 538 करोड़ रुपये की कथित बैंक धोखाधड़ी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने शुक्रवार देर रात गोयल को गिरफ्तार किया गया था। जिसके बाद आज 74 वर्षीय गोयल को शनिवार को मुंबई में विशेष पीएमएलए अदालत में पेश किया गया था। जहां ईडी उनकी हिरासत की मांग की।

जेट एयरवेज, नरेश गोयल, उनकी पत्नी अनीता गोयल और कंपनी के कुछ पूर्व अधिकारियों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का यह मामला केनरा बैंक से 538 करोड़ रुपये के कथित धोखाधड़ी से जुड़ा है। इस मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने केनरा बैंक की शिकायत पर गोयल दंपती और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। ईडी ने मामले की जांच सीबीआई की प्राथमिकी के आधार पर शुरू की थी। सीबीआई ने बैंक धोखाधड़ी मामले में गोयल, उनकी पत्नी अनिता और कंपनी



के कुछ पूर्व अधिकारियों को आरोपी बनाया है।

बैंक ने सीबीआई को शिकायत की थी कि उसने जेट एयरवेज लिमिटेड (जेएएल) को 848.86 करोड़ रुपये का कर्ज दिया था, जिसमें से 538.62 करोड़ रुपये अब भी बकाया हैं। इस खाते को 29 जुलाई, 2021 को फ्रॉड घोषित कर दिया गया था।

### फोरेंसिक ऑडिट से खुलासा

बैंक का आरोप था कि कंपनी की फोरेंसिक ऑडिट से पता चला कि गोयल ने अपनी अन्य कंपनियों को 1410.41 करोड़ रुपये कमीशन के रूप में भुगतान किया और जेट का पैसा बाहर भेजा। सहयोगी कंपनियों को कर्ज और अन्य निवेश के जरिये भी भुगतान किया गया।

## शार्ट न्यूज

### घर लौटने पर जेना का गर्मजोशी से स्वागत

भुवनेश्वर। ओडिशा के प्रतिभाशाली भाला फेंक एथलीट किशोर जेना शनिवार को अपने वतन लौटे, जहां उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। ओडिशा के खेल निदेशक सिद्धार्थ दास, संयुक्त सचिव रंजीत परिदा और ओडिशा रिलायंस फाउंडेशन एथलेटिक्स एचपीसी के प्रमुख कोच मार्टिन ओवेन्स सहित खेल एवं युवा सेवा विभाग के कई अधिकारी जेना का उत्साहपूर्वक स्वागत करने के लिये बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एकत्र हुए। उल्लेखनीय है कि जेना ओडिशा के पहले खिलाड़ी हैं जिन्होंने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया। जेना ने हंगरी के बुडापेस्ट में हुई विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में 84.77 मीटर की दूरी पर भाला फेंककर पांचवें स्थान पर रहे। वह विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा के बाद शीर्ष आठ में दूसरे भारतीय थे। भुवनेश्वर के स्पोर्ट्स हॉस्टल से विश्व चैंपियनशिप तक की जेना की यात्रा प्रेरणादायक रही है, और उनकी उपलब्धियां देश भर के अनगिनत युवा एथलीटों के सपनों और आकांक्षाओं से मेल खाती हैं। दास ने कहा कि राज्य सरकार एथलेटिक्स की दुनिया में उत्कृष्टता की दिशा में जेना की निरंतर यात्रा को अटूट समर्थन देने का वादा करती है। उन्होंने कहा कि जेना की उल्लेखनीय उपलब्धियां ओडिशा में मौजूद अपार प्रतिभा का प्रमाण हैं।

### भुवनेश्वर, गुवाहाटी करेंगे फीफा विश्व कप क्वालीफायर मैचों की मेजबानी

नयी दिल्ली। भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम फीफा विश्व कप 2026 और एएफसी एशियाई कप 2027 के संयुक्त क्वालीफिकेशन राउंड-2 के शुरुआती दो घरेलू मैच भुवनेश्वर और गुवाहाटी में खेलेगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने शनिवार को यह घोषणा की। भारत को एशियाई क्वालीफायर के ग्रुप-ए में कतर और कुवैत के साथ रखा गया है, जबकि अफगानिस्तान और मंगोलिया के बीच प्रारंभिक संयुक्त क्वालीफिकेशन राउंड-1 मुकाबला जीतने वाली टीम भी इस ग्रुप में शामिल होगी। भारतीय टीम 16 नवंबर 2023 को कुवैत में एक मैच के साथ अपने अभियान की शुरुआत करेगी, जबकि उसका दूसरा मुकाबला 21 नवंबर को भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में क़तर के खिलाफ होगा। अगले साल भारत का पहला मुकाबला 21 मार्च को अफगानिस्तान या मंगोलिया में से किसी एक से होगा। इसके बाद कोच इगोर स्टिमाच की टीम गुवाहाटी के इंदिरा गांधी स्टेडियम में 26 मार्च को इस मुकाबले का दूसरा चरण खेलेगी। एआईएफएफ के महासचिव डॉ शाजी प्रभाकरण ने घोषणा के बाद कहा, हम ओडिशा फुटबॉल एसोसिएशन और असम फुटबॉल एसोसिएशन को उपरोक्त मैचों की मेजबानी के अधिकार के लिये सफलतापूर्वक बोली लगाने के लिये बधाई देना चाहते हैं।

### ऑस्ट्रेलिया ने साउथ अफ्रीका को 8 विकेट से हराया

डरबन में शुक्रवार को खेले गए दूसरे टी-20 मैच में ऑस्ट्रेलिया ने साउथ अफ्रीका को 8 विकेट से हरा दिया। इसके साथ ही तीन टी-20 मैचों की सीरीज में ऑस्ट्रेलिया ने 2-0 की बढ़त के साथ ट्रॉफी पर भी कब्जा जमा लिया है। बतौर कप्तान मिचेल मार्श की यह पहली सीरीज है। ऑस्ट्रेलियाई टीम के जीत के हीरो कप्तान मिचेल मार्श रहे। उन्होंने 39 गेंदों में नाबाद 79 की पारी खेली। वहीं नाथन एलिस और सीन एबॉट ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 3-3 विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे टी-20 में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी साउथ अफ्रीकी टीम निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 164 रन बनाए। साउथ अफ्रीका के लिए सबसे ज्यादा रन कप्तान एडन मारक्रम ने बनाए। उन्होंने 38 गेंदों का सामना कर 49 रन की पारी खेली। मारक्रम ने अपनी पारी में 3 चौके और 3 छक्के भी जड़े। वहीं अफ्रीका के लिए दूसरे टॉप स्कोरर टेम्बा बावुमा रहे। उन्होंने 17 गेंदों पर 6 चौके और 1 छक्के की मदद से 35 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से सबसे सफल गेंदबाज सीन एबॉट रहे। उन्होंने ने 4 ओवर में 22 रन देकर 3 विकेट लिए। वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम के दूसरे सफल गेंदबाज नाथन एलिस रहे। उन्होंने भी 4 ओवर में 25 रन देकर 3 विकेट लिया।

### नोएडा ने गोरखपुर को 43 रनों से हराया

कानपुर। कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में यूपी टी-20 लीग का मैच हो रहा है। शुक्रवार को पहला मुकाबला कानपुर सुपर स्टार व मेरठ मेवरिक्स के बीच हुआ। जिसमें कानपुर ने मेरठ को सात विकेट से हराया। अब दूसरा मुकाबला नोएडा और गोरखपुर के बीच खेला गया, जिसमें नोएडा की टीम 43 रनों से जीत गई। नोएडा ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। सामर्थ और अलमास शौकत ने टीम के लिए रन बटोरने शुरू ही किए थे कि दूसरे ओवर की चौथी बॉल पर गोरखपुर लॉयंस के गेंदबाज ध्रुव प्रताप सिंह की गेंद पर अलमास शौकत ने शिवम शर्मा को कैच थमा दिया। अलमास बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गए। छठवें ओवर में ध्रुप प्रताप की गेंद पर शातनु (5) ने सीके सिंह को कैच दे दिया। पांचवी गेंद पर नोएडा के कप्तान नीतिश राणा (4) ने सीके को कैच देकर पवेलियन लौट गए। नोएडा को चौथा झटका समर्थ सिंह के रूप में लगा। समर्थ अपना अर्धशतक बनाने से चूक गए। 12वें ओवर पर अंकित चौधरी की गेंद पर समर्थ (45) ने अभिषेक गोस्वामी को कैच दे दिया। नोएडा का पांचवा विकेट 20वें ओवर में प्रशांत वीर के रूप में गिरा। विजय कुमार की गेंद पर प्रशांत वीर (40) ने हर्षित सेठी को कैच दे दिया। नोएडा ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 182 रन बनाएं।

### थाईलैंड के राजा ने थाविसिन के नेतृत्व में नयी सरकार के गठन को मंजूरी दी

बैंकॉक। थाईलैंड के राजा महा वजिरालोंगकोर्न ने प्रधानमंत्री श्रेथा थाविसिन के नेतृत्व में देश की नयी सरकार की नियुक्ति एवं संरचना को मंजूरी दे दी है। रॉयल गवर्नमेंट गजट की वेबसाइट पर शनिवार को प्रकाशित एक डिक्री में कहा गया,卐महामहिम (श्री वजिरालोंगकोर्न) निम्नलिखित सूची में थाईलैंड की नयी कैबिनेट को नामांकित और अनुमोदित करते हैं। वेबसाइट पर प्रकाशित दस्तावेज़ में मंत्रियों और उपमंत्रियों की पूरी सूची में 36 नाम शामिल हैं, जबकि प्रधानमंत्री को डिक्री के निष्पादक के रूप में नियुक्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि थाईलैंड के संविधान के अनुसार नयी सरकार को अब निकट भविष्य में राजा शपथ दिलाएंगे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार नयी कैबिनेट ने आठ सितंबर को देश की संसद में अपना कार्यक्रम पेश करने और 12 सितंबर को अपनी पहली साप्ताहिक बैठक आयोजित करने की योजना बनाई है। थाईलैंड में 14 मई, 2023 को संसदीय चुनाव हुए थे। नवनिर्वाचित सांसदों ने 22 अगस्त को निचले और ऊपरी सदनों की संयुक्त बैठक में श्री थाविसिन को नए प्रधानमंत्री के रूप में चुना था।

### वेस्ट बैंक, गाजा में इजरायली सैनिकों के साथ झड़प में 16 फिलिस्तीनी घायल

गाजा/रामल्लाह। गाजा पट्टी और वेस्ट बैंक में इजरायली सैनिकों के साथ झड़प के दौरान कम से कम 16 फिलिस्तीनी घायल हो गए। यह जानकारी फिलिस्तीन के सुरक्षा और चिकित्सा सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। गाजा में हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार तटीय इलाके में गाजा और इजरायल को अलग करने वाली पूर्वी बाड़ पर तैनात इजरायली सैनिकों के हमले में कम से कम नौ फिलिस्तीनी घायल हो गए। वहीं, गाजा स्थित फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि स्थानीय युवाओं ने इजरायली सेना के खिलाफ गाजा के पूर्वी में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने टूटी हुई कार के टायर जलाए और इजरायली सैनिकों पर पत्थर फेंके, जिसके बाद इजरायली सैनिकों ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए गोलियां चलाईं और आंसू गैस के गोले दागे। रामल्लाह में फ़िलिस्तीनी चिकित्सा सूत्रों के अनुसार शुक्रवार को वेस्ट बैंक के काफ़र क़द्दुम गांव में हुई झड़प के दौरान इज़रायली सैनिकों के हमले में कम से कम सात फ़िलिस्तीनी युवा घायल हो गए। सूत्रों के अनुसार इजरायली बलों ने आंसू गैस और धातु की गोलियां चलाईं, जिससे कम से कम सात घायल हो गए।

# बारिश में मैच धुला, पर किशन-पांड्या चमके

पाल्लेकेले। भारत और पाकिस्तान के बीच शनिवार को खेला गया बहुप्रतीक्षित एशिया कप ग्रुप-ए मुकाबला बारिश में धुलने के बाद पाकिस्तान ने सुपर-चार चरण में प्रवेश कर लिया।

भारत ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 48.5 ओवर में 266 रन बनाये, लेकिन बारिश के कारण पाकिस्तान की पारी की एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी। बादलों के लगातार बरसते रहने के कारण अंपायरों ने स्थानीय समयानुसार रात नौ बजकर 52 मिनट पर मैच रद्द करने का फैसला किया और दोनों टीमों ने एक-एक अंक बांटा। पहले मुकाबले में नेपाल को 238 रन से रौंदने वाला पाकिस्तान सुपर-चार चरण में पहुंच गया, जबकि भारत अब चार सितंबर को नेपाल से भिड़ेगा। बारिश से पहले शाहीन अफरीदी (35/4) की अगुवाई में पाकिस्तान के तेज़ गेंदबाज़ों ने भारतीय बल्लेबाजी पर कहर बरपाया, जबकि भारत की ओर से हार्दिक पांड्या और ईशान किशन विपरीत परिस्थितियों में चमके। भारत के चार विकेट 66 रन पर गिरने के बाद पांड्या ने 90 गेंद पर सात चौकों और एक छक्के के साथ सर्वाधिक 87 रन बनाये, जबकि किशन ने 81 गेंद पर नौ चौकों और दो छक्कों के साथ 82 रन की पारी खेली। इन दोनों के अलावा भारत का कोई बल्लेबाज 20 रन का आंकड़ा नहीं छू सका।

शानदार शाहीन ने 10 ओवर में 35 रन देकर चार विकेट लिये, जबकि नसीम शाह (8.5 ओवर, 36 रन) और हारिस रऊफ (नौ ओवर, 58 रन) ने



तीन-तीन विकेट चटकाये। यह एशिया कप के इतिहास में पहली बार है जब एक टीम के सभी विकेट तेज़ गेंदबाज़ों ने चटकाये हों।

भारत ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन बादलों से घिरे हुए पाल्लेकेले स्टेडियम पर पाकिस्तानी गेंदबाजों ने शुरुआती स्विंग का भरपूर फायदा उठाया। बारिश के कारण चौथे ओवर में खेल रुका और मैदान पर वापसी के फौरन बाद शाहीन अफरीदी ने कप्तान रोहित शर्मा (11) को दर्शनीय इन-स्विंगर पर बोल्ड किया। विराट कोहली ने चौके के साथ खाता खोला लेकिन वह भी शाहीन की गेंद पर बोल्ड हो गये।

दो चौकों के साथ अच्छी शुरुआत करने वाले श्रेयस अय्यर रऊफ की छोटी गेंद पर फखर ज़मान को कैच दे बैठे, जबकि खाता खोलने के लिये लंबा समय लेने वाले शुभमन गिल 32 गेंद पर 10 रन बनाकर बोल्ड हुए।

भारत का ऊपरी क्रम जब 66 रन पर पवेलियन लौट गया तब किशन ने पारी को संभाला। केएल राहुल के फिट न होने के कारण टीम में आए किशन आग उगलती पाकिस्तानी गेंदबाजी पर आक्रमण करने से बिल्कुल नहीं हिचकिचाए। उन्होंने हारिस रऊफ की एक छोटी गेंद पर डीप बैकवर्ड पॉइंट पर छक्का जड़कर रफ्तार पकड़ी और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा।

किशन ने 54 गेंद में अपना अर्द्धशतक पूरा करके भारत को 30वें ओवर में भारत को 150 रन के पार पहुंचाया। उप-कप्तान पांड्या के साथ हुई उनकी 138 रन की साझेदारी ने भारत को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचा दिया। भारत आसानी से 300 रन की ओर बढ़ रहा था कि तभी तेज़ गेंदबाज़ों ने मैच में पाकिस्तान की वापसी करवाई।

रऊफ ने किशन को शतक से 18 रन पहले आउट कर भारत की एकमात्र सफल साझेदारी तोड़ी। पांड्या ने रऊफ को तीन चौके जड़कर रफ्तार बढ़ानी चाही लेकिन अफरीदी ने उन्हें और रवींद्र जडेजा (14) को 44वें ओवर में आउट कर एक बार फिर पाकिस्तान का पलड़ा भारी कर दिया। शार्दुल ठाकुर नसीम का पहला शिकार बनने से पहले सिर्फ तीन रन ही बना सके, हालांकि जसप्रीत बुमराह ने नसीम का शिकार होने से पहले 14 गेंद पर तीन चौकों की मदद से बहुमूल्य 16 रन रन बनाकर भारत को 266 रन तक पहुंचा दिया।

## सैफ अंडर-16 : बंगलादेश पर जीत के साथ भारत का आगाज़

**थिम्फू (भूटान)।** भारतीय अंडर-16 पुरुष फुटबॉल टीम ने शनिवार को सैफ अंडर-16 चैंपियनशिप में बंगलादेश को 1-0 से हराकर अपने अभियान की विजयी शुरुआत की।

कोच इश्फाक अहमद की अगुवाई वाली टीम ने अपना पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेलते हुए लंबे समय तक बंगलादेश के गोलकीपर नाहिदुल इस्लाम को पार नहीं कर सकी, लेकिन थोंगम्बा सिंह उशम ने 74वें मिनट में निर्णायक गोल जमाकर भारत को जीत दिलाई।

भारत मुकाबले की शुरुआत में फ्रंट फुट पर रहा और विशाल यादव ने पहले हाफ में कई मौके बनाये। विशाल ने 14वें मिनट में भरत लालरेन्जम के लिये एक मौका बनाया, जिसे इस्लाम ने गोल में नहीं बदलने दिया।

बंगलादेश ने भी कई मौकों पर गेंद पर




कब्जा रखा लेकिन भारतीय गोलकीपर अहेबम सूरज सिंह के लिये परेशानी पैदा नहीं कर सका।

भारत ने दूसरे हाफ में लंबी दूरी से गोल पर निशाना लगाना शुरू किया और शुरुआती असफलताओं के बाद वह 74वें मिनट में बंगलादेशी डिफेंस को भेदने में सफल रहा। स्थानापन्न खिलाड़ी मनभकुपर मानजियांग ने मिडफील्ड में विपक्षी खिलाड़ी से गेंद छीनकर गोल की ओर निशाना लगाया।

## रहील के दम पर फाइनल में पहुंचा भारत

सलालाह। भारत ने मोहम्मद रहील के दम पर एशियाई पुरुष हॉकी 5एस विश्व कप क्वालीफायर के सेमीफाइनल में शनिवार को मलेशिया को 10-4 से रौंदकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। रहील (नौवां, 16वां, 24वां, 28वां मिनट) ने इस महत्वपूर्ण मुकाबले में भारत के लिये चार गोल किये। मनिंदर सिंह (दूसरा मिनट), पवन राजभर (13वां मिनट), सुखविंदर (21वां मिनट), मनदीप मोर (22वां मिनट), जुगराज सिंह (23वां मिनट) और गुरजोत सिंह (29वां मिनट) ने भारत की जीत में एक-एक गोल का योगदान दिया। मलेशिया की ओर से अखीमुल्लाह अनवर (सातवां, 19वां मिनट) ने दो गोल किये, जबकि अबू इस्माइल (चौथा मिनट) और दीन मोहम्मद (19वां मिनट) ने एक-एक गोल किया।

## हमवतन जेरे को हराकर प्री-क्वार्टरफाइनल में पहुंचे जोकोविच

न्यूयॉर्क। सर्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने अमेरिकी ओपन के तीसरे दौर में शनिवार को पिछड़कर वापसी करते हुए अपने हमवतन लासलो जेरे को 3-2 से मात दी।

जोकोविच ने तीन घंटे 45 मिनट तक चले पांच सेट के मुकाबले में जेरे को 4-6, 4-6, 6-1, 6-1, 6-3 से हराया।

जोकोविच ने इस कठिन जीत के बाद कहा, अविश्वसनीय। लगभग दो बज चुके हैं, लेकिन बड़ी संख्या में लोग रुके हैं। मुझे उम्मीद है कि (प्रशंसकों) ने मैच का आनंद लिया, लेकिन यह निश्चित रूप से मेरे लिये उतना आनंददायक नहीं था, खासकर पहले दो सेटों में। यह कई वर्षों में यहां खेले गये मेरे सबसे कठिन मैचों में से एक था। बेहतरीन टेनिस खेलने के लिये लासलो को बहुत श्रेय जाता है।

मैच के शुरुआती 90 मिनटों में जेरे ने लंबी रैलियों में बढ़त बनाए रखी। उन्होंने बेसलाइन से निडर और तेज़तर्रार हिटिंग करते हुए अक्सर जोकोविच के पीछे धकेलकर उनका संतुलन बिगाड़ा। अपना चौथा अमेरिकी ओपन खिताब तलाश रहे जोकोविच ने तीसरे सेट में तेजी से अपना स्तर बढ़ाया और जेरे के फोरहैंड से गलतियां करवाते हुए मुकाबला अपने पक्ष में किया।

मैच का रुख तब बदला जब जोकोविच ने तीसरे सेट में 26 शॉट की रोमांचक रैली जीतकर पहली बार 1-0 से सर्विस तोड़ी। इसके बाद सर्बियाई दिग्गज ने अपने हाथ हवा में उठाकर न्यूयॉर्क की भीड़ से समर्थन मांगा और अगले दो सेट सिर्फ दो गेम गंवाकर जीते। आखिरी सेट में जोकोविच ने जेरे के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के बावजूद शानदार डिफेंस दिखाया और अपनी सर्विस पर मुकाबला जीत लिया।



# यूक्रेन को कम रेडियोएक्टिव यूरेनियम वाले गोला-बारूद देगा अमेरिका

**ये सुरक्षा कवच भेदने में माहिर; रूसी टैंकों को तबाह कर सकते हैं**

अमेरिका पहली बार यूक्रेन को डिप्लीटेड यूरेनियम से लैस गोला-बारूद (जिसमें यूरेनियम की मात्रा कम हो) भेजने वाला है। रॉयटर्स के मुताबिक, ये हथियार रूसी टैंकों को तबाह करने में सक्षम होंगे। इन हथियारों की सप्लाई की घोषणा अगले हफ्ते हो सकती है। इन गोला-बारूद को अमेरिका के अब्राम टैंकरों से फायर किया जा सकेगा। ये हथियार अमेरिका के यूक्रेन के लिए नए पैकेज का हिस्सा होंगे। ये एड पैकेज करीब 3 हजार करोड़ रुपए का हो सकता है। यूरेनियम एक रेडियोएक्टिव मैटीरियल है, जिसके एक आइसोटोप का इस्तेमाल परमाणु बम में भी किया जाता है। इससे पहले ब्रिटेन ने भी मार्च में यूक्रेन को ऐसे ही हथियार भेजे थे। इसी के बाद नाराज रूस ने बेलारूस में अपने परमाणु हथियार तैनात करने का फैसला लिया था। ये पहला मौका नहीं है, जब अमेरिका यूक्रेन को कोई



विवादित हथियार भेज रहा है। इससे पहले अमेरिका ने क्लस्टर हथियारों की सप्लाई की थी, जिसका यूक्रेन जंग में इस्तेमाल कर रहा है। कम यूरेनियम वाले इस तरह के हथियारों को लेकर कई बार बहस हो चुकी है। इंटरनेशनल कोलिशन ने यूरेनियम वाले हथियारों को बैन करने की भी मांग की थी, क्योंकि इनसे कैंसर और दूसरी गंभीर बीमारियों का खतरा होता है। इससे पहले जब ब्रिटेन ने ऐसे हथियार यूक्रेन भेजे थे, तब रूस ने इसका काफी विरोध किया था। पुतिन ने कहा था- ब्रिटेन जो बारूद-गोले भेज रहा है उसमें यूरेनियम मौजूद है। इससे पहले उन्होंने मार्च में यूक्रेन को चैलेंजर-2 बैटल टैंक देने की घोषणा की थी। पश्चिम और यूरोपीय देश लगातार गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार कर रहे हैं। इसके साथ ही पुतिन ने घोषणा कर दी थी कि वो अपने टैक्टिकल न्यूक्लियर वेपन को बेलारूस में तैनात करेगा। साथ ही बेलारूस में इस्कंदर मिसाइल सिस्टम भी भेजा गया था, जिसमें परमाणु वॉरहेड लगाए जा सकते हैं।

### क्या होते हैं डिप्लीटेड यूरेनियम वाले गोला-बारूद

यूरेनियम एनरिचमेंट के समय डिप्लीटेड यूरेनियम एक बाय-प्रोडक्ट के तौर पर निकलता है। ये भी यूरेनियम का ही लो लेवल आइसोटोप होता है। इसमें यूरेनियम की मात्रा कम होती है। इसका इस्तेमाल गोलों में किया जाता है, क्योंकि इसकी डेन्सिटी ज्यादा होने की वजह से गोला-बारूद आसानी से दुश्मन के कवच को भेद पाते हैं। साथ ही ये ज्यादा टेम्परेचर या प्रेशर में खुद ही प्रज्जवलित हो जाते हैं। डिप्लीटेड यूरेनियम रेडियोएक्टिव होता है, लेकिन इसका प्रकृति पर असर कम होता है। हालांकि, इसके कण लंबे समय तक मिट्टी और हवा में मौजूद रह सकते हैं। अमेरिका ने 1991 और 2003 के खाड़ी युद्ध के दौरान बड़ी मात्रा में कम यूरेनियम वाले गोला-बारूद का इस्तेमाल किया था। इसके अलावा 1999 में यूगोस्लाविया में नाटो के हमलों में भी ऐसे हथियारों का इस्तेमाल हुआ था। यूएन की इंटरनेशनल एटॉमिक एनर्जी एजेंसी ने यूगोस्लाविया, कुवैत, इराक और लेबनान जैसे देशों में पर्यावरण में यूरेनियम के अंश मिले थे। हालांकि, इससे किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा।

## यूक्रेन जंग के बीच रूस ने तैनात की सरमट मिसाइल

**रूसी स्पेस एजेंसी के चीफ ने कहा- मिसाइल को कॉम्बैट रेडी रखा गया**

**मॉस्को।** यूक्रेन जंग के बीच रूस ने इंटरकोंटिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल RS-28 सरमत को लड़ाई के लिए तैयार रखा है। रूस की स्पेस एजेंसी के चीफ ने इसकी जानकारी दी है। इस मिसाइल को दुनिया की सबसे घातक मिसाइल माना जाता है। इसमें एक साथ 10 न्यूक्लियर वॉरहेड लगाए जा सकते हैं और जरूरत के वक्त इन्हें अलग-अलग दिशाओं में दागा जा सकता है।

रूस की नॉलेज सोसाइटी के एक कार्यक्रम के दौरान एजेंसी के चीफ ने कहा कि रूस ने सरमत को कॉम्बेट ड्यूटी पर तैनात किया है। हालांकि इसे कब और कहां तैनात किया गया इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई। व्हाइट हाउस की नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के प्रवक्ता ने शुक्रवार को कहा कि सरमत को कॉम्बैट रेडी रखने के बारे में उन्हें जानकारी नहीं है।

### पिछले साल किया गया था परीक्षण

सरमत ICBM को पहली बार 20 अप्रैल 2022 में लॉन्च किया गया था। इसका परीक्षण यूक्रेन युद्ध की शुरूआत के कुछ दिन बाद ही किया गया। ये परीक्षण रूस के अर्खांगेल्स्क प्रांत में किया गया था। मिसाइल ने रूस के पूर्वी हिस्से कमचाटका प्रायद्वीप में अपने टारगेट को सफलतापूर्वक हिट किया था। CNN की एक रिपोर्ट के मुताबिक पहले परीक्षण के एक साल बाद रूस ने इस साल भी सरमत मिसाइल का परीक्षण किया था। जो फेल हो गया।

### 18000 किमी दूर तक टारगेट क्षमता

सरमत मिसाइल की कुल लंबाई 35 मीटर यानी 115 फीट है। इस मिसाइल की रेंज 18000 किलो मीटर है और ये दुनिया के किसी भी हिस्से में न्यूक्लियर हमला करने में सक्षम है। ये मिसाइल एक साथ 10 से अधिक न्यूक्लियर वॉरहेड, 16 छोटे न्यूक्लियर वॉरहेड को ले जाने में सक्षम है। मिसाइल का कुल भार 200 टन से अधिक है, जिसमें से 178 टन फ्यूल होता है। इन मिसाइलों को रूस की 1980 के दशक में बनी पुरानी ICBM मिसाइलों को बदलने के लिए बनाया गया था।

### अफगानिस्तान में अचानक आई बाढ़ से छह घायल

**मेहतरलम।** अफगानिस्तान के पूर्वी लघमान प्रांत में भारी बारिश और अचानक आई बाढ़ से छह लोग घायल हो गए हैं। प्राकृतिक आपदा प्रबंधन और मानवीय मामलों के प्रांतीय निदेशक कारी खैर मोहम्मद गाजी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारी बारिश के कारण लघमान की राजधानी मेहतरलम में शुक्रवार रात अचानक बाढ़ आ गई जिससे बच्चों और महिलाओं सहित छह लोग घायल हो गए। उन्होंने कहा कि बाढ़ से 25 घर क्षतिग्रस्त या ध्वस्त हो गए हैं। गाजी ने कहा कि बाढ़ से 800 एकड़ कृषि भूमि नष्ट हो गयी है। अफगान मौसम विज्ञान अधिकारियों ने युद्धग्रस्त देश के कुछ हिस्सों में अगले दो दिनों में तेज हवा के साथ भारी बारिश और बाढ़ आने का पूर्वानुमान जताया है।

### अफगानिस्तान आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई करे

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने एक बार फिर अंतरिम अफगान सरकार से इस्लामाबाद को धमकी देने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं के खिलाफ कार्रवाई करने तथा अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए कहा है। बीबीसी ने शनिवार को बताया कि पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच ने शुक्रवार को अपनी साप्ताहिक प्रेस वार्ता में कहा, यह उनकी जिम्मेदारी है, उनकी अंतरराष्ट्रीय जिम्मेदारी है, उनकी द्विपक्षीय जिम्मेदारी है और उनकी त्रिपक्षीय जिम्मेदारी है जैसा कि उन्होंने पाकिस्तान, अफगानिस्तान तथा चीन के बीच त्रिपक्षीय प्रतिबद्धता में जताई है। बलोच कार्यवाहक विदेश मंत्री के उस बयान के बारे में एक सवाल का जवाब दे रही थीं कि अफगान अधिकारियों ने पाकिस्तान में हमलों में शामिल कुछ आतंकवादियों को 'हिरासत में' लिया है। अफगान तालिबान ने दावों का खंडन किया है। उन्होंने कहा, अफगान अधिकारियों के लिए उन व्यक्तियों और संस्थाओं के खिलाफ कार्रवाई करना महत्वपूर्ण है जो पाकिस्तान को धमकी देते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकर की नैरोबी की आगामी यात्राओं के एजेंडे की भी रूपरेखा की चर्चा की।

### पूर्वी सीरिया में जानलेवा झड़पें खत्म हों

बेरुत। अमेरिका ने पूर्वी सीरिया के एक क्षेत्र में कुर्द नेतृत्व वाले सीरियाई डेमोक्रेटिक फोर्सेज (एसडीएफ) और अरब सशस्त्र समूहों के बीच जानलेवा झड़पों को खत्म करने का आह्वान किया है। बीबीसी ने शनिवार को बताया कि अमेरिका समर्थित एसडीएफ से संबद्ध एक स्थानीय अरब सशस्त्र समूह डेर एजोर सैन्य परिषद के प्रमुख की रविवार को गिरफ्तारी के बाद झड़पें शुरू हो गईं थी, जिसमें कई लोग मारे गए। सीरिया में स्थित अमेरिकी दूतावास ने सभी पक्षों से तनाव कम करने और शांतिपूर्वक स्थिति बहाल करने का आह्वान किया। अमेरिकी सेना के ऑपरेशन इनहेरेंट रिजोल्यूशन ने कहा, उत्तरपूर्वी सीरिया में हिंसा बंद होनी चाहिए। एक बयान में इसने दाएश के खतरे से मुक्त, पूर्वोत्तर सीरिया में शांति और स्थिरता लाने के प्रयासों पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया है। बयान में कहा गया, हम क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता के समर्थन में दाएश की स्थायी हार सुनिश्चित करने के लिए सीरियाई डेमोक्रेटिक बलों के साथ काम करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। इस महत्वपूर्ण कार्य से ध्यान भटकाने से अस्थिरता पैदा होती है और दाएश के पुनरुत्थान का खतरा बढ़ जाता है। एसडीएफ ने उस हमले का नेतृत्व किया जिसने 2019 में सीरिया में इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह के स्व-घोषित खिलाफत को हरा दिया। अमेरिका समर्थित बल सीरिया के उत्तर-पूर्व में एक अर्ध-स्वायत्त कुर्द क्षेत्र को नियंत्रित करता है जिसमें डेर एजोर प्रांत के बड़े हिस्से भी शामिल हैं।

### माली में लगभग 10 लाख बच्चों पर गंभीर कुपोषण का ख़तरा: संयुक्त राष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि अफ्रीकी देश माली में जीवनरक्षक सहायता के बिना, 05 वर्ष से कम उम्र के लगभग 10 लाख बच्चों को इस साल दिसंबर तक गंभीर कुपोषण का सामना करना पड़ेगा, जबकि कम से कम 200,000 लोगों के भूख से मरने का ख़तरा है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के मुख्य प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने शुक्रवार को दिये बयान में कहा कि लंबे समय तक सशस्त्र संघर्ष, आंतरिक विस्थापन और प्रतिबंधित मानवीय पहुंच की घोर समस्याओं के मद्देनजर संयुक्त राष्ट्र बाल कोष ने यह चेतावनी जारी की है। डुजारिक ने कहा कि माली की लगभग एक चौथाई आबादी मध्यम या तीव्र खाद्य असुरक्षा से पीड़ित है। पहली बार, मेनका के संकट प्रभावित क्षेत्र में 2,500 से अधिक लोग अकाल के खतरे में हैं, जिनमें से कई बच्चे हैं। यूनिसेफ ने कहा कि यूनिसेफ और संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम के वरिष्ठ मानवीय अधिकारियों ने स्थानीय अधिकारियों और मानवीय भागीदारों के साथ सहयोग में समर्थन दोहराने के लिए इस सप्ताह देश का दौरा किया। मानवीय कार्रवाई और आपूर्ति संचालन के लिए यूनिसेफ के उप कार्यकारी निदेशक टेड चाइबन ने कहा, माली एक जटिल मानवीय संकट से गुजर रहा है और बच्चों के लिए आपदा को टालने के लिए तत्काल सहायता की आवश्यकता है, वह फिर से उस संकट की सबसे अधिक कीमत चुका रहे हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं, ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11, ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

## शार्ट न्यूज

### सोनाञ्चल में महिलाओं के लिए संचालित बहुआयामी जानकारी दी गई



**सोनभद्र ।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह के निर्देशन एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा की अगुवाई में महिला कल्याण विभाग द्वारा आँगनबाड़ी केंद्र – मॉडल इंग्लिश मीडियम प्राइमरी स्कूल बिल्ली , मारकुंडी , ओबरा में जिला समन्वयक साधना मिश्रा के संयोजकत्व में बेटी बचाओ – बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित समस्त योजनाओं यथा कन्या सुमंगला योजना, वन स्टॉप सेंटर , निराश्रित महिला पेंशन, घरेलू हिंसा विषयक जानकारी दी गई । संरक्षण अधिकारी गायत्री दुबे द्वारा बाल सेवा योजना कोविड–19, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य तथा स्पॉन्सरशिप योजना के बारे में तद्विषयक व्याख्यानमाला में योजनाओं के उद्देश्य एवं क्रियान्वयन पर विशेष प्रकाश डाला गया। बालिकाओं को अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक करने , आत्मबल का सबल सम्बल प्रदान करने के निमित्त उन्हें प्रोत्साहित करने के आधारभूत तथ्य – कथ्य से सम्यक परिज्ञान कराया ओ0आर0डब्लू0 शशेषमड़ी दुबे ने अपने वक्तव्य में । कहा कि बालिकाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने और अपना नाम रोशन करने के लिए ऊर्जस्वित भाव से सिद्धांतों के अनुरूप क्रियाशील होना बेहद जरूरी है ।

### नवविवाहिता का हुआ अपहरण

#### अपराधियों ने लड़की के मां के ऊपर चढ़ाई कार,पैर टूटा

**गोण्डा ।** छपिया थाना क्षेत्र अंतर्गत मसकनवा–मनकापुर रोड संगम मैरिज हाल तिराहे के पास चालीस वर्षीय महिला अपनी विवाहित 20 वर्षीय पुत्री के साथ सेवा केंद्र पर पैसा निकालने आयी थी ।इसी बीच कार सवार तीन लोगो ने विवाहिता का हाथ पकड कर जबरदस्ती खीचने लगे ।साथ मे चल रही उसकी मां ने विरोध करते हुए लडकी को अपनी ओर खीचने लगी ।तभी अपहरणकर्ता ने मां के ऊपर कार चढा दिया । जिससे मां का दाहिना पैर टूट गया ।और लडकी को लेकर मनकापुर की ओर फरार हो गये ।घायल महिला को लोग आनन फानन मसकनवा चौराहे पर स्थित पब्लिक क्लीनिक पर लेकर आये ।जहा पर इलाज चल रहा है ।महिला के चेहरे पर भी काफी चोटे आई है । सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष सुरेश कुमार वर्मा भारी पुलिसबल के साथ पहुंचकर घायल महिला से घटना की जानकारी ली ।थानाध्यक्ष ने बताया कि कई टीमे गठित कर अपहरणकर्ताओ की खोज की जा रही है ।लडकी का नाम राधिका बताया जा रहा है । जिसकी मई मे शादी हुई तथा ससुराल से मायके रक्षाबंधन त्यौहार पर राखी बाधने आई थी । दिन दहाडे मसकनवा चौराहे के नजदीक से अपहरण की घटना चर्चा का विषय बना हुआ है । पुलिस बडी तत्परता के साथ अपराधियो की खोज मे जुटी हुई है ।

### ज्वेलर की दुकान में घुस फायरिंग करने का चौथा आरोपी गिरफ्तार

**भरतपुर ।** राजस्थान के भरतपुर में पिछले दिनों लूटपाट के इरादे से ज्वेलर की दुकान में घुस फायरिंग कर अजय कुमार को घायल कर देने की वारदात में शामिल फरार चौथे बदमाश को भी पुलिस ने आज गिरफ्तार कर लिया गया। इस सनसनीखेज एवं हंगामेदार मामले में वारदात के दिन एक बदमाश को तमांचा सहित मोके पर ही दबोच कर दुकानदारों ने थाना अटलबन्ध पुलिस के हवाले कर दिया था जबकि वारदात के बाद मौके से फरार हुए दो बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद थाना चिकसाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया था। अटलबन्ध थानाधिकारी मनीष शर्मा द्वारा गिरफ्तार चौथे बदमाश का नाम मौनू ब्राह्मण उम्र 23 साल निवासी दुनोटिया थाना मांठ जिला मथुरा उत्तरप्रदेश बताया गया है । प्राप्त एक अन्य जानकारी के अनुसार इसी मामले में चिकसाना थाना क्षेत्र में पुलिस के साथ मुठभेड़ के दौरान थानाधिकारी अटलबन्ध पर फ़ायर करने बाले बदमाश राजू उर्फ राजकुमार उम्र 20 साल जाति कोली निवासी माहरू थाना मांठ जिला मथुरा उत्तरप्रदेश को चिकसाना थानाधिकारी विनोद कुमार द्वारा गिरफतार किया गया है ।

### कोटा मंडल में कई यात्रीगाड़ियों के प्रायोगिक ठहराव अवधि को बढ़ाया

कोटा। रेल प्रशासन ने कई यात्रीगाड़ियों के दिए गये प्रायोगिक ठहराव अवधि को आगामी छह माह के तक के लिए बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि गाड़ी संख्या 12466 जोधपुर–इंदौर का अगले साल 3 मार्च तक महिदपुर रोड़ स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव बढ़ा दिया गया है। गाड़ी संख्या 12415/12416 इंदौर–नई दिल्ली–इंदौर का 3 मार्च तक महिदपुर रोड़ स्टेशन पर दोनों दिशाओं में प्रायोगिक ठहराव बढ़ा दिया गया है। गाड़ी संख्या 22983/22984 कोटा–इंदौर–कोटा का 4 मार्च तक सारंगपुर स्टेशन पर दोनों दिशाओं में प्रायोगिक ठहराव बढ़ा दिया गया है। सूत्रों के अनुसार गाड़ी संख्या 12969/12970 कोयंबटूर–जयपुर–कोयंबटूर का कोयंबटूर से प्रस्थान करने वाली गाड़ी 5 मार्च तक एवं जयपुर से प्रस्थान करने वाली गाड़ी 9 मार्च तक संत हिरदाराम नगर स्टेशन पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 22631/22632 मदुरई–बीकानेर–मदुरई का मदुरई से प्रस्थान करने वाली गाड़ी 11 मार्च तक एवं बीकानेर से प्रस्थान करने वाली गाड़ी 7 मार्च तक संत हिरदाराम नगर स्टेशन पर ठहराव करेगी।

### विपक्ष परिवारवाद को बचाने के लिए मोदी को चाहते है हटाना : जे पी नड्डा

सवाईमाधोपुर । भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने विपक्षी दलों के गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (आईएनडीआईए) के नेताओं पर परिवारवाद को बचाने का आरोप लगाते हुए कहा है कि ये लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इसलिए हटाना चाहते है कि मोदी के रहते परिवारवाद नहीं हो सकता। नड्डा शनिवार को राजस्थान के सवाईमाधोपुर में प्रदेश भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा के शुभारंभ के अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कल ये लोग मुंबई में एकत्रित होकर मोदी हटाओ की बात कह रहे थे। हम कहते कि मोदी को आगे बढ़ाओं और देश को आगे ले जाओ। उन्होंने कहा कि ये लोग मोदी को इसलिए हटाना चाहते हैं क्योंकि इन्हें परिवार को बचाना हैं, मोदी के रहते परिवारवाद नहीं हो सकता। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस को देश की नहीं, राहुल गांधी की चिंता है।

## तृप्ति की तलाश में

तृप्ति की तलाश में
भटके पड़ाव पर
विचरण की छाँव में
आरोहित ठाँव पर
झेलता दु:सह तपन
क्षत – विक्षत सहज मन।

झंझानी शोरों से
तारक दृग कोरों से
काम्य मृदुल भोरों से
जीवन नव छोरों से
बिंधा लगा रग – रग तन
क्षत – विक्षत सहज मन।

जगत की परिवर्तित गति
नियति नटी की नव मति
दु:ख रजनी की संगति
छद्म प्रदर्शन की रति
गहती अंधेर गहनत
क्षत – विक्षत सहज मन।




डॉ0 परमेश्वर दयाल श्रीवास्तव 'पुष्कर'

# स्वदेशी गाय की नस्ल सुधार के लिए 15 हजार प्रोत्साहन राशि देगी योगी सरकार

## गिर, साहीवाल, हरियाणा, गंगातीरी तथा थारपारकर स्वदेशी गाय पर मिलेगी प्रोत्साहन राशि

**लखनऊ।** प्रदेश के गौ पालकों की आय बढ़ाने, उन्हें आत्मनिर्भर बनाने एवं स्वदेशी नस्ल की गायों के प्रति उनका रुझान बढ़ाने के लिए योगी सरकार ने नन्द बाबा दुग्ध मिशन के तहत मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना शुरू की है। इसको लेकर शासनादेश भी जारी कर दिया गया है जिसमें योजना से संबंधित प्रोत्साहन धनराशि, पात्रता, मानक, योजना का उद्देश्य और स्वरूप को स्पष्ट किया गया है। शासनादेश के अनुसार, योजना स्वदेशी नस्ल की गाय के पहले, दूसरे और तीसरे ब्यात (प्रसव) पर लागू होगी। एक पशुपालक को अधिकतम दो स्वदेशी नस्ल की गायों में नस्ल सुधार एवं दुग्ध उत्पादकता में वृद्धि के लिए प्रोत्साहन धनराशि दी जाएगी। इस धनराशि को दो भागों में बांटा गया है, जिसमें पशुपालकों को दस और पंद्रह हजार रुपये प्रोत्साहन के रूप में दिये जाएंगे। दुग्ध आयुक्त और मिशन निदेशक शशि भूषण सुशील ने बताया कि पशुपालकों में स्वदेशी गायों में नस्ल सुधार, उनकी बेहतर देखभाल,



गुणवत्तायुक्त पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के अभाव की वजह से प्रदेश में पर्याप्त संख्या होने के बाद भी दुग्ध उत्पादकता अत्यन्त कम होने के कारण उनका योगदान अपेक्षा के अनुरूप नहीं है। ऐसे में प्रदेश के पशुपालकों में उच्च उत्पादकता एवं गुणवत्ता वाली स्वदेशी नस्ल की गायों (गिर, साहीवाल, हरियाणा, गंगातीरी तथा थारपारकर) को पालने के प्रति प्रोत्साहित करने, उनके नस्ल सुधार, उनकी बेहतर देखभाल के उद्देश्य से नंद बाबा दुग्ध मिशन के तहत मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना शुरू की गयी। इसके तहत पशुपालकों को नगद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देने की व्यवस्था की गयी है। योजना के तहत योगी सरकार दस से पंद्रह हजार रुपये प्रोत्साहन राशि दे रही है। इस धनराशि को दो भागों में बांटा गया है। इसमें साहिवाल, गिर और थारपारक गाय द्वारा आठ से बारह किलो प्रति दिन दूध देने पर दस हजार रुपये और बारह किलो से ज्यादा प्रतिदिन दूध देने पर पंद्रह हजार रुपये प्रोत्साहन राशि के रूप में दिये जाएंगे। वहीं हरियाणा गाय द्वारा प्रति दिन छह से दस किलो दूध देने पर दस हजार और दस किलो से ज्यादा दूध देने पर पंद्रह हजार रुपये दिये जाएंगे। इसके अलावा गंगातीरी गाय के 6 से 8 किलो प्रति दिन दूध देने पर दस हजार और आठ किलो से ज्यादा दूध देने पर पंद्रह हजार रुपये दिये जाएंगे।

### स्वदेशी नस्ल की गाय के जीवनकाल में एक बार ही उठा सकेंगे योजना का लाभ

मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना स्वदेशी नस्ल की गायों के पहले, दूसरे और तीसरे ब्यात पर लागू होगी। इस योजना का लाभ प्रदेश के प्रगतिशील पशुपालक अधिकतम 2 गायों पर उठा सकेंगे। पशुपालक एक गाय की उच्च उत्पादकता के लिए उसके जीवनकाल में केवल एक बार ही योजना का लाभ उठा सकेंगे। योजना का उद् ?देश्य प्रदेश में दुग्ध उत्पादकता में वृद्धि करके प्रदेश के पशुपालकों की आय में वृद्धि करना है। साथ ही प्रदेश में प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता बढ़ाकर राष्ट्रीय स्तर पर लाना है। योजना का लाभ फर्म, समूह और संगठन नहीं उठा सकेंगे।

# डीएम व एसपी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस पर सुनी जनता की शिकायतें





रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत

बलरामपुर। तहसील उतरौला में जिलाधिकारी अरविंद सिंह एवं पुलिस अधीक्षक केशव कुमार की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा ध्यानपूर्वक फरियादियों की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना गया। उन्होंने शिकायतो की जांच करते हुए उनका समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा की छोटे–छोटे जमीनी विवादो का राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर ग्राम स्तर पर ही निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। छोटे–छोटे जमीनी विवाद लंबे ना खींचे। उन्होंने कहा कि लेखपाल एवं कानूनगो कार्यप्रणाली में सुधार लाए। अपने क्षेत्र के जमीनी विवाद से जुड़े मामलों कि पूर्णतया जानकारी रखें। संपूर्ण समाधान दिवस उतरौला में कुल 40 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें से चार का मौका पर ही निस्तारण कर दिया गया,शेष प्रार्थना पत्रों का तीन दिवस के भीतर संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा जांच करते हुए निस्तारण किया जाएगा। इस दौरान एसडीम उतरौला अवधेश कुमार, क्षेत्राधिकार उतरौला, जिला विकास अधिकारी गिरीश चंद्र पाठक, परियोजना निदेशक डीआरडीए सीपी श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुशील कुमार व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। तहसील तुलसीपुर में मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस तुलसीपुर में कुल 32 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें से चार का मौका पर ही निस्तारण कर दिया गया, शेष प्रार्थना पत्रों का तीन दिवस के भीतर संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा जांच करते हुए निस्तारण किया जाएगा।

# प्रदेश में बहनों के सशक्तिकरण की सामाजिक क्रांति हो रही : शिवराज

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश में बहनों के सशक्तिकरण के लिये सामाजिक क्रांति हो रही है। मैं किसी बहन को दुखी नहीं रहने दूँगा।

चौहान आज उज्जैन जिले के बड़नगर में लाड़ली बहना सम्मेलन में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने 150 करोड़ रूपये के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण/भूमि–पूजन किया। विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किये। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बहन–बेटियों को सशक्त करने के कार्य निरंतर किये जा रहे हैं। लाड़ली लक्ष्मी योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह–निकाह योजना और अब लाड़ली बहना योजना ने समाज में बहनों की स्थिति को बहुत मजबूत कर दिया है। अब बेटियाँ बोझ नहीं वरदान बन गई हैं। प्रदेश में 21 वर्ष आयु की बहनों और ट्रेक्टर वाले परिवारों की बहनों के नाम जुड़ जाने के बाद अब लाड़ली बहनों की संख्या एक करोड़ 32 लाख हो गई है। जो बहनें छूट गई हैं, उनके नाम भी जोड़े जायेंगे।



मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी राखी पर बहनों को 250 रूपये भिजवाये थे। लाड़ली बहना योजना की राशि अब 1250 रूपये कर दी गई है। इसे धीरे–धीरे बढ़ाकर 3000 रूपये तक किया जायेगा। पहले बहनों को अपनी छोटी–छोटी आवश्यकताओं के लिये परेशान होना पड़ता था। सरकार का प्रयास है कि हर बहन की आमदनी 10 हजार रूपये महीना हो और इसके लिये आजीविका मिशन में उन्हें विभिन्न गतिविधियों के लिये सहायता दी जा रही है। अब बहनों को टोल बेरियर भी संचालन के लिये दिये जा रहे हैं। टोल टैक्स से प्राप्त राशि की 30 प्रतिशत राशि बहनों को आमदनी के रूप में मिलेगी। चौहान ने कहा कि हम नया जमाना ला रहे हैं। प्रदेश में सरकारी संसाधनों का उपयोग गरीबों और किसानों के लिये किया जा रहा है।

# शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण तरीके से ससमय किया जाय सुनिश्चित : अपर जिलाधिकारी

**सोनभद्र ।** जनपद की चारों तहसीलों में ''सम्पूर्ण समाधान दिवस'' का आयोजन शासन की मन्शा के अनुरूप सितम्बर महीने के पहले शनिवार को किया गया। मुख्य सम्पूर्ण समाधान दिवस दुद्धी में रहा जहां अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सहदेव कुमार मिश्रा ने शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से कराने के साथ ही क्षेत्रों में भी टीम भेजकर प्रकरणों का निस्तारण कराया। इस मौके पर सम्बन्धित को निर्देशित भी किया गया कि इसमें किसी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जाय।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सहदेव कुमार मिश्र व उप जिलाधिकारी दुद्धी सुरेश राय, तहसीलदार दुद्धी व अन्य अधिकारियों ने 42 शिकायतें सुनते हुए मौके पर ही 12 मामलों का निस्तारण किया। एडीएम ने बताया कि शेष 30 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने की कार्यवाही



अमल में लायी जा रही है। इस मौके पर तहसीलदार दुद्धी, सी0ओ0 दुद्धी व पिपरी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

रॉबर्ट्सगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजन रहा अपर जिलाधिकारी (नमांमि गंगे) आशुतोष दूबे की अध्यक्षता में जो सविधि सम्पन्न हुआ। इस मौके पर तहसील में आये शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस दौरान सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रकरणों का निस्तारण ससमय से कराया जाय । सम्बन्धित को निर्देशित भी किया गया कि इसमें किसी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जाय।

अवशेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (नमांमि गंगे) व अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी व तहसीलदार राबर्ट्सगंज की समुपस्थिति में 92 शिकायतें सुनते हुए मौके पर ही 10 मामलें निस्तारित कर दिये जबकि और 04 टीमों को क्षेत्र में भेजकर 04 प्रकरणों का निस्तारण किया। इस प्रकार तहसील दिवस राबर्ट्सगंज में कुल 14 मामले निस्तारित हुए, बाकी 78 प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध और गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के लिए निर्देश सम्बन्धित को दिए गए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस घोरावल का आयोजन उप जिलाधिकारी घोरावल राजेश सिंह की अध्यक्षता में विधिवत सुसम्पन्न हुआ। इस मौके पर तहसील में आये शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का निस्तारण किया गया जिसके दौरान क्षेत्रों में भी टीम भेजकर प्रकरणों का निस्तारण कराया गया तथा सम्बन्धित को निर्देशित भी किया गया कि इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाय। इस मौके पर उप जिलाधिकारी घोरावल व तहसीलदार घोरावल, खण्ड विकास अधिकारी घोरावल ने 47 शिकायतें सुनते हुए मौके पर ही 04 मामलें निस्तारित किये जबकि 01 टीम को क्षेत्र में भेजकर 01 प्रकरण निस्तारित किया गया।

# भाजपा जहां नफरत फैलायेगी , कांग्रेस के लोग वहां जाकर प्यार बांटेंगे

रायपुर। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का काम नफरत फैलाना है और वह जहां भी ऐसा करेगी , कांग्रेस के लोग वहां जाकर प्यार बाटेंगे और लोगों को जोड़ने का काम करेंगे।

गांधी ने आज यहां छत्तीसगढ़ मितान क्लब के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत जोड़ों यात्रा के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लोगों को जोड़ने का काम किया और यही इस यात्रा का उद्देश्य भी रहा। उन्होंने कहा , हम सबसे पहले हिन्दुस्तानी हैं। हमें मोहब्बत और इज्जत के साथ एक दूसरे के साथ रहना है और इसी मकसद को



लेकर हमने भारत जोड़ो यात्रा शुरू की थी।

उन्होंने कहा , नफरत और हिंसा से देश आगे नहीं बढ़ता और न ही अर्थव्यवस्था में सुधार हो सकता है। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में अपना किया वादा निभाया है। किसानों को उचित मूल्य उपलब्ध कराने के साथ ही उनके कर्ज माफ किये गये। आप अन्य राज्यों से तुलना कर लीजिए , यही तथ्य सामने आयेगा कि छत्तीसगढ़ के किसानों को सबसे ज्यादा पैसा दिया जाता है।

कांग्रेस नेता ने सवाल किया कि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो–तीन उद्योगपति मित्रों के लिए काम करते हैं तथा ऐसी क्या बात है कि अडानी के मामलों की जांच क्यों नहीं करवायी जाती। उन्होंने आरोप लगाया कि श्री मोदी ने तो वादा किया था कि काला धन वापस लाया जायेगा लेकिन यहां उल्टा हो रहा है और देश का धन बाहर भेजा जा रहा है।

इस मौके पर गांधी ने छत्तीसगढ़ में बस्तर और सरगुजा संभाग के लिए स्कूल शिक्षा विभाग में सीधी भर्ती के जरिए नियुक्त 2000 शिक्षकों को प्रतीकस्वरुप नियुक्तिपत्र सौंपे। इसके साथ ही राजीव युवा मितान क्लब के लिए उत्कृष्ट योगदान देने वाले पांच क्लब को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल , उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल और सांसद दीपक बैज ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर कांग्रेस के छत्तीसगढ़ मामलों की प्रभारी कुमारी शैलजा , विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत ,उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव एवं अन्य मंत्री उपस्थित रहे।

# उज्ज्वला योजना में 450 रूपये में मिलेगा गैस सिलेण्डर : शुक्ल

रीवा। मध्यप्रदेश के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने दीनदयाल रसोई योजना के तृतीय चरण का शुभारंभ किया। शुक्ल ने कहा कि शहर में तीन स्थानों पर संचालित दीनदयाल रसोई है में अब केवल 5 रुपए देकर लोग भोजन कर सकेंगे। उन्होंने शहरी क्षेत्र के 192 आवासहीनों को आवासीय भूमि के पट्टे वितरित किए।

उन्होंने कहा कि हितग्राहियों को पक्का आवास बनाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना से राशि भी दी जाएगी। जो परिवार छूट गए हैं उनका भी सर्वे किया जा रहा है। नगर निगम की बाणसागर कॉलोनी तथा उद्योग विहार के पास बसे गरीब परिवारों को भी 10 दिन में आवासीय पट्टे प्रदान कर दिए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि धारणाधिकार योजना से पात्र परिवारों को मात्र एक हजार रुपए जमा कराकर एक लाख रुपए की आवासीय जमीन दी जा रही है। शुक्ल ने कहा कि हमारी सरकार गरीबों की चिंता करने वाली सरकार है।

# 'लव ऑल' इस इमोशनल कहानी में है दम, केके मेनन के साथ आप फिल्म को भी करेंगे लव

केके मेनन की फिल्म लव ऑल एक स्पोर्ट्स ड्रामा है. बैडमिंटन कोर्ट की कहानी. लेकिन साथ ही इसमें एक परिवार है और पिता–पुत्र का इमोनशल उतार–चढ़ाव भी. यह खेलों में राजनीति पर भी कुछ बेहद जरूरी सवाल करती है. लव ऑल देखने योग्य फिल्म है, जो याद रह जाती है.

Love All Movie Review: सवाल यह है कि जो नेता खेल के मैदान में उतर तक नहीं सकते, वे देश में इसके कर्णधार बन जाते हैं. कुश्ती से क्रिकेट तक खेल संघों की सत्ता संभालते हैं. कई बार उनके निजी स्वार्थ खेल और खिलाड़ी से बड़े हो जाते हैं. लव ऑल इसी मुद्दे की बात करती है, लेकिन इमोशनल कहानी के साथ. इसके केंद्र में देश में सबसे तेजी से लोकप्रिय हो रहा खेल बैडमिंटन है. कहानी ऐसे बैडमिंटन चैंपियन सिद्धार्थ शर्मा (केके मेनन) की है, जिससे खेल की राजनीति करने वालों ने उसका उज्ज्वल भविष्य छीन लिया. सिद्धार्थ अब रेलवे में नौकरी करने वाला साधारण शख्स है. उसका छोटा–सा परिवार है. सिद्धार्थ नहीं चाहता कि उसका बेटा खेल के मैदान में भी उतरे. लेकिन कई बार नियति, निराले ही खेल रचती है.

### अलग–अलग मिजाज

भोपाल ट्रांसफर होने के बाद सिद्धार्थ के बेटे आदित्य (अर्क जैन) का एडमीशन स्कूल में होता है. संयोग से यहां वह बैडमिंटन खेलना शुरू करता है. सिद्धार्थ को यह बात पता नहीं, परंतु मां जया (श्रीस्वरा दुबे) और सिद्धार्थ के बचपन का दोस्त विजू (सुमित अरोड़ा) आदित्य को सपोर्ट करते हैं. भोपाल में बैडमिंटन सब–जूनियर नेशनल चैंपियनशिप होती है. इससे पहले सिद्धार्थ को पता चल जाता है कि आदित्य बैडमिंटन खेलता है. अब पिता का क्या रुख होगा ? यहां से कहानी का मिजाज बदलता है. लेखक–निर्देशक सुधांशु शर्मा ने लव ऑल पर मजबूत पकड़ रखी है. उन्होंने इसे कसावट के साथ लिखा और खूबसूरती से फिल्माया है.

### सवाल जीने–मरने का

बीते कुछ समय में आम तौर पर स्पोर्ट्स





बायोपिक सामने आई हैं. लव ऑल का लेवल अलग है. यह खेल में होने वाली राजनीति पर तीखे सवाल करती हुई, बताती है कि खिलाड़ी उससे कितने भावनात्मक ढंग से जुड़ा होता है. खेल उसके लिए खेल नहीं, बल्कि जीने–मरने का सवाल है.

इस शिद्दत के बावजूद वह अपने अंदर इस भावना को बनाए रखता है कि सामने वाला प्रतिद्वंद्वि भी सिर्फ खिलाड़ी है, दुश्मन नहीं. राजनीति करने और जनता के पैसों से बनी इमारतों के फीते काटने वाले शायद इस बात को कभी नहीं समझ सकते.

### कास्टिंग और एक्टिंग

लव ऑल की खूबसूरती इसके भावुक पक्ष के साथ, बैडमिंटन कोर्ट भी है. चैंपियनशिप के लीग स्तर के मैच हों या फाइनल, आपको लगता नहीं कि सामने अभिनय चल रहा है. आप महसूस करते हैं कि कोई राष्ट्रीय स्तर का मैच देख रहे हैं. लेकिन टीवी पर होने वाले टेलीकास्ट जैसा नहीं, बल्कि असली. सुधांशु शर्मा ने ऐक्टरों के रूप में असली खिलाड़ियों को लिया और इससे फिल्म का स्पोर्ट्स वाला हिस्सा आकर्षक बना है. जहां तक कास्टिंग और एक्टिंग की बात है, तो दोनों फिल्म को मजबूत बनाते हैं. केके मेनन की खूबी यही है कि फिल्म के हर फ्रेम में भले न दिखें, परंतु जब स्क्रीन पर आते हैं, मजबूत उपस्थिति दर्ज कराते हैं.

### केके का संतुलन

टूटे–बिखरे सपनों को लेकर जीने वाले सिद्धार्थ के रूप में केके मेनन जितने सहज लगते हैं, उतने ही संतुलित वह उस पिता के रूप में दिखते हैं, जो बेटे के हक में लड़ने के लिए खड़ा होता है. श्रीस्वरा दुबे पत्नी और मां की भूमिका में सुंदर हैं. सिद्धार्थ की पूर्व प्रेमिका के रूप में स्वास्तिका मुखर्जी का किरदार छोटा होने के बावजूद असरकारी है. केके मेनन के साथ पर्दे पर उनकी एक ही मुलाकात है, लेकिन वह महत्वपूर्ण है. सुधांशु शर्मा ने इस ट्रेक को बेवजह न खींचकर, कहानी को फिल्म बनने से बचाया है. अर्क जैन बेटे और बैडमिंटन खिलाड़ी, दोनों ही रूपों में पर्दे पर सफल रहे हैं.

### परिवार के साथ

लव ऑल वास्तव में एक पारिवारिक–स्पोर्ट्स ड्रामा है. जिसमें सुधांशु शर्मा ने खेल के साथ भावनाओं को भी खूब जगह दी है. कुछ मौके ऐसे भी आते हैं, जहां आपकी आंख नम हो जाती है. निश्चित रूप से इस फिल्म को आप परिवार के साथ देख सकते हैं. आप खुद भले न खेलते हों, परंतु इस कहानी से आपको दूरी महसूस नहीं होगी. ऐसी फिल्में कम बनती हैं. अगर यह फिल्म आपके शहर में लगी है, तो देख सकते हैं. वर्ना इस बात पर नजर रखें कि यह ओटीटी पर कब आएगी.